फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक 212, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवे 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045




# केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

**कैबिनेट के फैसले**



- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

**उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी**

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14 .2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

# छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

## सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

**इन्हें फांसी की सजा...:** बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

**एक नजर**

### आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9 :34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

# बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

**कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा**

**श्रीनगर।** कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत छह ठिकानों पर ईडी का छापा

## भाई-पिता के अलावा सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, आय बिना 282 प्रतिशत संपत्ति बढ़ने के साक्ष्य
- टीम इरफान के घर ले गई थी फोटो कॉपी और कटर मशीन तिजोरी, लॉकर काटे गए

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। वसूली, सरकारी और निजी संपत्तियों समेत नजूल की जमीनों पर कब्जा, अवैध निर्माण के साथ ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। विधायक पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शहर पहुंचीं। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान थे। आठ से ज्यादा गाड़ियों से ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। किसी को अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया गया।

छापेमारी के दौरान आई घर की नौकरानी और दूध वाले को वापस कर दिया गया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। आवास के सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए गए। नौकरों के फोन ले लिए गए। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। कटर मशीन से तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी के घर पहुंची।

ईडी के सदस्यों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग-अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक छह स्थानों पर ईडी की पूछताछ और कार्रवाई जारी थी।

# तौकीर रजा प्रकरण : बरेली पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 11 मार्च को मामले में सुनवाई से पहले धार्मिक नेताओं से बातचीत के निर्देश

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा खान से जुड़े मामलों पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है।

ऐसे में बरेली पुलिस-प्रशासन से शांति-व्यवस्था बहाल रखते हुए तौकीर केस की 11 मार्च को होने जा रही अगली सुनवाई से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए रखने की भी उम्मीद की गई है। बुधवार को बरेली कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को 2010 की सांप्रदायिक हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सत्ता के पदों पर बैठे लोगों को धार्मिक व्यक्ति होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर प्रशंसा की। कोर्ट ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है, न कि विलासिता में जीने का। दरअसल, पिछले दिनों भी तौकीर रजा ने उत्तराखंड में सीएए लागू होने के बाद बरेली में समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया था। इस बीच लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीएए कानून लागू होने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व शांति बनाए रखने को लेकर यूपी पुलिस पूरी तरह तैयार है। बुधवार को ही पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। डीजीपी ने कहा कि, हमारी तैयारी हमारी ट्रेनिंग का पार्ट है, हम ट्रेनिंग में इतना पसीना बहा रहे हैं कि खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। हमारी फील्ड फोर्स, हमारे उपकरण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

# रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त



**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

# पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

# यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

**व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद**

# कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**संघर्ष की मिसाल**



- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

**अमृत विचार :** जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# 1792 में से 730 विद्यालयों में बिजली नहीं

## कायाकल्प योजना के तहत होना था विद्युतीकरण लेकिन तीन साल में भी पूरी नहीं हुई कवायद



तारुन का प्राथमिक विद्यालय कनपुरिया जर्जर व बिन बिजली। अमृत विचार

**अव्यवस्था**

▸▸ **इस सत्र में भी बिजली विहीन स्कूलों के छात्र - छात्राएं झेलेगें संकट**

**कमर अब्बास, अयोध्या**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना के तहत विघुतीकरण होना था। बेसिक शिक्षा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन की रस्साकसी के बीच अटकी इस महत्वाकांक्षी योजना में 1792 परिषदीय विद्यालयों में से 730 आज भी बिन बिजली के हैं। विभाग का कहना है कि अधिकतर में खंबे और वायरिंग हो गई है लाइन नहीं खींची गई है।

स्कूलों में विघुतीकरण के चलते आरओ वॉटर संयंत्र, इंसीनरेटर आदि की सुविधा भी उपलब्ध होनी थी जो नहीं हो सकी। निर्देश था कि जिले के सभी बिजली विहीन विद्यालयों में से विद्युत पोल से 40 मीटर से कम दूरी वाले और पोल से 40 मीटर से अधिक दूरी वाले विद्यालयों की अलग-अलग सूची तैयार कर ली जाए। ऐसे सभी विद्यालयों में बिजली कनेक्शन के लिए झटपट पोर्टल पर आवेदन कराया जाए लेकिन अभी तक प्रक्रिया नहीं पूरी हुई। विद्युत विभाग से हुई वार्ता में तय हुआ था कि कनेक्शन के लिए आवेदन प्रधानाध्यापक करेंगे।

बिल भुगतान की जिम्मेदारी विद्यालय स्तर पर होगी। इसके साथ ही पोर्टल पर आवेदन में विद्यालय स्थल के वैध उपयोग के प्रमाण पत्र के लिए जरूरी कागज भी लगते हैं। इसके लिए तय हुआ है कि कनेक्शन के लिए बीएसए अपने स्तर से सभी बिना बिजली कनेक्शन वाले विद्यालयों के नाम, ब्लॉक की सूची प्रमाणित करके अधिशासी अभियंता को भेजेंगे। हुआ कुछ नहीं। 'अमृत विचार' की ओर पड़ताल कराई गई तो अधिकतर स्कूल बिजली विहीन निकले।

## 153 में हुई वायरिंग, 139 में कनेक्शन



बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय से होकर गई लाइन लेकिन कनेक्शन नहीं।

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** कायाकल्प योजना के तहत बीकापुर शिक्षा क्षेत्र में 14 विद्यालयों में ही वायरिंग का काम हुआ है। इनमें भी विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ है। पंखा व एलइडी भी नहीं लग सके हैं। इनमें 4 जूनियर व 10 प्राथमिक विद्यालय हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में कुल 153 विद्यालयों में कायाकल्प योजना के तहत विद्युत कनेक्शन होना था। योजना के तहत सभी 153 वायरिंग का काम पूरा हो गया है। 139 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन हो है। कहा कि विद्यालय से 40 मीटर से ज्यादा दूरी पर खंभे लगे हैं, इसलिए अभी तक 14 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है।

### पूराबाजार और तारुन क्षेत्र में भी स्थिति ठीक नहीं

**पूरा बाजार, अयोध्या,** अमृत विचार : शिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार के 132 परिषदीय विद्यालय हैं। चार विद्यालय को छोड़कर सभी में कायाकल्प योजना के तहत विद्युत कनेक्शन के साथ वायरिंग, बल्ब व पंखे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया प्राथमिक विद्यालय सुक्खापुर इटौरा, प्राथमिक विद्यालय पठखौली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुक्खापुर इटौरा सहित चार विद्यालयों में अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ है। वहीं शिक्षा क्षेत्र तारुन अंतर्गत दर्जनों स्कूलों में वायरिंग अभी तक नहीं हुई है।

**मसौधा में 133 स्कूल, 3 में कनेक्शन नहीं**

मसौधा, अयोध्या, **अमृत विचार :शिक्षा क्षेत्र मसौधा में कुल 133 विद्यालय हैं। जिसमें 83 प्राथमिक विद्यालय, 16 जूनियर व 34 कंपोजिट विद्यालय हैं। तीन प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं है खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पटल सहायक शिवाकांत तिवारी ने बताया कि जिन तीन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ है। उसमें एक ग्रामीण क्षेत्र का, एक नगर निगम व एक नगर पंचायत भदरसा क्षेत्र में है। विद्युत कनेक्शन के लिए इस्टीमेट शासन को विद्युत विभाग के माध्यम से भेजा गया है।**

### 12 से अधिक स्कूल बिन बिजली के संचालित

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के 12 स्कूल ऐसे हैं जहां अभी तक बिजली का कनेक्शन ही नहीं है। बल्ब व पंखे तो हैं लेकिन बिना कनेक्शन के शो पीस बने हैं। हैरिंग्टनगंज खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि विद्युत पोल दूर होने की वजह से कनेक्शन नहीं हो पाए हैं। विभाग को लिखा गया है, जैसे ही विद्यालय के समीप विद्युत पोल लगेंगे, कनेक्शन हो जाएगा।


मिल्कीपुर का प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर।

### चुनाव व गर्मी के लिए विद्यालय नहीं तैयार

लोकसभा चुनाव और गर्मी को लेकर अमृत विचार की ओर कराई गई पड़ताल में मतदान केंद्र बनने वाले परिषदीय विद्यालयों की हकीकत सामने आई है। चंद दिनों बाद गर्मी शुरू होगी। इन स्कूलों को मतदान केंद्रों के रूप में भी सुसज्जित किया जाना है। ऐसे में बिजली विहीन स्कूल संकट बन सकते हैं।

"परिषदीय विद्यालयों में विद्युतीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अधिकतर विद्यालयों में कनेक्शन हो गए हैं। जहां नहीं है वहां शीघ्र व्यवस्था सुचारू हो जाएगी। **–संतोष कुमार राय,** बीएसए"

## दो गिरफ्तार,8 बाइक व तमंचा-कारतूस बरामद

**बड़ागांव, (अयोध्या) अमृत विचार :** बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह ने रौनाही थाना क्षेत्र के पिरखौली गाँव के चारागाह स्थित बंसवारी में चोरी की बाइकों को छिपाने के लिए गोदाम बना रखा था। इसका पर्दाफाश गुरुवार को बाइक सवार दो संदिग्धों से पूछताछ में हुआ है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की आठ बाइक और तमंचा-कारतूस बरामद किया है।

सत्तीचौरा चौकी प्रभारी अरविंद पाठक ने बताया कि इनकी पहचान थाना क्षेत्र के दक्षिण पारा निवासी मोहित पांडेय व हरिबंधनपुर निवासी प्रमोद पांडेय के रूप में हुई है। थाने के प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि दोनों ने छह फरवरी को बाराबंकी के थाना रामसनेहीघाट के गांव भिखरपुर से तथा अन्य क्षेत्रों से भी बाइक चोरी की बात कबूली है। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

## खंडासा थाना प्रभारी बदले, दो अपराध निरीक्षकों को मिली तैनाती

**अयोध्या, अमृत विचार :** आयोग के निर्देश पर एसएसपी ने गुरुवार को दो निरीक्षक व 25 उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया। खंडासा थाने का प्रभारी बदला गया है। कई चौकी प्रभारियों में फेरबदल किया है।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने रौनाही थाना पर तैनात उपनिरीक्षक विवेक सिंह को खंडासा थाने का नया प्रभारी बनाया है। यहां का प्रभार देख रहे मनोज यादव को एंटी थेफ्ट सेल में प्रभारी तैनात किया है। निरीक्षक संतोष उपाध्याय को कोतवाली नगर से निरीक्षक अपराध थाना तारुन और पुलिस लाइंस में तैनात निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह को निरीक्षक अपराध थाना कैंट बनाया है। वहीं पूर्व में हुए तबादला आदेश में संशोधन करते हुए सिविल लाइंस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी चौक, सुरेश गुप्ता को चौकी प्रभारी सिविल लाइंस, चौकी प्रभारी रिकाबगंज राम प्रकाश सिंह को कोतवाली बीकापुर में तैनात किया है। उपनिरीक्षक रजत पांडेय को चौकी प्रभारी रामनगर, विकास गुप्ता को अलीगढ़, हवाई पट्टी चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सहादतगंज, सुरेश कुमार पटेल को औद्योगिक क्षेत्र, जितेंद्र सिंह को मीरनघाट, एयरपोर्ट सुरक्षा ड्यूटी से अजीत कुमार पासवान को चौकी संयुक्त निदेशालय दर्शननगर व महेंद्र प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी हवाई पट्टी, स्वतंत्र मौर्या को चौकी प्रभारी भदरसा, प्रवीण मिश्रा को हैरिंग्टनगंज, सत्तीचौरा चौकी प्रभारी अनुराग पाठक को चौकी प्रभारी सुचितागंज बनाया है। देवपाल सिंह को प्रभारी विधि प्रकोष्ठ, राकेश चंद्र को एसएसपी का पेशी, प्रमोद कुमार गुप्ता व दीनेंद्र सिंह को आरजेबी सुरक्षा ड्यूटी भेजा है।

## बेटे ने ही की थी मां की हत्या, गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या**



**अमृत विचार :** खंडासा पुलिस ने सोमवार को हुई बुजुर्ग रघुराजी की हत्या का गुरुवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस का दावा है कि वृद्धा के बड़े बेटे ने ही फावड़े के बेट से पीट-पीट कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी बेटे गुड्डू पुत्र धर्मराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**शिकंजा**

▸▸ **पुलिस ने किया खुलासा, शराब को लेकर हुए विवाद के बाद वारदात को दिया था अंजाम**

क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बेटे ने मां को शराब पीने से मना किया, जिससे दोनों में विवाद हुआ। उसके बाद बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने दो दिन तक पुलिस को उलझाए रखा।

घटना में इस्तेमाल हुए फावड़े के बेंट को भी बरामद किया। थाना खण्डासा क्षेत्र के गदुरही बाजार में सोमवार को खून से लथपथ रघुराजी का शव मिला था। मृतका की बेटी महिमा ने खंडासा थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष मनोज यादव ने पुलिस टीम के साथ गदुरही बाजार के समीप से आरोपी गुड्डू (22) पुत्र धर्मराज को पकड़ा। पूछताछ करने पर गुड्डू ने मां की हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस के अनुसार आरोपी गुड्डू ने पुलिस को यह भी बताया कि आए दिन मां शराब पीती थी, मना करने पर झगड़ा-लड़ाई करती थी। वारदात वाले दिन भी शराब पीने से मना करने पर विवाद हुआ था।

**एक नजर**

### 62 सहायिका बनीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में 62 सहायिकाओं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति की गई ।अभी भी 47 पद रिक्त रह गए हैं। डीपीओ एके त्रिपाठी ने गुरुवार को बताया कि पात्रपाई गई 62 सहायिकाओं की नियुक्ति कर दी गई है। शेष पर विज्ञापन से नियुक्ति की जाएगी।

### ओवरलोड व बकाए में 21 वाहनों पर कार्रवाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह ने बाराबंकी व अयोध्या के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री कर अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई की। इसमें बाराबंकी में ओवरलोड में छह व बकाया कर के अभियोग में तीन वाहनों को बंद किया गया। ओवरलोड के अभियोग में 7 व बकाया में 5 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### होली की तैयारी को लेकर बैठक 15 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डीएम नितीश कुमार की अध्यक्षता में 15 मार्च को शाम 4 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी। इसमें होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर चर्चा होगी। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर सलिल कुमार पटेल ने दी।

### लोक अदालत 9 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद के तत्वावधान में 9 मार्च को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव सुबह 10 :30 बजे करेंगे।

## श्रीराम के आर्थिक चिंतन की प्रासंगिकता पर मंथन

**अयोध्या कार्यालय**



कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में 'श्रीराम का अर्थशास्त्र' पुस्तक के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। अवध विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में एनसीईआरटी, दिल्ली के सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग की शोध परियोजना समन्वयक डॉ. प्रतिमा कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में अन्तर्विषयी स्कूली शिक्षा के लिए वाल्मीकि रामायण में वर्णित 'श्रीराम के आर्थिक चिंतन' एवं उसकी स्कूली शिक्षा में आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने श्रीराम का अर्थशास्त्र विषय पर उनके सकारात्मक संदर्भों से परिचित कराया। प्रो. प्रमोद कुमार दूबे ने बाल्मीकि रामायण एवं रामचरित मानस के प्रसंगों का वर्तमान परिपेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। बलदेवानंद सागर ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों की चर्चा की। डॉ. वेद प्रकाश ने पुस्तक से संबंधित विभिन्न सन्दर्भों की चर्चा की। कार्यशाला को डॉ. रामानंद शुक्ल,प्रो. मंशाराम वर्मा, डॉ. राकेश शुक्ल, भारत संस्कृति न्यास के संजय तिवारी, एमएलसी लखनऊ के अवनीश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. गौरी श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. अमित मिश्र, प्रो. मृदुला मिश्र, रामलाल विश्वकर्मा, विजय कुमार शुक्ल, कुमार मंगलम सिंह एवं डॉ. राजेश्वर मिश्रा सहित कई मौजूद रहे।

## धोबी घाट तालाब पर मिला युवक का शव

**मसौधा,अयोध्या,अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सिड़िहिर गांव के निकट स्थित धोबी घाट तालाब पर गुरुवार सुबह पवन कुमार (30) का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

थाना क्षेत्र के सिड़िहिर गांव निवासिनी सरस्वती मनोहर ने बताया कि उनका बेटा बुधवार देर शाम खाना खाकर टहलने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। परिवार वाले उसकी तलाश में थे। थाना अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम से मौत की वजह पता चलेगी। प्राथमिक पड़ताल में आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।

**सार-संक्षेप**

### प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन


विकास भवन में सीडीओ से मुलाकात करते प्रधान संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कई मांगों को लेकर गुरुवार को सीडीओ से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी ब्लॉकों में मनरेगा के अंतर्गत कराए गए पक्के कार्यों के वाउचर फीडिंग का कार्य नहीं हो पा रहा है। संरक्षक रामचरित यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पूरा अंकुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माया केसरी यादव, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह, अमानीगंज पवन पांडेय, जिला सचिव रवि वर्मा मुकुल आनंद आदि मौजूद रहे।

### अम्बेडकरनगर के भाजपा प्रत्याशी का किया स्वागत


भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोसाईगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज कस्बे में गुरुवार को अम्बेडकरनगर से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय का रामबली नेशनल स्कूल के पास चेयरमैन विजयलक्ष्मी जायसवाल व प्रदीप जायसवाल की अगुवाई में भाजपाइयों ने स्वागत किया। राममोहन भारती, गुड्डू जायसवाल, अशोक वर्मा, पंकज सिंह आदि रहे।

### 13 करोड़ की 36 योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण


विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण करते रुदौली विधायक।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मां कामख्या नगर पंचायत में 13 .20 करोड़ की लागत की 36 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण गुरुवार को विधायक रामचंद्र यादव ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचने का प्रयास कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, ईओ निखिलेश मिश्रा, सुग्रीव दास महाराज, डूडा जेई संदीप, सभासद राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

### बच्चे हमारे देश का भविष्य : अभय


प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि विधायक अभय सिंह।

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन के गुरुवार को गीता महिला महाविद्यालय में हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। आज सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में न्यायपंचायत वार निपुण बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। कक्षा-4-8 के बच्चों के मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीइओ शैलजा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. रजनी रंजन जायसवाल, मुकेश मिश्रा, संतोष, विपिन सिंह आदि रहे।

## बाइक चोर गिरोह पर गिरोहबंद की कार्रवाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने 10 बाइक के साथ गिरफ्तार एक बाइक चोर गिरोह के खिलाफ गिरोहबंद अधिनयम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय का कहना है कि छानबीन में पता चला कि मोहम्मद साहिल ने एक संगठित गिरोह बना रखा है। दर्ज मामलों की विवेचना में भी आरोप साबित होने पर आरोपपत्र दाखिल किया गया है और जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद दोनों के खिलाफ नगर कोतवाली में गिरोहबंद अधिनियम के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले को विवेचना निरीक्षक देवेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

## राजस्थानी भवई ने जीता दिल

**अयोध्या कार्यालय**


रामकथा पार्क में बुधवार आयोजित संध्या में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में बुधवार शाम सुरों से श्रीराम की आराधना गोरखपुर से आए बृज बिहारी दुबे और उनके साथियों ने प्रस्तुत की। अपने घर आईके रघुराईं" के बोलो ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को जीवंत कर दिया।

लखनऊ से आईं प्रख्यात भजन गायिका विजयलक्ष्मी और उनके दल ने उपस्थित दर्शकों को भक्तप्रवर हनुमान जी की वंदना- बजरंगी लाए खबरिया गाकर विभोर कर दिया। राम लखन बसे मेरी कुटिया में भक्तों के भाव छलक रहे थे तो होली खेले रघुबीरा अवध में होली के मर्यादित रूप में रामजी का आदर्श सभी को मोह रहा था।

बाड़मेर राजस्थान से आए जगदीश पंचारिया के दल ने भवई नृत्य प्रस्तुत करके राजस्थान की लोक कला के रंग मंच पर बिखेरे। महिला कलाकार ने सिर पर 10 घड़े रखकर नंगे पैर नुकीले कीलों पर खड़े होकर नृत्य किया तो पांडाल तालियों से गूंज उठा। टूटे कांच के टुकड़ों, परात,शीशे के दो गिलास पर,गिलास पर तश्तरी के ऊपर गिलास पर नृत्य करके सभी को विस्मित किया। सोनू सेन, पुष्कर प्रदीप,जानकी गोस्वामी प्रकाश और बाबू खां सहयोगी कलाकार रहे। वृंदावन से आए आशीष सिंह के दल ने लोक नृत्यों पर लोक भजनों के माध्यम से नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। लखनऊ से आईं निशु त्यागी के दल ने केवट प्रसंग,शबरी मिलन जैसे भावुक प्रसंगों को मंचित करके दर्शकों की आंखे सजल कर दी। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी के निर्देशन पर कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।


नुकीले तारों पर नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।

**आस्था** श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ते ही पांच से 10 क्विंटल हो गई लड्डुओं की ब्रिक्री

## हनुमानगढ़ी पर अब पहले से ज्यादा चढ़ने लगा लड्डू

**सत्यप्रकाश, अयोध्या**

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होते ही लड्डुओं की ब्रिक्री में भारी उछाल आया है। पहले से दो गुना रोज करीब 10 क्विंटल लड्डू अयोध्या हनुमानगढ़ी पर चढ़ाया जाने लगा है। इन लड्डुओं को प्रसाद के रूप में वितरण कराने के लिए हनुमानगढ़ी से जुड़े 650 संत-महंतों के स्थान पर भेजा जा रहा है।


कारखाने में लड्डू तैयार करते कर्मचारी। अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के बाद सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। बेसन, चीनी और देसी घी से बने विशेष लड्डू प्रसाद को चढ़ा रहे हैं। मंदिर के पास लगभग 100 दुकानें संचालित हैं। इसके अलावा लड्डुओं की आपूर्ति करने के लिए 12 से अधिक कारखाने चलने लगे हैं। लड्डू व्यापारी कन्हैया गुप्ता ने बताया कि रोज करीब 10 क्विंटल लड्डुओं की ब्रिकी हो रही है। व्यवसायी नंद लाल गुप्ता ने बताया कि देसी घी के लड्डू हनुमानगढ़ी पर चढ़ाए जाने के निर्णय से अयोध्या को एक अलग पहचान मिली है। कारखाने में लड्डू तैयार करने के लिए छह कारीगरों को लगाया गया है। जिसमें दो कारीगर बड़ी कढ़ाई में लड्डू को तैयार करने के लिए मटेरियल बनाते हैं तो अन्य कारीगर तैयार माल को ठंडा होने के बाद बांधते हैं। पंचायती अखाड़ा हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास ने लड्डू विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि हनुमानगढ़ी पर सिर्फ शुद्ध देसी घी से बने लड्डू ही चढ़ाई जाएंगे। अगर कोई ऐसा करता नहीं पाया गया तो दुकान को बंद करा दिया जाएगा।

### रोज डेढ़ लाख भक्त कर रहे दर्शन

हनुमान गढ़ी के पुजारी रमेश दास बताते हैं कि सिद्धपीठ हनुमान गढ़ी पर रोज करीब डेढ़ लाख भक्त दर्शन करते हैं। कहा कि राम मंदिर पर किसी भी प्रकार का प्रसाद चढ़ाने की अनुमति नहीं है, इसलिए हनुमान गढ़ी पर आने वाला हर भक्त बजरंगबली को लड्डू को चढ़ाता है। हनुमानगढ़ी पंचायती अखाड़ा में चार पट्टी और 650 स्थान हैं। इन स्थानों से जुड़े हरभक्त को बजरंगबली का प्रसाद दिया जाता है।

## होटल सुपरवाइजर व स्टॉफ के खिलाफ चोरी का केस

**अयोध्या, अमृत विचार :** देवकाली क्षेत्र स्थित एक होटल से श्रद्धालु की दो लाख की नकदी चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने होटल के सुपरवाइजर और स्टाफ के खिलाफ अयोध्या कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिल्ली और गाजियाबाद निवासी 15 लोगों का एक दल रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए बुधवार को आया था। यहां अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के देवकाली हाईवे किनारे स्थित होटल में रुका था। दल के सदस्य गाजियाबाद के कोतवाली घंटाघर स्थित अर्जुननगर निवासी मनोज कुमार गर्ग का कहना है कि गुरुवार को समूह के सभी सदस्य दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या चले गए। वापस लौटे तो सामान कमरे के बाहर मिला। दो लाख रुपये गायब थे। शिकायत होटल के प्रबंधक धनजय वर्मा से की तो उन्होंने टालमटोल कर दी। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगलवाए जा रहे है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### बीईओ तारुन के खिलाफ जांच के आदेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से दी गई शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक राजितराम त्रिपाठी ने तारुन खंड शिक्षा क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा मिश्रा के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बीईओ को तत्काल प्रभाव से अम्बेडकरनगर के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। बता दें कि एक शिक्षक के वायरल वीडियो आदि को लेकर उसके निलंबन के बाद संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी थी।

### आज धूमधाम से निकलेगी शिव बारात

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भक्त प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। देर शाम भगवान सिंह बारात निकल जाएगी। नागेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी सभापति तिवारी ने बताया कि बारात राम पथ से होते हुए छीरेश्वर नाथ तक जाएगी जहां आरती व स्वागत के बाद वापस मंदिर पहुंचेगी जहां वैदिक आचार्य विवाह को संपन्न करेंगे।

### 47 सौ छात्रों ने दी सोशल साइंस की परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीबीएसई 10 वीं सोशल साइंस विषय की परीक्षा जिले में गुरुवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इसमें करीब 4700 विद्यार्थी शामिल हुए। सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई पर्यवेक्षक की मौजूदगी व सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में हुई। आज शुक्रवार को 12 वीं कक्षा की मैथ्स विषय की परीक्षा होगी।

### सरयू में मिला अधेड़ का शव

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना के निर्मलीकुंड क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक मजदूर का शव सरयू में उतराता मिला है। वह दो दिन पूर्व मेहनत मजदूरी के लिए घर से निकला था। शव की शिनाख्त आशिक अली (49) पुत्र युसुफ़ अली निवासी बछड़ा सुल्तानपुर कोतवाली नगर के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्या का कहना है कि कोई शिकायत नहीं मिली है।

# बिजली विभाग ही डिफाल्टर, 4 करोड़ बकाया

## पराग डेयरी पर भी 75 लाख रुपये से अधिक की है बकाएदारी

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** बिजली का बिल न जमा करने पर सरकारी चाबुक चलाने वाला बिजली विभाग ही सबसे बड़ा बकाएदार है।

अयोध्या नगर निगम बनने के बाद से आज तक कर की अदायगी नहीं की है। 4 करोड़ रुपये से भी अधिक का बकाएदार होने के बावजूद बिजली विभाग के तेवर नरम नहीं हैं। वह हर महीने नगर निगम के 1.10 करोड़ लखनऊ से ही कटवा लेता है। बड़े बकाएदारों में 75 लाख रुपये की बकाएदारी पराग डेयरी पर भी हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति की तिथि नजदीक आते ही नगर निगम ने गृह व जलकर जमा कराने की वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। प्रभारी नगर आयुक्त आईएएस अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कुंडलियां खंगालने का निर्देश दिया जिसमें सामने आया कि कई विभाग हैं, जिन्होंने नगर निगम बनने के बाद से कर नहीं जमा किया है।



नगर निगम का गेट। अमृत विचार

### विभाग बकाया (रुपये में)

- साकेत महाविद्यालय 48 लाख
- लोक निर्माण विभाग 40 लाख
- निबंधन विभाग 16 लाख
- जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान 20 लाख
- आबकारी विभाग 22 लाख

(जिला पर्यटन अधिकारी की ओर से साकेत होटल का 3.50 लाख रुपये कर जमा करा दिया गया है। सरयू होटल का पांच लाख 81 हजार 256 रुपये बकाया है।)

### छूट का मौका मिलते ही मार दिया चौका

नगर निगम ने बड़े बकाएदारों को कर जमा कराने के लिए 10 प्रतिशत छूट का प्रावधान निकाला गया था। इसका लाभ लेते हुए जिला पुरुष व महिला अस्पताल ने 83 लाख, पुलिस विभाग 55 लाख, जीएसटी 9.50 लाख, कलेक्ट्रेट 36 लाख, जिला पंचायत 22 लाख, मेडिकल कॉलेज 35 लाख, आईटीआई 10 लाख, बीएसएनएल 25 लाख, अवध विवि 38 लाख, अयोध्या विकास प्राधिकरण 10.50 लाख व होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज ने 1.77 लाख रुपये का कर जमा करा दिया।

### लगेगा 12 प्रतिशत ब्याज व होगी कार्रवाई



"नगर निगम के चीफ टैक्स अफसर गजेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली विभाग और पराग डेयरी बड़े डिफाल्टर हैं। कई और विभागों का बकाया है। माह के अंत तक कर न जमा करने वालों की बकाए की राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज लगा दिया जाएगा। साथ ही निगम की ओर से विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।"
–**गजेंद्र सिंह,** चीफ टैक्स अफसर, नगर निगम

# राजधानी कूच की तैयारी में जुटे किसान

फॉलोअप

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** एयरो सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण का मामला तूल पकड़ रहा है। आंदोलित किसानों ने जमीन न देने को महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण को लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलने लखनऊ जाएंगे।

ग्राम पंचायत सरेठी व रामदत्तपुर अटरावां की खेती की जमीनें हैं। ददेरा, बैसिह, कुशमाहा ग्राम पंचायत की कुछ की खेती की जमीन और कुछ अन्य है। बताया जाता है कि पांचों ग्राम पंचायत की कुल मिलाकर करीब 300 एकड़ जमीन एयरोसिटी के लिए विकास प्राधिकरण ने लेने के लिए तैयारी की है। सरेठी के प्रधान रक्षा राम यादव ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया गया। रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव, ददेरा के प्रधान प्रतिनिधि लल्लन प्रसाद पासवान ने बताया कि किसान जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं। रामदत्तपुर अटरावां की महिला किसान श्याम देवी, रामदुलारी, शिव कुमारी, प्रेमलता, कमलेश कुमारी, श्यामा देवी चौहान, सुघरा देवी ने कहा कि जीविका का साधन केवल खेती है। जमीन तो नहीं देंगे उसके लिए चाहे जो करना पड़े। हम लोग सब करने के लिए तैयार हैं।


पूराबाजार क्षेत्र का प्रभावित होने वाला रामदत्तपुर अटरावां इलाका। अमृत विचार

"सार्वजनिक नोटिस दिया जा चुका है। जहां तक आन्दोलन की बात है ऐसा कुछ नहीं। किसानों से टीम द्वारा निरंतर संवाद किया जा रहा है। शासकीय नियमों के तहत ही प्रक्रिया होगी।" –**सत्येंद्र कुमार सिंह,** सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण

### यह है कहना

- अधिग्रहण से कोई नोटिस या सूचना नहीं दी गई, जबकि हम लोग कृषि भूमि के स्वामी हैं।
- भूमि अधिग्रहण किस प्रयोजन के लिए की जा रही है अब तक अज्ञात हैं।
- ऑनलाइन वायरल नोटिस के अनुसार हम लोगों के आवासीय भूखण्ड की क्या स्थिति होगी ज्ञात नहीं है।
- अधिग्रहण के एवज में हम लोगों को मुआवजा की धनराशि का मूल्यांकन क्या होगा ज्ञात नहीं है।
- भूमि अधिग्रहण पर हमारे परिवार के किसी शासकीय सेवा में स्थान दिया जाएगा ज्ञात नहीं।

### 53439 ने दी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में गुरुवार को कुल 53430 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 3794 ने परीक्षा छोड़ दी। कंट्रोल रूम की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रथम पाली की हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान में कुल 39682 उपस्थित हुए जबकि 2350 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर की फल एवं खाद्य संरक्षण की परीक्षा में कुल 847 उपस्थित हुए जबकि 19 ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली हाईस्कूल की सिलाई में कुल 82 उपस्थित हुए पांच गैरहाजिर रहे। इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान व समाज शास्त्र की परीक्षा में 28240 उपस्थित हुए और 1420 ने छोड़ दी। कहीं नकल नहीं पाई गई।

# सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी की एलएलबी परीक्षा निरस्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर गुरुवार को परीक्षा समिति की आपात बैठक हुई। विवि के मीडिया प्रभारी विजेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में 27 फरवरी को विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं, पं. महाराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान, मटेराकला, बहराइच द्वारा आन्तरिक परीक्षक शैलेंद्र कुमार शुक्ला (आंतरिक परीक्षक) को सूचित किए बिना ही मोबाइल नम्बर बदलकर भूगोल विषय की प्रायोगात्मक परीक्षा प्रकरण पर प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया।

सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में 27 फरवरी को प्रथम पाली की परीक्षा में सामूहिक नकल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के प्रकरण पर कुलपति ने जांच समिति गठित की थी। जांच समिति की रिपोर्ट पर परीक्षा समिति ने सिटी लॉ कॉलेज की 27 फरवरी को प्रथम पाली की विधि त्रिवर्षीय पंचम सेमेस्टर एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, विधि पंचवर्षीय पंचम सेमेस्टर पोलिटिकल सांइस एवं विधि पंचवर्षीय नवम् सेमेस्टर इन्वायरनमेटल लॉ प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है। यह निरस्त परीक्षाएं पुनः यथाशीघ्र सम्पन्न कराई जाएगी।

### सख्ती

- **27 फरवरी को हुई थी परीक्षा सामूहिक नकल में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति का फैसला**
- **पं. महाराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान, मटेराकला, बहराइच की स्नातक भूगोल विषय की प्रायोगात्मक परीक्षा भी निरस्त**

### 6 साल तक परीक्षा केंद्र नहीं बनेगा, दो लाख का अर्थदंड

बैठक में फैसला लिया गया कि सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी को छह वर्षो तक परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जायेगा। केन्द्राध्यक्ष, आन्तरिक सचल दल एवं परीक्षा कक्ष निराक्षकों को भी छह वर्षों तक परीक्षा सम्बन्धी कार्यों से प्रतिबन्धित किए जाने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय की छवि धूमिल होने तथा उक्त प्रथम प्रथम पाली की निरस्त एलएलबी परीक्षाओं को फिर सम्पन्न कराये जाने में विश्वविद्यालयीय व्यय के दृष्टिगत सिटी लॉ कालेज, बाराबंकी पर दो लाख का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। बैठक में पं. महाराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान, मटेराकला, बहराइच के मामले में कुलपति ने पांच फरवरी को तीन सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया। इस परीक्षा समिति की बैठक में उक्त केन्द्र पर सम्पादित हुई स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर भूगोल विषय की तत्सम्बन्धी प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। उक्त प्रयोगात्मक परीक्षा किसान पी जी कॉलेज, बहराइच केन्द्र पर फिर होगी। परीक्षा समिति की बैठक में समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### झांसी व सहारनपुर मंडल की टीमें जीतीं


राज्य हॉकी प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में संघर्ष करतीं खिलाड़ी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के संयुक्त समन्वय से डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में हो रही राज्य स्तरीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को हुए लीग मुकाबलों में झांसी व सहारनपुर मंडल टीमों ने मैच जीत कर अपना विजय अभियान शुरू किया। पहला लीग मुकाबला झांसी व मिर्जापुर टीमों के बीच खेला गया। इसमें झांसी की मोहिनी ने दो गोल कर टीम को विजय दिलाई। दूसरे मैच में सहारनपुर टीम ने आगरा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से पराजित कर किया। इस मौके पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, प्रतियागिता निदेशक विवेक कुमार, मो. शकील, सीडी सिंह सहित खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### क्राफ्ट व खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के ज्ञानोदय आदर्श शिक्षण संस्थान शिवनगर मिल्कीपुर में गुरुवार को अंतर विद्यालय क्राफ्ट एवं खेल प्रतियोगिता हुई। परी दौड़ में आदित्य पाण्डेय प्रथम, शनि द्वितीय, मेढ़क दौड़ में अनुज प्रथम, कृष्ण कुमार द्वितीय और कंगारू दौड़ में आदर्श, अमन प्रथम, कुकूट युद्ध में आयुष शिवांश प्रथम, बेलन दौड़ में शिवा आदर्श प्रथम, आयुष आरुष द्वितीय प्राप्त किया। क्राफ्ट में आकांक्षा यादव प्रथम, पंखुरी द्वितीय रही। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक बीपी पांडे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।


प्रतियोगिता में पुरस्कृत प्रतिभागी बच्चे।

### शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च


पुलिस अधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते सीआरपीएफ के जवान।

**अयोध्या, अमृत विचार :** आगामी पर्व-त्योहार, मेला व लोकसभा चुनाव को लेकर एडीजी ज़ोन अमरेंद्र सिंह सेंगर से मिली हिदायत के बाद एसएसपी राजकरन नय्यर ने गुरुवार को राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिस लाइंस सभागार में की। वहीं पुलिस ने शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान एसपी देहात एके सोनकर, एसपी सिटी मधुबन सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय समेत सभी सीओ और प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे। वहीं, पुलिस विभाग ने शिव बारात को सुरक्षा घेरे में निकलवाने की योजना बनाई है। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि प्रमुख शिवालयों पर पुलिस फ़ोर्स की तैनाती की जा रही है। भीड़ नियंत्रण को पिकेट ड्यूटी लगाई गई है।

### डिजिटलाइजेशन के विरोध में दिया ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने गुरुवार को प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार डिजिटल उपस्थिति के विरोध के साथ विभिन्न मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, मंत्री प्रेम वर्मा, अवधेश यादव, अखंड प्रताप गौतम, भास्कर आदि रहे।


बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक।

# श्याम दुलारी हत्याकांड में क्लोजर रिपोर्ट निरस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के श्याम दुलारी हत्याकांड में कोर्ट ने विवेचक द्वारा भेजी गई क्लोजर रिपोर्ट को निरस्त करते हुए अग्रिम विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या तिवारी की अदालत ने दिया।

वादी के अधिवक्ता रवि प्रकाश पाठक ने बताया कि 18 मार्च 2016 को महाराजगंज थाना क्षेत्र के बरई पारा गांव में श्याम दुलारी मृत पाई गई। इसकी रिपोर्ट रकौरा गांव निवासी राम जियावन ने राम मूरत, शिव मूरत, रामनयन, फौजदार, सूबेदार निवासी रकौरा राजकुमारी निवासी पलिया रिसाली थाना पूरा कलंदर, मुन्नी देवी निवासी प्रानपुर थाना कोतवाली बीकापुर मायाराम निवासी बल्लीपुर पूरा कलंदर के खिलाफ अपहरण, हत्या तथा जान से मार डालने की धमकी देने की धारा में लिखाई थी। आरोप था कि वादी की चाची श्याम दुलारी को 14 मार्च 2016 को जबरन उठा ले गए। यह लोग उनकी संपत्ति की वसीयत लिखवाना चाहते थे। श्याम दुलारी मृत मिली। वादी ने जिलाधिकारी से शिकायत की तो उन्होंने पोस्टमार्टम करवाने का आदेश दिया लेकिन बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। तब क्लोजर रिपोर्ट निरस्त कर 2 फरवरी 2021 को मामले में अग्रिम विवेचना का आदेश हुआ। विवेचक ने फिर भी विवेचना करके मामले में क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। वादी ने इसका फिर विरोध किया जिस पर कोर्ट ने मामले में अग्रिम विवेचना करने का आदेश दिया है।

### अयोध्या मंडल के एडी हेल्थ होंगे डॉ. सुशील

**अयोध्या, अमृत विचार :** शासन ने स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ चिकित्सकों को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (एडी हेल्थ) के पद तैनात किया है। सूची में अयोध्या जिले के भी वरिष्ठ चिकित्सक हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सईद अहमद को अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, लखनऊ बनाया गया है। जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस रहे डॉ.एनपी गुप्ता को एडी हेल्थ गोरखपुर मंडल भेजा गया है। कानपुर नगर के यूएचएम चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता को अयोध्या मंडल में एडी हेल्थ बनाया गया है। श्रीराम चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश शर्मा को प्रयागराज मंडल का एडी हेल्थ बनाया गया है। डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि आदेश आ गया है।

# आउट रीच कैंप में गांव वालों को किया जागरूक



शिविर में ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सिप्सा लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार ग्राम हाशापुर अयोध्या में आउट रीच कैंप लगाया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा आसपास किस प्रकार स्वच्छता रखे। डॉ. प्रज्ञा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने बाल विकास के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया। इसी दौरान छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस दौरान सीमा तिवारी, स्वतंत्र कुमार त्रिपाठी, मंगलम, प्रिया, अनुष्का, प्रदीप, वात्सल्य, समृद्धि, साक्षी, सुमित सहित अन्य छात्राएं व स्टॉफ भी मौजूद रहा।

### अब हर माह होगी पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों और पेंशनर संघों के साथ गुरुवार को वर्चुअल बैठक की। वित्तमंत्री ने निर्देश दिया कि पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के लंबित प्रकरणों पर विभागीय स्तर पर चर्चा की जाए। प्रत्येक माह की नियत तिथि पर पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक अनिवार्य रूप से की जाए।

मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने सभी कार्यालयाध्यक्षों/आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिदया कि पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक कराई जाए। कर्मचारियों/अधिकारियों के सेवानिवृत्तिक लाभों और समस्याओं का निस्तारण कया जाए। पेंशनरों/पेंशनर संघों के साथ हर माह 15 तारीख को मीटिंग के आयोजन का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

**दोहरी व्यवस्था** — सेना के लिए अधिसूचित भूमि पर तरह-तरह के खेल, अधिसूचित क्षेत्र में निर्माण पर रोक, दूसरी ओर बढ़ावा

# नक्शा नहीं होगा पास, आवासीय बैनामा बरकरार

विशेष खबर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** सरयू के कछार में सेना के लिए अधिसूचित भूमि क्षेत्र में आवासीय रजिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इस पर मकान नहीं बना सकते। एडीए ने इस क्षेत्र में नक्शा पास करने पर रोक लगाई है। सेना के लिए अधिसूचित भूमि पर तरह-तरह के खेल हैं। आम आदमी इस दोहरी व्यवस्था का शिकार हो रहा है। सेना के युद्धाभ्यास के लिए 13391 एकड़ जमीन अधिसूचित है। यह 14 गांवों में फैली है। जमीन के कारोबारियों की नजर इस पर टिकी है। जमीन काश्तकारों की है लेकिन इस पर निर्माण नहीं हो सकता। यह बात दशकों तक कागजों में हैं। कानोकान किसी को जानकारी नहीं हुई या फिर जानकारी नहीं होने दी गई। कई सैक़ड़ा इमारतें बन गईं। अब हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद हलचल शुरू हुई।

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने दो दिसबंर 2023 को सेना के लिए प्राधिकृत इस 13391 एकड़ भूमि पर नक्शा पास न किए जाने की विज्ञप्ति जारी कर दी, लेकिन इस क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त की जा सकती है। यहां तक तो ठीक है। जमीन काश्तकारों की है। जानकार भी यहां तक तो उचित मानते हैं। लेकिन जमीनों की खरीद-बिक्री आवासीय प्लाट के रूप में होना समझ से परे बताते हैं। कहते हैं कि इसके पीछे राजस्व है।

"सेना के लिए अधिसूचित क्षेत्र में आवासीय जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक के लिए कोई आदेश अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। इस क्षेत्र में आवासीय जमीन खरीदने के पहले एक जानकारी कर लें तो बेहतर होगा।" –**राहुल सिंह, उप निबंधक,** तहसील सोहावल

युद्धाभ्यास का पूरा क्षेत्र एडीए के दायरे में है। यदि एडीए ने इस क्षेत्र में नक्शा पास करने से मना कर दिया है तो ऐसे में जमीन की आवासीय रजिस्ट्री पर सवाल स्वाभाविक है। जानकार बताते हैं कि आवासीय जमीन की रजिस्ट्री का मतलब उस जमीन पर आवास का निर्माण प्रस्तावित है। ऐसे में एक ओर सेना के लिए प्राधिकृत क्षेत्र में, जहां निर्माण प्रतिबंधित है। नक्शा पास न करके निर्माण रोका जा रहा है। जबकि आवासीय रजिस्ट्री के जरिए इसे बढ़ावा मिल रहा है। निमार्ण न कए जाने संबंधी कोई बोर्ड फिलहाल नहीं दिखता है। जमीन के कारोबारियों के लिए यह बीच का मार्ग कहा जा रहा है। या यूं कह सकते हैं कि आम आदमी को इस क्षेत्र में जमीन के मामले में उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

### जमीन खरीदने के पहले जानकारी जरूर करें

कुछ महीनों पहले अवैध प्लाटिंग का मामला उठा था। एडीए ने अभियान चलाया। बगैर ले-आउट पास कराए की गई प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया गया। लोग परेशान हुए। एडीए ने लोगों से अपील की थी कि शहरी क्षेत्र में कहीं भी जमीन खरीदने के पहले इसके बारे में एडीए कार्यालय में जानकारी जरूर करें। निर्माण हो सकता है या नहीं। पैसा लगाने के पहले आम आदमी को जानकारी जरूर करनी चाहिए।

# लोकसभा चुनाव में विकास के मुद्दे पर वोट करेगी जनता : सांसद

## प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर सांसद रितेश पांडे का स्वागत


लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के जनपद आगमन पर मौजूद जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।


भाजपा पदाधिकारियों के साथ मौजूद सांसद रितेश पांडे।

जिला संवाददाता, अंबेडकनगर

**अमृत विचार।** अंबेडकरनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर सांसद रितेश पांडे का भव्य स्वागत किया गया। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा क्षेत्र में प्रवेश करने के साथ ही जगह-जगह उनका स्वागत समारोह पूर्वक किया गया। सांसद रितेश पांडे ने विश्वास जताया है कि लोकसभा क्षेत्र की जनता जातिगत मुद्दों से हटकर विकास के मुद्दे पर वोट कर पीएम मोदी के 400 पार में एक सीट जोड़ेगी।

उन्होंने कहा कि जातिगत मुद्दे भारतीय राजनीति में हमेशा से पनप रहे है। लेकिन भाजपा ने अपने पिछले 9 साल के कार्यकाल में यह दिखाया है कि जाति से ऊपर उठकर आज के युवा वोट कर रहे हैं। सांसद रितेश पांडेय ने कहा कि अंबेडकरनगर में ही देख लीजिए दो-दो एक्सप्रेस वे जा रहे है। इसी के साथ दो इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर बन रहे हैं। इससे भाजपा की सरकार में अगले 5 वर्षों में यहां उद्योग आएंगे और युवाओं को और भी नौकरियां मिलेंगी। वहीं, यहां के खेतिहर किसानों को मार्केट मिलेगा। जिससे वह और भी अधिक खेती करके अपनी आय बढ़ा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां की जनता के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है। इसी मुद्दे पर यहां की जनता एक सीट जिताएगी। मोदी का जो 400 पार का टारगेट है उसमें एक सीट अंबेडकरनगर की जनता जिताकर उनकी झोली में डालेगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का आजीवन रहूंगा ऋणी

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने स्वागत रैली में उमड़े हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश और जन–जन के विकास की नीति पर आगे चलते हुए अंबेडकरनगर लोकसभा के विकास और क्षेत्र की जनता के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज मेरे लोकसभा क्षेत्र में पहुंचने ऐतिहासिक स्वागत किया है, उसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। लोकसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को ऐतिहासिक स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

### अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

सांसद रितेश पांडे ने सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. राम मनोहर लोहिया और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव केंद्रीय कार्यालय पर कार्यकर्ता अभिवादन सम्मेलन और जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा जिला पदाधिकारी और मण्डल अध्यक्ष के साथ बैठक में शामिल हुए।

### इन्होंने सांसद का किया स्वागत

जनपद आगमन पर सासंद रितेश पांडेय का लोकसभा की सीमा बाकरगंज नगर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, अयोध्या भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने माला पहनाकर और तिलक लगाकर पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, अशोक पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और गाड़ियों की लम्बी काफिला के साथ स्वागत किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे भाजपा नेताओं के साथ स्वागत रथ पर सवार होकर बाकर गंज से सैकड़ों कार्यकर्ताओं और गाड़ियों की हुजूम के साथ आगे बढ़े।

## सार-संक्षेप

### बाइक की चपेट में आने से घायल वृद्ध की मौत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जानवरों को चारा चरा रहे 70 वर्षीय वृद्ध को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दिया। जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जैतपुर थाना क्षेत्र के रन्नू गंज के बंदीपुर निवासी राम पलट मौर्य 70 वर्ष बीते शुक्रवार को जानवरों को चराने के लिए गए हुए थे। जहां अज्ञात बाइक सवार ने बाइक से टक्कर मार दिया जिसमें रामपलट गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अकबरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जैतपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जलालपुर में मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मारपीट करने के मामले में एक युवक ने अपने साढ़ू के ऊपर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित राम रूप निवासी अहिया कमालपुर थाना सम्मनपुर ने जैतपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरा ससुराल जैतपुर थाना क्षेत्र के दौलताबाद गांव निवासी बनवारी के यहां है। मेरी पत्नी कहासुनी के बाद नाराज होकर अपने मायके दौलताबाद चली गई। मैने फोन किया, लेकिन उससे बात नहीं हुई। मैं 6 मार्च को अपने ससुराल पहुंचा। वहां मेरे साढ़ू संजय मौजूद थे। मैं अपनी पत्नी से पूछने लगा कि बिना बताए क्यों चली आई। इतने में मेरे साढ़ू मुझे लात, घुसे और थप्पड़ से पिटाई किया। जिससे मैं बुरी तरह से घायल हो गया। साढ़ू ने कहा कि यहां से भाग जाओ नहीं तो तुमको और मरेंगे। पीड़ित की शिकायत पर जैतपुर पुलिस ने मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज किया है।

### प्रधान का फोटो वायरल करने के मामले में केस दर्ज

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आलापुर के चहोड़ा शाहपुर में गत बुधवार को प्रधान सभापति मौर्य की देखरेख में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें सीएमएस सहित रामनगर स्वास्थ्य केंद्र के कई अधिकारी व कर्मचारी और सत्ता पक्ष के नेता भी शामिल थे। आरोप है कि गांव के ही आरोपी आनंद कुमार कनौजिया ने कार्यक्रम की फोटो लेकर खुन्नस में उसमें से एडिट कर प्रधान की फोटो के साथ छेड़छाड़ करते हुए प्रधान की फोटो को अभद्र व अमर्यादित ढंग से डरावना स्वरूप दे दिया और उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्राम प्रधान सभापति मौर्य ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उक्त संबंध में जब उनके भांजे ने आरोपी से पूछताछ करनी चाहिए तो आरोपी ने गाली–गलौज और धमकी दिया। पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर प्राथमिक दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान शांतिभंग की आशंका में कर दिया गया है।

### टप्पेबाज महिला की चैन खींचकर हुए फरार

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के अलऊपुर निवासिनी अमरावती पत्नी श्रीप्रसाद गुरुवार को अपनी छोटी बेटी पिंकी और दामाद के साथ टेम्पो पर सवार होकर अतरौलिया थाना के रतुआ पार अपनी बड़ी लड़की के शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। वह सब बावली चौक से मुड़कर सिकंदरपुर रोड पर मुड़े और एक दूकान के पास उतर कर अमरावती कुछ सामान खरीदने लगीं तभी तीन अन्य महिलाएं भी उन लोगों के साथ टेंपो में जबरदस्ती बैठ गई। जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी इसी बीच एक ने पिंकी के गले से सोने का चेन खींच लिया जब तक उक्त लोग कुछ समझ पाते कि टप्पेबाज महिलाएं पीछे से आ रही स्कार्पियो में बैठकर माडरमऊ की तरफ निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियो का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में है, स्कार्पियो की पहचान करायी जा रही है।

# जरूरतमंदों की सेवा में करें सहयोग : धर्मवीर



पत्रकारों से बताचीत करते सेवादार धर्मवरी सिंह बग्गा व साथ में अन्य।

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित मेला गार्डन में समाज सेवी संस्था सेवाहि सर्वधर्म के संरक्षक सेवादार धर्मवीर सिंह बग्गा ने 25 वर्षों से किए जा रहे समाज सेवा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत 1000 कन्यादान की सेवा का संकल्प सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद अब 5000 गरीब, असहाय बेटियों के कन्यादान में सहयोग सेवा का संकल्प लिया गया।

उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों से गरीब और असहाय जरूरतमदों को प्रतिदिन सुबह व शाम निःशुल्क लंगर की सेवा अनवरत जारी है। वहीं सैकड़ों लावारिश शवों और कोविड-19 के दौरान संक्रमित शवों का अन्तिम संस्कार उनके रीति रिवाज से सेवा करने के साथ सेवाहि धर्म टीम द्वारा जरूरतमदों के लिए कपड़ा, जूता, चप्पल आदि दैनिक उपयोग की चीजें नेकी की दीवार के माध्यम से निरन्तर सेवा की जा रही है। सेवा के इस सफर में धर्मवीर सिंह बग्गा ने अपील किया कि सभी बढ़-चढ़कर सहयोग दें। इस दौरान सरफराज, फुरकान सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक टांडा संतोष कुमार सिंह ने लोगों के बीच अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि किसी प्रकार की जन समस्या होने पर तत्काल सूचना उपलब्ध कराने पर पुलिस पांच मिनट में आपकी सेवा में पूरी तत्परता से मौजूद रहेंगी। इस दौरान मौजूद लोगों ने प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के कार्य शैली को लेकर प्रशंसा किया।

### पीड़िता की तहरीर पर दो पर धोखाधड़ी का केस, एक हिरासत में

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** औद्योगिक नगरी टांडा में दो सगे भाइयों ने लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर कई लाख की ठगी कर ली है। पुलिस एक भाई को पकड़ कर थाने लाकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि मोहल्ला नैपुरा निवासी दानिश कमर, ताबिश कमर, अर्सलान व चांद ने एक गिरोह बनाकर लोगों को बरगला कर उन्हें ज्यादा मुनाफे का लालच देकर गाढ़ी कमाई अपने पास जमा करवा लिया। दानिश कमर और ताबिश कमर मोटी रकम लेकर अचानक फरार हो गए। लोगों ने बीती रात ताबिश कमर को पकड़ लिया। कोतवाली टांडा पुलिस को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच ताबिश को साथ ले गई। मामले में महिला गुल्फेशा अंजुम पत्नी गुलाम नबी मोहल्ला सकरावल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल टांडा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिन–जिन लोगों से ठगी की गई है सभी लोग अपना अपना प्रार्थना पत्र दे दें। जिससे उसे विवेचना में शामिल किया जा सके।

तैयारियां — अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर आफिसर को दिया निर्देश

# निर्वाचन आयोग के आदेश का पालन करें जिम्मेदार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


सेक्टर ऑफिसर के साथ बैठक करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सेक्टर आफिसर यह सत्यापित करें कि मतदान केंद्रों पर भौतिक रूप से पहुंचकर यह सुनिश्चित करें कि सड़क, पुल, पुलिया, मतदान केंद्रों सहित समस्त मतदान केंद्रों की पहुंच सुगम्य है। सेक्टर आफिसर यह सुनिश्चित करें कि नए मतदान केंद्रों का अधिसूचना के पश्चात उनका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। भौतिक रूप से सत्यापन के द्वारा यह भी पता लगाएं कि मतदान केन्द्रों पर आधारभूत संरचना और सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध है। सेक्टर आफिसर मतदान दलों के मोबाइल नम्बर प्राप्त करें और मतदान केंद्रों पर मोबाइल से सम्पर्क को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह भी देखें कि किसी राजनीतिक दल, प्रत्याशी का कार्यालय मतदान केंद्र की सीमा के 200 मीटर के दायरे में नहीं है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिए गए निर्देशों का अक्षरस पालन किया जाए।

### बीएलओ मतदाता सूची में नाम की करें जांच

एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने सेक्टर आफिसर को निर्देश दिया कि अपने संबन्धित बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में उनके नाम और प्रविष्टियों की जांच करें।

## कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 312/न0पं0कि0/टैक्सी स्टैण्ड नीलामी/2023–24 दिनांक 07.03.2024

**बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/पड़ाव की नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि बसखारी टैक्सी स्टैण्ड/किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/पड़ाव की वसूली का ठेका वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03.2025) तक के लिए नीलामी दिनांक– 11.03.2024 को समय 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार अम्बेडकरनगर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलामी निर्धारित तिथि को नीलामी प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित रू0=60,00,000=00 (रूपये साठ लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, जीएसटी, आधार कार्ड, पैन कार्ड कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, तथा रू0=5,00,000=00 (रूपये पांच लाख मात्र) नगद जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र के जो उपरोक्त में निर्धारित है, के पॉवर ऑफ अटार्नी (पंजीकृत ही मान्य है, यदि पंजीकृत नहीं है तो बोली में भाग नहीं ले सकता है) पर ही नीलामी में भाग ले सकता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी की स्वीकृति पश्चात नियमानुसार भारतीय स्टाम्प देय (बी) अधिनियम की धारा 2(16) अनुसूची 1 की अनुच्छेद 35 के तहत स्टाम्प देय (बी) अनुच्छेद 23 के अनुसार स्टाम्प/सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अम्बेडकरनगर द्वारा स्टाम्प शुल्क निर्धारित किया जायेगा। उतनी ही धनराशि का स्टाम्प शुल्क अधिकतम बोलीदाता को अपने नाम से खरीदकर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी में कोई भी नीलामी बोलीदाता एक बार में 50 हजार से अधिक एवं 20 हजार से कम के अन्तर की धनराशि की बोली नहीं बोल सकता। तथा सभी बोली दाताओं द्वारा निकाय द्वारा निर्धारित सरकारी बोली से कम की बोली स्वीकार नही की जायेगी। बोली प्राप्तकर्ता व्यक्ति इस नीलामी की शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन वसूली का अधिकार प्राप्तकर्ता को होगा, वह किसी भी दशा में इन शर्तों एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

### टैक्सी स्टैण्ड / पड़ाव नीलामी शर्त / प्रतिबन्ध

1– अधिकतम बोलीदाता की अग्रिम जमा जमानत धनराशि रोककर शेष ठेकेदारों की धनराशि वापस कर दी जायेगी।

2– यह कि नीलामी की धनराशि का 1/2 धनराशि एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा। अवशेष धनराशि इस प्रकार किस्तों में जमा करना होगा, कि जनवरी 2025 तक समस्त धनराशि नगर पंचायत कोष में ठेकेदार द्वारा जमा कर दी जाय। यदि इसका उल्लघंन किया जाता है तो ठेका निरस्त कर भू–राजस्व की भाति बकाया वसूल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

3– यह कि ठेकेदार द्वारा शर्तो का पालन और देय स्टाम्प पर अनुबन्ध जब तक नहीं करता है उस अवधि में नगर पंचायत अपने कर्मचारियों द्वारा वसूल की गयी धनराशि जो भी हो, वह ठेकेदार की नीलामी धनराशि में समायोजन नहीं की जावेगी ।

4–अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार ठेकेदार को वसूल करने की अनुमति प्रदान की जावेगी। वाहनों से वसूली कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही की जायेगी। इसमें किसी प्रकार का विचलन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

5–नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जो नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का बकायेदार नहीं है।

6– नीलामी में वहीं ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पंचायत एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा।

7– ठेकेदारों द्वारा यदि दूसली में किसी प्रकार की अनियमितता करते पाई गयी तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8– ठेकेदारों द्वारा वाहनों को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जायेगा, उसमें प्रकाश, पेयजल, सेड, शौचालय की व्यवस्था निकाय द्वारा अपने संसाधान से कराया जायेगा। पार्किंग स्थलों के अतिरिक्त अन्यत्र स्थलों पर वाहनों को खड़ा कर वसूली करने पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9– यह कि ठेकेदार को ठेका स्वीकृति होने के बाद जिन कर्मचारियों को वसूली हेतु लगाया जायेगा। उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा।

10–ठेके की स्वीकृति अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

11– यह कि नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति नीलामी के समय तक नीलामी कक्ष से बाहर नहीं जायेगा एवं नीलामी एवं अवधि में बोलीदाताओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग नहीं किया जायेगा, जिसका पालन बोलीदाता को करना अनिवार्य होगा। यदि धारा 11 का उल्लंघन किसी भी बोलीदाता द्वारा किया गया तो, नीलामीकक्ष से बाहर जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

12–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के सम्बन्ध में समय समय पर जारी आदेश ठेकदार को मानना अनिवार्य होगा।

13–किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में सरकार द्वारा दिये गये आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।

14–नीलामी के विषय में विस्तृत जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अन्य शर्ते एवं शासन के जो भी निर्देश होंगे उसे ठेकेदार को मानना अनिवार्य होगा।**

| लिपिक | अधिशाषी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर | नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर | नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर |

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### विभाग ने 12 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

**रुपईडीह, गोंडा :** बिजली का बकाया न अदा करने के कारण विद्युत केंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने कस्बा आर्य नगर के पृथ्वी नाथ रोड पर 12 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। टीम में जितेंद्र तिवारी, इंद्रल प्रसाद शुक्ल, रघुनाथ मिश्र, सूर्य नारायण दुबे, मुकेश पासवान, नागेश्वर मौर्य व संजय पांडेय रहे।

### शिविर में 168 लोगों के आंखों की जांच की

**रुपईडीह, गोंडा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। ब्लॉक के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस शिविर में नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल द्वारा विभिन्न गांवों को मिलाकर 168 मरीजों के नेत्रों की जाँच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 27 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए पर जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा गया।

### किसानों से की गई नौ लाख रुपये की वसूली

**रुपईडीह, गोंडा :** इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के तत्वावधान में भुड़कुड़ा गांव में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आठ किसानों को 9 लाख रुपए का बकाया वसूल किया गया। शाखा के सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### परिजनों को आर्थिक मदद देगा बार एसोसिएशन

**मनकापुर, गोंडा :** बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक में अधिवक्ता के साथ परिजन अगर बीमारी से ग्रसित हैं तो उसे भी राहत कोष से सहायता प्रदान करने का फैसला लिया गया। गुरुवार को बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने पहली बैठक करते हुए अहम फ़ैसला लिया गया। आपदा राहत से सदस्यों को दी जाने वाली धनराशि में पत्नी की गम्भीर बीमारी पर कोई सहायता देय नहीं थी। कार्यकारिणी की सहमति से किसी भी आपदा सदस्य की पत्नी की गम्भीर बीमारी या निधन पर आपदा राहत दी जाने वाली धनराशि में दस प्रतिशत की स्वीकृति प्रदान की गई, जो वर्तमान में लगभग 55 हजार होगी।

# धर्म परिवर्तन कराने के बाद युवती का कराया निकाह

## प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया था आरोपी, वीडियो वायरल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने पहले युवती को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उसे अपने साथ लखनऊ भगा ले गया। लखनऊ में उसने युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। युवती ने धर्म परिवर्तन से इंकार किया तो उसके साथ जबरदस्ती की गयी और घर में बंधक बनाकर रखा गया। मौका मिलने पर युवती आरोपी के घर से भाग निकली और सीधे थाने पहुंची। लेकिन छपिया पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी। परेशान पीड़िता सीधे एसपी कार्यालय पहुंची और अपर पुलिस अधीक्षक को अपनी पीड़ा बताई। एएसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए छपिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीया युवती के मुताबिक दो साल पहले उसकी साबिर नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। प्रेमजाल में फंसाकर साबिर उसे भगाकर लखनऊ ले गया और उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह कर लिया। युवती का कहना है कि उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी। आरोप है कि उसका पति साबिर, ससुर अब्दुल और सास सिराजुलनिशा उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। किसी तरीके से वह आरोपी के घर से भाग निकली और सीधे छपिया पुलिस के पास पहुंची। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस को पूरी कहानी बताई लेकिन छपिया पुलिस ने उसकी शिकायत को अनसुना कर दिया। बृहस्पतिवार को पीडिता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और अपर पुलिस अधीक्षक को पूरी घटना बताई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छपिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


लखनऊ में आरोपी के घर निकाह पढ़ाता मौलवी। अमृत विचार

# मृत सांड़ से टकरा कर गिरा बाइक सवार, मौत

खरगुपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** बुधवार की देर रात शादी में शामिल होकर वापस घर आ रहे बाइक सवार मृत सांड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बुधवार देर रात थाना क्षेत्र के विशुनापुर कस्बा निवासी ननके मौर्य (35) पुत्र संतराम बाइक से मल्लापुर में शादी में शामिल होकर वापस घर आ रहा था। वह गोकरननाथ शिवाला आर्यनगर मार्ग पर परसोहनी गांव के पास एक ट्रक को साइड दे रहा था। इसी बीच वह अनियंत्रित होकर पटरी पर पड़े मृत साड़ से टकरा गया। जहां वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश गया। उक्त युवक ने सिर में हेलमेट नहीं लगाया था।

थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति को गंभीर स्थिति में स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक होने एक डॉक्टर ने मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक 11 मार्च को

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की आगामी 11 मार्च को होने वाली बैठक को देखते हुए ब्लॉक के सभी पंचायत सचिवों की आगामी 10 मार्च रविवार का अवकाश निरस्त कर दिया गया है।

ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि इस बैठक में सभी पंचायत सचिवों द्वारा क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी ताकि इसका सीधे तौर पर सभी लोगों को फायदा मिल सके। उन्होंने बताया कि ब्लॉक परिसर की साफ सफाई का दायित्व ब्लॉक एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा गया है।

# सदस्यों से मांगे दो करोड़ के प्रस्ताव

क्षेत्र पंचायत की बैठक

तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** तरबगंज ब्लाक मुख्यालय पर गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रस्ताव क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मांगा गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख मनोज पांडेय ने कहा कि क्षेत्र पंचायत तरबगंज के विकास के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिन गांवों और मजरों में सड़कों का अभाव है उनकी सूची प्रस्तुत की जाए, गांव को जोड़ दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी रवि गुप्ता ने विकास कार्यों की रूपरेखा को प्रस्तुत किया। प्रधान संघ अध्यक्ष लालजी सिंह ने गांव में चल रहे विकास कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं से सदन को अवगत कराया। पेयजल परियोजना के तहत सड़कों की खुदाई कर सड़कों को अधूरा छोड़ दिया जाता है। इस मुद्दे पर भी चर्चा हुई तथा कार्यदाई संस्था को सड़कों के गड्ढे तत्काल भरवाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी उमेश ओझा जिला पंचायत सदस्य अष्टभुजा मिश्र, रामधोक मिश्रा, रघुवर दयाल तिवारी आदि रहे।


क्षेत्र पंचायत की बैठक में बोलते प्रमुख मनोज पांडेय। अमृत विचार

# झांसा देकर युवती से किया दुराचार, शादी से इनकार

**बभनजोत, गोंडा:** खोंडारे थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उनके गांव का ही एक युवक साल भर तक दुष्कर्म करता रहा। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो युवक ने इंकार कर दिया। विरोध करने पर युवक और उसके परिजनों ने पीड़िता को जान से मार देने की धमकी दी।

मामले में पीड़िता ने आरोपी युवक, उसके पिता व भाई के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि उसके गांव का रहने वाले युवक मनोज ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और साल भर तक उसके साथ दुराचार करता रहा। जब वह शादी के लिए कहती तो वह वह टाल देता।

▸▸ **शादी करने का दबाव बनाने पर पीड़िता व उसके परिजनों को दी जान से मारने की धमकी**

पीड़िता ने बताया कि जब उसने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इंकार दिया और अपने पिता व भाई के साथ मिलकर उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता ने आरोपी मनोज, उसके पिता तिलक राम व भाई दिलीप के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# एक्सरे मशीन का किया उद्घाटन

**इटियाथोक, गोंडा:** सीएचसी पर एक्स-रे मशीन का उद्घाटन मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि इससे अब लोगों को मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

सीएमओ रश्मि वर्मा ने कहा सीएचसी पर अन्य सुविधाएं भी हैं। शीघ्र ही एएनएम सेंटरों पर एएनएम की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से आग्रह किया कि सभी लोग आम जनमानस को अच्छी तरीके से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सुनील कुमार पासवान ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद हैं। सभी लोग सुविधाओं का लाभ लें। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर उन्हें सूचित करें। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष भाजपा इटियाथोक सत्यव्रत ओझा ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अभय सिंह, डॉक्टर सुरेश प्रजापति, ज्योति चंद्र तिवारी, करुणा शंकर ओझा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ख़ुशबू शुक्ला, कमल दुबे, एक्सरे टेक्नीशियन हरिओम यादव, फार्मासिस्ट अवधेश तिवारी, अजय राठौर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी, आशा बहू, सामाजिक कार्यकर्ता व क्षेत्र के तमाम प्रधान व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


एक्स-रे मशीन का उद्घाटन करते विधायक विनय कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दस लाख तक जब्त नकदी अवमुक्त करने को बनी समिति

**गोंडा कार्यालय :** जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में नॉन एफआईआर 10 लाख रुपए तक की सीमा के अंतर्गत जब्त की गई धनराशि को अवमुक्त करने के लिए समिति का गठन किया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा निर्वाचन के दौरान 10 लाख रुपये तक ले जायी जा रही धनराशि को जब्त किया जाता है तो वह इस समिति के समक्ष अपील कर सकता है। यह समिति अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत किए साक्ष्यों से संतुष्ट होने पर जब्त की गई धनराशि को अवमुक्त कर सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तीन सदस्यों की समिति में मुख्य विकास अधिकारी को अध्यक्ष एवं अपर जिलाधिकारी व मुख्य कोषाधिकारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

### शैक्षिक भ्रमण पर परिषदीय स्कूल के 101 बच्चे रवाना


जय प्रभाग्राम में शैक्षिक भ्रमण करते बच्चे। अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा :** 101 बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजा गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक परीक्षा हुई थी जिसमें 604 बच्चों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें से 101 बच्चे सफल हुए थे। उन बच्चों को विभाग की तरफ से शैक्षिक भ्रमण के लिए जयप्रभा ग्राम, बलरामपुर चीनी मिल्स, श्रावस्ती सहित अन्य जगह पर भ्रमण के लिए भेजा गया। यह जानकारी इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र के कर्मडीह कला स्थित कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक शब्बीर अली ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 101 बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजा गया है। इस भ्रमण से बच्चों में काफी प्रसन्नता देखी गई।

### छप्पर में लगी आग से हजारों रुपये का नुकसान



**कौड़िया बाज़ार, गोंडा :** गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे अज्ञात कारण से लगी आग से घर के पीछे का छप्पर जल कर राख हो गया। थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी चौधरी ने बताया कि वह अपने घर में सो रहा था। आचानक तेज धुआं दिखाई पड़ा। चौधरी ने बताया कि उनकी पत्नी ने बताया कि पीछे बने छप्पर में आग लग गई है। जब तक आग बुझाने का प्रयास किया जाता तब तक छप्पर में रखा भूसा, चारपाई, तीन क्विंटल गेहूं व 6 कुर्सी जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल सुखराम वर्मा ने बताया कि करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया गया है।

### मृतकों के परिजनों से मिले विधायक, जताया शोक



**गोंडा कार्यालय :** परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खरगूपुर के मजरे जगतपुर व कोड़री में मृतक परिवारों के घर पहुँच कर क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह ने शोक संवेदना जताई। जगतपुर में सामाजिक कार्यकर्ता चन्दभान उपाध्याय के भाई सूर्यभान उपाध्याय के असामयिक निधन व कोड़री में राज माधव मिश्र की पत्नी के निधन की सूचना पर परिवारों के बीच पहुंचकर विधायक ने उन्हे सांत्वना दी। इस दौरान परसपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह तारा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश मिश्रा, सूरज सिंह, गुड्डू सिंह मलावं, पिंकू सिंह पसका, कमला पति पांडे, कैलाश पांडे, आशीष तिवारी रहे।

### पीएम मोदी के सपनों को करना है साकार: रमापति

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज ब्लॉक सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक रमापति शास्त्री ने सरस्वती चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समूह समेत महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों का प्रयास होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने में अपना-अपना योगदान दें। भारत को जगतगुरु बनाना है। प्रधानमंत्री के संकल्प को आत्मसात करने की अपील की। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा सभागार गूंजयामान रहा। कार्यक्रम में पीआरओ वेद प्रकाश दुबे, भाजपा नेता पंकज सिंह, संयुक्त खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी रवि मिश्र, मंडल अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, महिला मंडल अध्यक्ष रीता सिंह, स्वामीनाथ सिंह, इजहार, विनोद पाल, संजय गोस्वामी सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## लोस चुनाव को लेकर कसी कमर

**दुबहा बाजार:** लोकसभा निर्वाचन 2024 व त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस व प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को कौड़िया बाजार थाने की पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ दुबहा बाजार चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन कर पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल व थानाध्यक्ष कौड़िया बाजार अंकुर वर्मा तथा चौकी इंचार्ज दुबहा बाजार गोपाल सिंह ने भारी संख्या में पुलिस के जवान व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ दुबहा बाजार व सहरिया कला में फ्लैग मार्च निकाला।

# परीक्षा देने गया किशोर पुलिस अभिरक्षा से भागा

## नवाबगंज के गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा दे रहा था आरोपी

**नवाबगंज, गोंडा:** नवाबगंज के गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में पुलिस अभिरक्षा में हाई स्कूल की परीक्षा देने गया एक किशोर बृहस्पतिवार को परीक्षा केंद्र से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। परीक्षार्थी के फरार होने से पुलिस महकमें में हड़कंप मचा है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला किशोर बृहस्पतिवार को पुलिस अभिरक्षा में नवाबगंज के श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गया था। वह क्लासरूम में पेपर दे रहा था और उसकी सुरक्षा में लगाए गए पुलिसकर्मी क्लास रूम के बाहर बैठे थे। परीक्षा खत्म होने पर जब वह कमरे में नहीं दिखा तो पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। परीक्षार्थी के फरार होने की खबर से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाने समेत वरिष्ठ अवसरों व जेल प्रशासन को दी गयी। पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने की सूचना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय व सीओ तरबगंज सौरभ वर्मा मौके पर पहुंचे और कालेज में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। सीओ ने बताया कि आरोपी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी गयी है। मामले में परीक्षा केंद्र के कक्ष निरीक्षक उमाशंकर पांडेय की तरफ से आरोपी परीक्षार्थी के खिलाफ तहरीर दी गयी है।



नवाबगंज स्थित परीक्षा केंद्र।

**फरार आरोपी छात्र आठ घंटे बाद पकड़ा गया:** परीक्षा केंद्र से फरार हुए हाई स्कूल के छात्र को पुलिस ने आठ घंटे बाद नवाबगंज थाना क्षेत्र के किशुनदासपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप से बरामद कर लिया है।

### किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का है आरोपी

वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीया किशोरी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में फरार छात्र को आरोपी बनाया गया था। आरोप है कि उसने मृतका का अश्लील फोटो वीडियो बना लिया था और उसे परेशान कर रहा था। इसी प्रताड़ना से किशोरी ने अपनी जान दे दी थी। वर्तमान में आरोपी बाल कारागृह में निरुद्ध था और पुलिस अभिरक्षा में हाईस्कूल की परीक्षा दे रहा था। बृहस्पतिवार को हेड कांस्टेबल गिरिजा शंकर व कांस्टेबल तारकेश्वर मिश्रा उसे परीक्षा दिलाने ले गए थे जहां वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।

### हाईस्कूल के 3763 व इंटर के 2004 बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

बृहस्पतिवार को हाई स्कूल की सामाजिक विज्ञान व इंटरमीडिएट की समाजशास्त्र तथा रसायन विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। पहली पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 3763 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के रसायन विज्ञान व समाजशास्त्र की परीक्षा में 2004 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

हर-हर महादेव

जलाभिषेक के लिए सज गया बाबा पृथ्वीनाथ और दुखहरण नाथ का ऐतिहासिक मंदिर, हाथी और घोड़े होंगे शिव बरात के आकर्षण के केंद्र

# महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में लाखों भक्त करेंगे जलाभिषेक

**गोंडा कार्यालय:** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को जिले के दर्जनों शिवालयों में श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। सुबह चार बजे से ही मंदिरों के कपाट खुल जाएंगे। शाम को शिव बरात निकाली जाएगी। इसमें हाथी और घोड़े आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर मुकम्मल तैयारी की है।

एशिया का सबसे बड़ा शिवलिंग माने जाने वाला पृथ्वीनाथ मंदिर, जिला मुख्यालय पर स्थित दुखहरण नाथ मंदिर के अलावा जिले के वजीरगंज स्थित बाबा बालेश्वर नाथ, करनैलगंज स्थित बाबा बनखंडी नाथ व मनकापुर के करोहानाथ मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्त उमड़ेंगे। ऐसी मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही शिव ज्योति प्रकट हुई थी और शिवजी का मां पार्वती से विवाह भी इसी दिन हुआ था। इसलिए भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जहां कन्याएं व्रत रखकर अपने लिए सुंदर पति की कामना करती हैं, वहीं महिलाएं अपने पति व परिवार की लंबी उम्र तथा सुख-समृद्धि के लिए कामना करते हुए निराजली व्रत रखती हैं। इसके साथ ही शिवलिंग पर बेर, बेलपत्र व धतूरा आदि अर्पित कर भगवान शिव से क्षमा याचना भी की जाती है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि शनिवार को दुखहरण नाथ मंदिर, खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर, वजीरगंज के बालेश्वर नाथ मंदिर, करनैलगंज के बनखंडी नाथ व मनकापुर के करोहानाथ मंदिर पर श्रद्धालु शिव का जलाभिषेक करके पूजन-अर्चन करते हैं। भीड़ को देखते हुए शिवालयों व मंदिरों पर कड़ी सुरक्षा की गई है। इसमें थानों की पुलिस के अलावा प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन दल, मेटल डिटेक्टर, बम निरोधक दस्ते, डाग स्क्वायड, यातायात पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी, पीएसी, क्यूआरटी व एंबुलेंस सहित सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं।


पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### बड़गांव पुलिस चौकी से गुरुनानक चौराहे तक रूट डायवर्जन

महाशिवरात्रि पर्व पर दुखहरण नाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए बड़गांव पुलिस चौकी से गुरु नानक चौराहे तक का रास्ता बंद रहेगा। अयोध्या, उतरौला व इटियाथोक की तरफ से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे से अंबेडकर चौराहा होकर जा सकेंगे। इसी तरह लखनऊ से बलरामपुर उतरौला की ओर जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग से जाएंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**खरगूपुर, गोंडा :** पुलिस अधीक्षक ने पृथ्वी नाथ मंदिर पहुंचकर शुक्रवार को लगने वाले मेला का गुरुवार को निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल गुरुवार को पृथ्वीनाथ मंदिर पहुंचे यहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह को निर्देश दिया कि पर्याप्त मात्रा में वेरिकेटिंग के साथ ही बैरियर की व्यवस्था करें। मंदिर से पूर्व ही दो तथा चार पहिया वाहन के प्रवेश पर रोक लगाया जाए, जिससे महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक नवनीत जायसवाल ने मंदिर के महंत जगदंबा प्रसाद तिवारी से मेला एवं जलाभिषेक के बाबत जानकारी ली।

## एक नजर

### दो किसानों को वितरित किया गया ऋण

**रुपईडीह, गोंडा :** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा आर्य नगर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दो किसानों को 2 लाख 68 हजार रुपये का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधन अनुज वर्मा ने बताया कि इसी प्रकार से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कस्बा आर्यनगर नगर के एक व्यापारी को खाद व बीज की दुकान खोले जाने के लिए सात लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का लिया जायजा

**रुपईडीह, गोंडा :** समेकित शिक्षा योजना के तहत ब्लॉक के नोडल टीचरों का ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने पहुंचकर जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में उन्होंने शामिल नोडल टीचरों की उपस्थिति के बारे में विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र से जानकारी हासिल की।

### मारपीट करने पर बैंक मैनेजर ने दर्ज कराया केस

**गोंडा कार्यालय :** बैंक मैनेजर व ग्राहकों का मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली देहात पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वही इसी मामले से जुड़ी महिला ने भी बैंक मैनेजर के खिलाफ तहरीर दी है।जिस पर पुलिस ने जांच करने की बात कही है। प्रथमा यूपी ग्रामीण शाखा मुंडेरवा कला के शाखा प्रबंधक दीपक मिश्रा के तहरीर पर पुलिस ने मुंडेरवा गांव के रहने वाले, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने भगवानदास, हुकुम दास, रवि, उमेश व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा पुलिस दर्ज किया है। दूसरी तरफ मुंडेरवा की रहने वाली मोनी देवी पत्नी उमेश कुमार ने शाखा प्रबंधक दीपक मिश्रा के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति को जातिसूचक गाली बैंक मैनेजर ने दी तथा मारपीट की।

# विपदाओं से संघर्ष कर लिखी सफलता की नयी इबारत

## महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है सीडीओ एम अरुन्मौलि की कहानी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** जिले की मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि की सफलता की कहानी न सिर्फ प्रेरणादायी है बल्कि उन महिलाओं के लिये मिसाल है जो असफलता और बाधा से घबराकर हार मान लेती हैं। उन्होंने जीवन की कई विपदाओं से से लड़कर अपने सफलता की इबारत लिखी है। सीडीओ ने कहा कि उनके जीवन में एक वक्त ऐसा भी आया जब उनके सामने मौत को गले लगाना था लेकिन लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बाधाओं को पार कर लक्ष्य हासिल किया।

तमिलनाडु राज्य के रामेश्वरम की रहने वाली एम अरुन्मौलि की आईएएस बनने की कहानी काफी प्रेरणादायक है। सीडीओ बताती हैं कि स्कूली शिक्षा के शुरुआती दौर में जब आठवीं क्लास में थी तो उनके पिता ने आर्थिक तंगी के कारण उन्हें उनकी मौसी के घर छोड़ दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने मौसी के घर पर रहकर हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई की अच्छे अंक हासिल किए। इंटर में उन्होने 95.80 फीसदी अंक लाकर पूरे राज्य में तीसरी रैंक हासिल की तो उन्हे इनाम के तौर पर एक बर्तन दिया गया था। पढाई में उनकी लगन और परीक्षा पास करने पर मिले इनाम को देख पिता गदगद हो गए। इसके बाद बीएससी और फिर बीटेक किया। बीटेक में गोल्ड मेडल मिला लेकिन फिर उनकी शादी हो गई और वह घर गृहस्थी में रम गई। एक दौरान उन्हे एक बेटा भी हुआ। फिर ससुराल वालों के कहने पर तैयारी शुरू की और वर्ष 2017 में आईएएस बनी। सीडीओ का कहना है कि असफलता जीवन का अंतिम परिणाम नहीं है। इस असफलता से ही सफलता का नया मार्ग प्रशस्त होगा।

जीवन का अर्थ अलग है और हमें इस अर्थ को समझना पड़ेगा। असफल होने से जीवन का लक्ष्य खत्म नहीं होता। यह असफलता हमें और उसे बेहतर करने की प्रेरणा देती है।


पाककला स्पर्धा में रसोइयां को सम्मानित करतीं सीडीओ एम अरुन्मौलि (फाइल फोटो)

### फेल होने वाले चाचा बने प्रोफेसर तो मिली प्रेरणा

सीडीओ बताती हैं कि उनके चाचा मूर्ति पहले हाईस्कूल और फिर इंटर में फेल हो गए थे। लेकिन उन्होने हार नहीं मानी और आगे चलकर वह प्रोफेसर बने। चाचा की लगन देखकर उन्हे प्रेरणा मिली और उन्होंने भी कठिन परिश्रम किया। हालांकि पहले वह भी प्रोफेसर ही बनना चाहती थी लेकिन बाद में एक रिश्तेदार जो आईआरएस थे उन्होने मोटीवेट किया तो तैयारी शुरू की और आईएएस बनकर इतिहास रचा।

### महिला उत्थान के लिए लगातार काम कर रही सीडीओ

सीडीओ एम अरुन्मौलि जिले की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हे स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों पर उनका विशेष फोकस है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों को बाजार मिल सके इसके लिए उन्होंने आरगा ब्रांड जैसा प्लेटफॉर्म तैयार किया है। आरगा ब्रांड के जरिए महिलाओं के उत्पाद बाजार में बिक रहे हैं और उनकी आमदनी बढ़ी है। विकास भवन परिसर में शक्ति कैफे का संचालन भी हो रहा है। इसका श्रेय भी मुख्य विकास अधिकारी को है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**बेलसर, गोंडा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पूर्व गोंडा के विशुनापुर में स्थित नजीर नेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला देश की समुचित विकास का आधार विषय पर गोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता, महिलाओं को समुचित अधिकार देने की अपील के साथ स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ श्रीधर त्रिपाठी ने कहा कि भारत में हमेशा महिलाओं का सम्मान किया गया है। हमारे प्रिय कवि तुलसीदास ने भी कहा है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तत्र रमंते देवता। जहां नारियों की पूजा की जाती है वहां देवताओं का निवास होता है। कहा कि हमारे देश में महिलाओं की प्रखर बुद्धि हमेशा से रही है। सती सावित्री, सीता, सती अनुसुइया के साथ साथ आधुनिक भारत में किरण वेदी सहित अन्य महिलाएं अपने देश व विदेश में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन

गोंडा कार्यालय


महिलाओं को संबोधित करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से मैजापुर चीनी मिल प्रांगण में 110 उषा सिलाई मशीनों का वितरण जरूरतमंद महिलाओं को किया गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बलरामपुर फाउंडेशन, बलरामपुर की ओर से पवन कुमार चतुर्वेदी, मुकेश कुमार झुनझुनवाला, सौरभ गुप्ता व नरेन्द्र उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संदीप अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि स्वर्गीय पद्मश्री मीनाक्षी सरावगी संस्थापक, बलरामपुर चीनी मिल समूह के मानव जीवन उत्थान के सपने को साकार करते हुए बलरामपुर फांउडेशन लगातार कई वर्षों से क्षेत्र की जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई एवं कढ़ाई के प्रशिक्षण के लिए 40 ग्रामों में प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन कर रहा है। कार्यक्रम में डॉ रश्मि वर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी, विशाल कुमार उपजिलाधिकारी, करनैलगंज, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे। महिला लाभार्थी ग्राम विकरवा, सिंहपुर, पूरे मैदया, वीरपुर कटरा मंगरूही, नरायनपुर कलां, माधवपुर, उर्दीगोड़ा, बसन्तपुर, चहलवा चरेरा, शाहजोत, परसामहेशी, चौरी, बटौरा लोहांगी, सर्वांगपुर, मैजापुर, चकसनिया, बमडेरा आदि ग्राम से थीं।

# विद्यालय की दीवार पर लिखा जाए कायाकल्प योजना में खर्च धनराशि

**गोंडा कार्यालयः** परिषदीय स्कूलों में भेजी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट की धनराशि के खर्च का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। खर्चे की जानकारी ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने की प्रधान संगठन की मांग के बाद अब राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डीएम को पत्र लिखकर कायाकल्प योजना से कराए गए कार्यों व उन पर खर्च किए गए बजट को सार्वजनिक करने की मांग की है। बीते 23 फरवरी को ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने डीएम व सीडीओ को पत्र देकर कंपोजिट ग्रांट के धनराशि के खर्चे की जानकारी ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने की मांग की थी। जिलाध्यक्ष का कहना था कि ग्राम पंचायत स्वयं कार्यदायी संस्था है और ग्राम प्रधान उसका अध्यक्ष होता है। इसलिए ग्राम पंचायत में हो रहे सभी प्रकार के कार्यो की निगरानी करने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होती है। प्रधानाध्यापक तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मनमाने तरीके से पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसलिए इस खाते का संचालन या तो ग्राम पंचायत से कराया जाय अथवा आय व्यय संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सभी ग्राम पंचायतों को समय से दिया जाए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री अवधेश सिंह ने डीएम को पत्र लिखकर ग्राम पंचायतों की तरफ से स्कूलों में कायाकल्प योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों और उस पर खर्च होने वाली धनराशि का ब्यौरा स्कूल की दीवार पर पेंट कराए जाने की मांग की है। महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उदयभान प्रजापति का कहना है कि प्रबंध समिति में आने वाली समस्त धनराशि का भुगतान पीएफएमएस पोर्टल से होता है। जिसकी ऑडिट साल में कई बार होती है। उदयभान का कहना है कि कायाकल्प से कराए गए कार्यों के विवरण की एक पट्टिका विद्यालय की चारदीवारी पर अंकित होनी चाहिए, जिससे विद्यालय में क्या सुविधाएं हैं, इसकी जानकारी सभी को हो सके।

# रिटायर्ड होमगार्ड को दी गई विदाई

**गोंडा कार्यालयः** उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में सेवानिवृत्त होमगाड्र्स जवान विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन गांधी पार्क में किया गया। आयोजन कम्पनी झंझरी के जवानों के सहयोग से किया गया। इसमें सेवानिवृत्त हुए प्लाटून कमांडर मैथिलीशरण मिश्रा व होमगाड्र्स जवान रामकेश चौबे, प्रागदत्त शुक्ला कम्पनी झंझरी को अंगवस्त्र, छाता, टार्च, धार्मिक ग्रंथ, शाल, कम्बल, मिष्ठान व नगद धनराशि प्रदान किया गया। बिदाई समारोह की अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र अंकम ओझा ने सभी को खुशहाल जीवन की कामना की।

# कांग्रेसजन ने किया प्रदर्शन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार द्वारा लाई गई चुनाव बॉन्ड योजना को असंवैधानिक मानते हुए इस पर रोक लगाने, साथ ही प्राप्त चंदे का खुलासा करने के निर्देश पर भाजपा द्वारा हीला हवाली करने के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा पर प्रदर्शन करते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने चार मार्च तक चुनावी बॉन्ड की डिटेल सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। एसबीआई बैंक के वकील ने इसके लिए 30 जून तक का समय देने की मांग की है। उन्होंने देश के सबसे बड़े पूर्णतया कंप्यूटरीकृत बैंक द्वारा पांच महीने का समय मांगना स्पष्ट करता है कि योजना के तहत सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार उद्योगपतियों से अपने मिलीभगत को उजागर होने नहीं देना चाहती है। भाजपा द्वारा वित्तीय अनियमितताओं और काले धन के स्रोत को छुपाने के लिए एसबीआई बैंक का उपयोग किया जा रहा है।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सगीर खान, सेवादल अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष पांडे, जिला उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, विनय प्रकाश त्रिपाठी, महासचिव चांद खान, अरविंद शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, धर्मराज सिंह, संतराम, शहजादे मेवाती, सभासद शाहिद अली कुरेशी, राजेंद्र प्रसाद, रामावती, आशीष सोनकर, राजू सेवादल, हरीराम वर्मा आदि रहे।


ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र। अमृत विचार

# ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी, केस

**खरगूपुर, गोंडाः** ग्राम पंचायत की नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जा रोके जाने पर अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में ग्राम प्रधान ने दस लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निधि नगर का है। यहां की ग्राम प्रधान मालती देवी का आरोप है कि गांव की नवीन परती भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होना था। जिसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। निर्माण के लिए भूमि पूजन भी हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग की सड़क से सटी जमीन कीमती होने के कारण पड़ोसी गांव झूरी कुइयां के रहने वाले रविंद्र कुमार, सुनील, सूबेदार, नायाब, विनोद, पुत्तन, गीता देवी, सुंदर पति सहित दस लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया। ग्राम प्रधान द्वारा कब्जे की शिकायत स्थानीय पुलिस सहित जिला अधिकारी, उपजिलाधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी से की गई। शिकायत के बाद खरगूपुर की पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस की मौजूदगी में महिला ग्राम प्रधान तथा उसके पति रामनरेश के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और जमीन को स्वयं की बताई।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

# सीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

**गोंडा कार्यालयः** ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में तेजी लाने और विकास कार्यों में आने वाली समस्या के समाधान की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि से मुलाकात की और उन्हें छह सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने बताया कि सीडीओ को दिए गए मांगपत्र में मनरेगा के अन्तर्गत श्रम सामग्री अनुपात में अनुमन्य कार्यों जैसे पुलिया, इन्टरलाकिंग, नाली, सोख्ता निर्माण व गांव की आवश्यकतानुसार स्वीकृति प्रदान करने, मनरेगा में एमआर जनरेशन व फीडिंग का कार्य ग्राम पंचायत से कराये जाने, कार्य करने वाले श्रमिकों को समय अनुसार मजदूरी उपलब्ध कराने, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन के तहत पेंशन पाने वाले वृद्धजनों को आधार प्रमाणीकरण न होने पर पेंशन से वंचित न किए जाने, ग्राम पंचायत के सभी राशनकार्ड में रिक्त यूनिट को बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के कोई कार्ड न बनाये जाने, विकास खण्ड स्तर पर गोवंशीय पशु मेले की शुरूआत कराने तथा जलजीवन मिशन के तहत पाइपलाइन से सम्बन्धित गली मोहल्ले के रास्तों की खोदाई के उपरांत उसे पक्का बनाए जाने की मांग की गयी है। ज्ञापन देने वालों में मुफिस खां, देवेश ओझा, मनीष कुमार, जीवन लाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



सीडीओ एम अरुन्मौलि को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# सर्राफा लूटकांडः अब भी पुलिस से दूर लुटेरे

**करनैलगंज, गोंडाः** बीते सोमवार को नगर के सर्राफा व्यापारी लूटकांड घटना के चौथे व पुलिस जांच के तीसरे दिन भी लुटेरे पुलिस की पहुंच से दूर ही नजर आ रहे हैं।

सूत्रों की माने तो पुलिस के पास अभी तक कोई भी ऐसा अहम सुराग नहीं मिल सका है कि जिससे पुलिस लुटेरों तक पहुंच सके। अभी तक की जांच में सिर्फ पुलिस के हाथ बदमाशों के भागते समय की फुटेज ही लग सकी है। इधर अभी तक पुलिस द्वारा कोई ठोस नतीजे पर न पहुंच पाने को लेकर नगर विभिन्न व्यापारिक संगठनों में पुलिस प्रशासन के प्रति विरोध की सुगबुगाहट तेज हो गयी है। वहीं बुधवार रात एसपी विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाल, क्राइम ब्रांच, सर्विलांस, एसओजी सहित तमाम पुलिस कर्मियों की पाठशाला लगाकर पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करने के लिए हर पहलू पर पूछताछ की और स्वयं क्षेत्र का भ्रमण भी किया। बृहस्पतिवार को पूरे दिन पुलिस की टीम अलग-अलग स्थान पर पड़ताल करती फिरती रही। 72 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस को बदमाशों की तलाश नहीं हो पाई है।

# रियल टाइम उपस्थिति के विरोध में निकाला मार्च

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** रियल टाइम उपस्थिति व डिजिटलाइजेशन के विरोध में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया और पुरानी पेंशन की बहाली समेत अपनी अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट व बीएसए को सौंपा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी, महामंत्री उमाशंकर सिंह व जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला पंचायत टीन शेड से बीएसए कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी की।


बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

मांग पत्र में बिना स्पष्टीकरण लिए शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई न करने, कनवर्जन कॉस्ट का पूर्ण भुगतान, डिजिटलाइजेशन व पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गयी। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी देवकी नन्दन शुक्ल, ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज बलवंत सिंह, अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक, अध्यक्ष वजीरगंज अवनीश पांडे, अध्यक्ष परसपुर विपिन सिंह, रुपईडीह अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, राजेश तिवारी, डा अरुण सिंह, अध्यक्ष अंगद प्रसाद, अनुपम पांडे, संदीप त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, शिवम पाठक, सुरेश सिंह, मुरली मनोहर शुक्ल, नरेंद्र सिंह, इरफान मोइन, आनंद सिंह मंत्री, अनिल सिंह, विपिन सिंह, अरुण शुक्ल, देव प्रभाकर पाण्डेय, राजीव बघेल, प्रमोद सिंह पाल, ऋषभ उपाध्याय, विजय चौहान, यशवंत पांडेय, दीपक श्रीवास्तव, भास्कर ओझा, आनंद शुक्ला, अंशुमान भारती समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## आक्रोश

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

# पेंशन और पीएफ के लिए भटक रहे रिटायर्ड कर्मी

**गोंडा कार्यालयः** पेंशन और पीएफ के लिए पालिका की चौखट रगड़ रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पालिका से अब तक राहत नहीं मिल पाई है। अफसर बताते हैं कि राज्य वित्त आयोग से मिली 3.8 करोड़ की रकम ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई है। उधर सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ ने डीएम से मिलकर इसमे वित्तीय अनियमितता को छुपाने का आरोप लगाया है।

शासन की ओर से विगत जनवरी माह में राज्य वित्त आयोग के मद से नगर पालिका परिषद गोंडा को 3 करोड़ 80 लाख 3 हजार 8 सौ 61 रुपए मिले थे। निर्देश थे कि इस राशि का उपयोग सर्वप्रथम नगर पालिका के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन व पेंशन भुगतान और उनके एरियर के भुगतान के रूप में किया जाना है। लेकिन कार्यरत कर्मचारियों के एक माह के वेतन और उनके सालभर से बकाया पीएफ में ही अधिकांश खर्च दिए गए। जबकि वेतन से नियमित कटौती होती रही है। साल भर से पालिका की चौखट घिस रहे 150 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी मांग के सापेक्ष आंशिक भुगतान ही किया गया। उधर अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि सभी पेंशन धारकों का हिसाब बनाया जा रहा है। उनकी मांगों के अनुरूप भुगतान कर दिया जाएगा।

# भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला

मसकनवा, गोंडा

**अमृत विचारः** गौरा विधान सभा के मसकनवा कस्बे के फार्म हाउस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रभात वर्मा ने फीता काटकर किया। राजा भैया ने पंडित सुशील शास्त्री के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कराया। राजा भैया ने कहा कि पूरा क्षेत्र हमारा परिवार है। हम पीढ़ी दर पीढ़ी से लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हैं। यहां से परिवार की तरह जनता का सहयोग और आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ गया है। रेलवे से संबंधित तीन फ्लाईओवर का निर्माण, श्रावस्ती, उतरौला, खलीलाबाद रेल मार्ग सहित विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव, स्टेशनों पर सुविधाएं और सौंदर्यीकरण कराया गया है। इस मौके पर यूपी सिंह, कृष्णा तिवारी, रमाकांत तिवारी, दिनेश शुक्ला, रामजी श्रीवास्तव, जितेंद्र पाण्डेय, विक्रम वर्मा, भूपेश मिश्रा, बच्चा सिंह, रिंकू सिंह, राजन सिंह, श्यामबरन पाण्डेय, जगन्नाथ चौबे, बीडी पाठक, अंगद वर्मा, सोनू पाण्डेय, राधेश्याम वर्मा, गंगाराम यादव, सावल प्रसाद शुक्ला, राम लौट यादव, सच्चिदानंद पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक प्रभात वर्मा।


कार्यक्रम में बोलते विधायक प्रेम नरायन पांडेय। अमृत विचार

### विधायक ने दी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**तरबगंज, गोंडा :** तरबगंज विधान सभा के ब्लॉक सभागार में शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री अजय सिंह पिंटू रहे। संयोजक तरबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष तरबगंज अमरेश तिवारी, जिला मंत्री डॉ. जनक लली पाण्डेय ने बताया कि मोदी सरकार महिलाओं के लिए गर्भावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक के लिए कार्य कर रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण पांडे शक्ति बंधन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्टेशन रोड पर जलभराव से परेशानी

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज स्टेशन के ठीक सामने की रोड पर जलभराव के चलते बाजार में आने जाने वाले लोगों का मार्ग पर निकलना दुश्वार हो रहा है। मगर रेलवे या नगर पालिका प्रशासन इसका कोई हल नहीं निकल रहा है। कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के सामने से सर्बामाई स्थान तक रेलवे स्टेशन रोड के नाम से जाना जाता है। इस मार्ग की मरम्मत देखभाल नगर पालिका प्रशासन करता चला रहा है। मगर रेलवे स्टेशन के विस्तार में इस सड़क पर नगर पालिका प्रशासन का हस्तक्षेप रेलवे प्रशासन ने रोक दिया है। जिससे नाला का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जो नाला पहले से था वह टूट गया है जिससे स्टेशन रोड पर मोहल्ले से निकलने वाला गंदा पानी पूरी तरह रोड पर बह रहा है। मुख्य मार्ग पर ही जल भराव एवं कीचड़ गंदगी के चलते लोगों का आवागमन दुश्वार हो गया है। नाला निर्माण न होने के चलते लगातार जल भराव की स्थिति बनी हुई है। उधर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धनुषधारी सिंह का कहना है कि इस मार्ग की देखरेख और मरम्मत, नाली निर्माण का कार्य नगर पालिका 70 वर्षों से करती चली आ रही है। जो बाजार के अंदर आने का मुख्य मार्ग है नाली निर्माण करने की व्यवस्था की गई तो रेलवे प्रशासन ने रोक दिया। जिसके चलते यह समस्या आ रही है। बिना रेलवे की इजाजत के नाली का निर्माण नहीं कराया जा सकता है विभाग से वार्ता करने का प्रयास किया जा रहा है।


करनैलगंज में स्टेशन रोड पर जलभराव की स्थिति। अमृत विचार

# अज्ञातवास में पांडवों ने की थी शिवलिंग की स्थापना

बृजेश पाठक,नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में स्थित पांडव कालीन मंदिरों की स्थापना पांडवों की ओर से अज्ञातवास के समय की गई थी। जिसमें पूजा अर्चना के लिए जिले के साथ पड़ोसी जनपद और नेपाल के श्रद्धालु भी आते हैं। वृद्ध लोगों के मुताबिक पांडवों द्वारा स्थापित इन शिव मंदिरों में भगवान शिव को मनाने के लिए जल और अन्य सामग्री अर्पण के लिए भीड़ रहती है।

महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के मौके पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहेगी। शहर के छोटी बाजार स्थित पांडव कालीन सिद्धनाथ शिव मंदिर की काफी मानता है। जिसके चलते सुबह तीन बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है। यह सिलसिला पूरे दिन जारी रहता है। नानपारा के मसूदनगर गांव में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर में काफी भीड़ रहती है। इसके अलावा पयागपुर में स्थित बागेश्वर नाथ शिव मंदिर और नवाबगंज में स्थित मंगली नाथ शिव मन्दिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ एकत्रित होती है। वृद्ध लोगों के मुताबिक पांडवों ने अज्ञातवास के समय शिवलिंग की स्थापना की थी। जिसके चलते जिले के तीन शिव मंदिरों में काफी भीड़ रहती है। ऐसी मान्यता है कि पांडवों द्वारा स्थापित शिव मंदिर में जलाभिषेक करने से भगवान शिव काफी खुश होते हैं। इन मंदिरों में दूसरे जनपद के लोग ही जल चढ़ाने के लिए आते हैं।


नानपारा के मसूद नगर गांव में स्थित शिव मंदिर। अमृत विचार

### स्वयंभू हैं भोलेनाथ का मंदिर


नानपारा तहसील क्षेत्र में स्थित जंगली नाथ शिव मंदिर पांडव कालीन है। यह मंदिर स्वयंभू भोलेनाथ का है। जिसके चलते यहां काफी भीड़ रहती है। लोगों की मांग यहां जरूर पूरी होती है।

**-अनिल शास्त्री, मंदिर कमेटी अध्यक्ष**

### इसलिए पड़ा जंगली नाथ नाम


नानपारा तहसील के मसूद नगर बस्थनवा गांव में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर कई सौ साल पहले हुई थी। 300 वर्ष पूर्व मंदिर को भाव स्वरूप दिया गया था। मंदिर को पूर्वज जंगली गिरी ने इसको स्वरूप दिया था। जिसके चलते मंदिर का नाम जंगली नाथ शिव मंदिर पड़ा।

**-मून बाबा ,मंदिर पुजारी**

# परियोजनाओं का जल्द होगा उद्घाटन: मुख्यमंत्री

**बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए विकास कार्यों को गत देने की बात कही। जंगल क्षेत्र में खराब सड़कों के निर्माण की मांग एनओसी के द्वारा कराए जाने की बात कही।

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के लिए बहराइच लोकसभा क्षेत्र के सांसद अक्षयवर लाल गौड़ और उनके पुत्र भाजपा नेता डॉक्टर आनंद गौड़ पहुंचे। मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने के बाद संसद ने जंगल से सटे गांव के लोगों की समस्याएं सुनाएं उन्होंने कहा कि जंगल क्षेत्र से जितनी भी सड़के आई हैं। वन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं दी जा रही जिसके चलते इसका निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तार फेंसिंग मजबूत हो जिसके चलते जंगली जानवर गांव की ओर न बढ़ सके इसके अलावा अन्य विकास कार्यों की मांग सांसद ने की। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चितौरा में स्थित महाराजा सुहेलदेव के अलावा अन्य पूरे हुए कार्य का लोकार्पण और उद्घाटन जल्द ही होगा, इससे जिले के लोगों को लाभ मिलेगा।


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सांसद।

# शान्तिपूर्ण तरीकें से मनाए त्योहार


बैठक को संबोधित करते सीओ। अमृत विचार

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि को लेकर जरवलरोड थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक सभी लोगों से आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। बृहस्पतिवार को आगामी महाशिवरात्रि त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर जरवलरोड थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी।बैठक में क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेंद्र कुमार गौड ने सभी से आपसी सदभाव के साथ मिल जुलकर त्योहार मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि सभी लोग महाशिवरात्रि को मिल जुलकर मनाए।कहीं भी कोई दिक्कत है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने कहा कि पुलिस अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करेगी।सभी लोग एक दूसरे के साथ आपसी भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि का पर्व निभाएं।

## एक नजर

### विद्यालय में चोरी का केस दर्ज

**बहराइच,अमृत विचार :** पयागपुर थाने के कोट बाजार डायट परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मे 21 फरवरी की रात चोरी की वारदात हुई थी। प्रधान अध्यापक विभा सरकार ने इसकी तहरीर थाने में दी थी। खंड शिक्षा अधिकारी को भी तहरीर प्रतिलिपि भेज कर अवगत कराया गया था। इस मामले में दो सप्ताह बाद केस दर्ज किया गया है।

### मारपीट मामले मे एफआईआर हुई दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** नगर कोतवाली में मारपीट मामले में दो नामजद व पांच छह अज्ञात के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हुई है। देहात कोतवाली के शेख दहीर निवासी मनीष सिंह पुत्र कैलाश सिंह की तहरीर पर दीपक सिंह शूटर, सुमित सिंह व पांच छह अन्य को नामजद कराया गया है। पीड़ित के अनुसार वह 3 मार्च की रात 9 :45 बजे अपनी स्कूटी में पेट्रोल भरवाने गए थे। वहां मौजूद दीपक सिंह आदि ने कहासुनी के बाद मारपीट की। उनकी गले में पहनी सोने की चेन गायब हो गई। नगर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर तहकीकात की जा रही है।

### महिला शिक्षा मित्र से अभद्रता मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर थाने के राजापुर कलां के प्राथमिक विद्यालय महापुरवा में शिक्षा मित्र के पद पर तैनात सरिता सिंह की तहरीर पर गांव के ही प्रदीप कुमार सिंह को नामजद कर केस दर्ज कराया गया है । पीड़िता के अनुसार 26 फरवरी को वह विधालय में जब 1 :30 बजे छात्र छात्राओं को पढ़ा रही थी। इसी दौरान प्रदीप कुमार सिंह ने विद्यालय पहुंचकर अकारण अभद्रता पूर्ण गाली गलौज की। उनके विरोध करने पर वह मारपीट पर आमदा हो गए। शोर पर विधालय का अन्य स्टाफ पहुंचा। जिसके चलते वह मारपीट से बच सकी। इस मामले में नौ दिनों बाद तहकीकात कर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा, धमकी। व गाली-गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है ।

### तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर आज से

**बहराइच, अमृत विचार :** गुरूद्वारा सिंह सभा बहराइच के परिसर में सरदार अमरजीत सिंह आहलूवालिया की स्मृति में निशुल्क 03 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन आज से होगा। शिविर में कोरियन चायनीज एव जापानी चिकित्सा पद्धति द्वारा लो ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड प्रेशर, साईटिका, सर्वाइकल माइग्रेन, कमर दर्द जोडो का दर्द घुटनों व कंधों के दर्द इत्यादि का उपचार का आयोजन गुरूद्वारा मे निशुल्क किया गया है। शिविर में डॉ करम सिंह व परम कौर सुजोक हीलिंग थेरेपी मोहाली पंजाब से विशेष रूप से आ रहे है। इस निशुल्क चिकित्सा का लाभ आमजनमानस उठा सकते है।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत, 4 लोग घायल

## तेज रफ्तार व लापरवाही बन रही हादसों की वजह

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में तेज रफ्तार व लापरवाही से दुर्घटनाओं में रोजाना मौतों का सिलसिला चल रहा है। तीन थानों के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन की जान चली गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

बौंडी थाना क्षेत्र के कोदही गांव निवासी 20 वर्षीय शिव पूजन पुत्र दाता राम, 25 वर्षीय बालिंदे पुत्र राजू, 25 वर्षीय ननकू पुत्र सत्यप्रकाश बुधवार रात लगभग 11:30 बजे बाइक से शादी मे शामिल होने फखरपुर थाने के कुंडासर मे बारात जा रहे थे। बहराइच लखनऊ हाईवे पर गजाधरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने शिवराजपुर के पास बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसमे शिव पूजन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बालिंदे व ननकऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को फखरपुर सीएचसी में लाए जाने पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बालंदे की भी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि विक्रम चौहान ने बताया बुधवार की रात बारात जा रहे सड़क दुर्घटना मे गांव के पूजन व बालेंदें की मौत हो गई है। ननकू का इलाज चल रहा है। एसएचओ करुणाकर पांडे ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में कर मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मोतीपुर थाने के घुमनाभारु निवासनी 60 वर्षीय श्यामा देवी पत्नी बसंत लाल नैनिहा कालोनी अपने रिश्तेदारी में जाने के लिए गुरूवार दोपहर में सड़क किनारे खड़ी थी। लखीमपुर की तरह से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने घायल को मोतीपुर सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर महिला को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है नवाबगंज थाने के बनकसही सोनपुर मार्ग पर सोनपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्राली मार्ग के नीचे खड्ड में पलट गया। जिसके चलते ट्राली में सवार 30 वर्षीय लल्लू सोनकर, 32 वर्षीय अर्जुन सोनकर पुत्र शंकर, 55 वर्षीय नरेश पुत्र पतिराम ट्राली के नीचे दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सहायता से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां से घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। एसएचओ राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस घटना की जानकारी ले रही है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

### निरंतर हो रहे हादसे

लखनऊ बहराइच और नानपारा बहराइच मार्ग के अलावा बहराइच गोंडा मार्ग पर हादसे बढ़ गए हैं। प्रतिदिन हो रहे हादसे के चलते लोग जान गंवा रहे हैं। इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार में वाहनों का संचालन है।

# मजिस्ट्रेट की तैनाती में मनेगा महाशिवरात्रि पर्व

बहराइच

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर क्षेत्र में निकाले जाने वाले जुलूसों/शोभायात्रा/शिव बारात को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी गयी है।

महाशिवरात्रि पर्व के पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः 4 बजे से ही कॉवर यात्रा निकाल कर विभिन्न स्थानों पर स्थित शिवालयों/मन्दिरों में जलाभिषेक किया जाता है जो सिलसिला देर सांयकाल तक चलता रहता है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला अल्पसंख्यक कल्याध अधिकारी संजय मिश्रा व तहसीलदार सदर बहराइच अभय राज पाण्डेय को सिद्ध नाथ मन्दिर के अन्दर व अगल-बगल एवं सड़क मार्ग पर व सड़क मार्ग से मन्दिर की ओर प्रवेश मार्ग एवं बाहर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियन्त्रित रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद व सहायक चकबन्दी अधिकारी अहमद अली तथा उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर गोलवाघाट पुल, केडीसी तिराहा, डीएम आवास तिराहा, पानी टंकी चौराहा, डिगिहा तिराहा से छावनी चौराहा होते हुए कांवरिया दल के साथ-साथ भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय व तहसीलदार न्यायिक सदर अजय कुमार को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर किसान डिग्री कालेज, बस स्टेशन, पीपल तिराहा होते हुए घंटाघर चौक निकट सिद्ध नाथ मन्दिर तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा व सहायक चकबन्दी अधिकारी राम कुमार वर्मा को मनकामेश्वर मन्दिर धनकुट्टीपुरा से सांय सात बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ गणेश पूजा स्थल ब्राहम्णीपुरा घंटाघर चौक छावनी चौराहा होते हुए स्टेशन रोड धनकुट्टीपुरा से वापसी स्थल तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सहायक चकबन्दी अधिकारी गया प्रसाद व जितेन्द्र प्रसाद को थाना दरगाह शरीफ मोहल्ला गुलामअलीपुरा स्थित राम घाट मन्दिर से सॉय सात बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ निर्धारित मार्ग राम जानकी मन्दिर गुलामअलीपुरा तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अधिकारी शिव बारात के साथ कार्यक्रम की समाप्ति तक उपस्थित रहेंगे।

### दहेज के लिए महिला की हत्या का आरोप

**बहराइच :** बहराइच मेडिकल कॉलेज में श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र निवासी एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की मां ने दहेज के लिए पति पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली नगर की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के रनियापुर गांव निवासी मीरा देवी (21) का विवाह श्रावस्ती जनपद के इकौना थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी सुशील के साथ हुआ था। मीरा देवी की मां माया देवी का कहना है कि उसकी बेटी को पति सुशील नंद तारा देवी और बड़ी जेठानी दहेज के लिए प्रताड़ित कर रही थी। बुधवार शाम को दामाद ने फोन करके बताया कि जहर देकर मार दो बाकी हम निपट लेंगे जिस पर इन सभी ने जहर खिला दिया गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल बहराइच जफर किया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई, जिस पर कोतवाली नगर के पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तेंदुए के हमले में बालिका घायल

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार:** जंगल से सटे रमपुरवा बनकटी गांव निवासी एक बालिका मां के साथ खेत में गुरुवार को काम कर रही थी। तभी जंगल से निकलकर आए तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मजरा बनकटी निवासी 11 वर्षीय रंजना पुत्री शेर बहादुर अपनी मां ऊषा के साथ गुरुवार दोपहर को गेंहू के खेत से घास काटने गयी थी। इस दौरान खेत में छिपे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया तभी बेटी को बचाने के लिए मां तेंदुए से भिड़ गई। इस पर तेंदुआ मौके से भाग गया लेकिन तेंदुए के हमले में बालिका घायल हो गई। मां की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े, इस पर हमलावर तेंदुआ जंगल से सटे खेत में छिप गया। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल सूचना सुजौली रेंज के वन दरोगा अनिल कुमार को दी गई। मौके पर वनकर्मी मोहम्मद उमर, वाचर विकास राजपूत और बेफई पहुंचे और बालिका का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली पर कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर आशीष गुप्ता व फार्मासिस्ट महेश्वरी प्रसाद शुक्ला ने इलाज किया। बालिका की हालत खतरे से बाहर है।


बालिका का इलाज करते चिकित्सक।

### माता-पिता का सभी करें सम्मान : कथावाचक

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के बंजारीमोड पश्चिम रामराम कालोनी पर चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से आए कथा व्यास पंडित जगदीश महाराज ने शुक देव के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवत के प्रधान वक्ता शुक देव है। प्रधान श्रोता परिक्षित है। कथावाचक ने कथा में बताया कि कुंती ने श्री कृष्ण से वरदान के रूप में दुख मांगा, क्योंकि दु :ख में प्रभु की याद बनी रहती हैं। सुख के माथे सिल पड़े जो हरि हृदय से जाये,बलिहारी वो दुख की जो पल-पल याद कराए। उन्होंने समझाया कि करनी का फल तो भोगना ही पड़ेगा। द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण ने द्वारिका में आने पर सर्व प्रथम अपने माता-पिता को प्रणाम कर यह संदेश दिया कि हम सबको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।श्रोताओं ने श्रीमद्भागवत का खूब आनंद उठाया।


भागवत कथा सुनाते कथावाचक।

# गांव के आगे बढ़ने पर ही देश बढ़ेगा आगे: मुकुट बिहारी

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री ने जरवल के धनराजपुर में बने अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर नव निर्मित भवन का लोकर्पण कर भवन पर लगे सिलापट का अनावरण किया।

पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने जरवल ब्लॉक के धनराजपुर ग्राम पंचायत में बने अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर लोकार्पण तथा अन्नपूर्णा भवन में लगे सिलापट का अनावरण किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारा देश आगे बढ़ रहा है। पहले गांव में झोपड़ियां दिखती थी, अब उसकी जगह पक्के मकान ले रहे है।सरकार गांव के विकास के लिए काम कर रही है। कोटे की दुकान की चर्चा करते हुए वर्मा ने कहा कि एक समय था जब नमक और कपड़ा कोटे की दुकान पर मिलता था। अब सरकार गांव के अन्नपूर्णा भवन ग्रामीणों को सभी तरह की सुविधा देने का संकल्प व्यक्त कर रही है। हमारा गांव जब आगे बढ़ेगा तभी हमारे देश का विकास होगा। हमारी सरकार सेवा भाव के साथ काम कर रही है। विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों के विकास और उत्थान के लिए काम कर रही है। आज देश के 80 करोड लोगों को सरकार मुफ्त में राशन दे रही है। गांवों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। गरीबों को कम राशन न मिले इसके लिए ई-पास मशीन को इलेक्ट्रॉनिक कांटे से लिंक किया जा रहा है। जिसपर अंगूठा लगाने के बाद जब तक कार्ड धारक को पूरा राशन नहीं दिया जाएगा,मशीन वितरण प्रक्रिया पूर्ण नही करेगी । इस दौरान ब्लॉक प्रमुख वीपेंद्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमन वर्मा, पूर्ति निरीक्षक दिवाकर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, प्रदीप जयसवाल, ग्राम प्रधान आनंद देव वर्मा, प्रतिनिधि कमल कुमार वर्मा,कौशल सिंह, पंचायत सचिव राजेश्वर प्रताप यादव,अरुण वर्मा समेत उपस्थित रहे।


अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच:** फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुबकापुर के मजरा कोडरी निवासी मयंकर यादव ने बृहस्पतिवार को पेड़ में रस्सी से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर पिता राजेंद्र प्रसाद यादव रोटी भी लगता मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने वश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

## कार्यक्रम

ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के प्रति करेगा जागरूक

# जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे। लोगों को जागरुक कर रही नमामि गंगे जल जीवन मिशन की वाहन। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश) योजना के अंतर्गत विकासखण्ड कैसरगंज में SWSM के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का शुभारंभ विकास खण्ड कैसरगंज के परिसर से किया गया।

खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन मेसर्स फैल्कान, लखनऊ की टीम द्वारा किया गया, जिसमे जल जांच, पेयजल एवं स्वच्छता प्रदर्शनी कार्यक्रम एवं IEC मैटेरियल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय पर किया गया । खण्ड अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी टीमों को ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नज़र ईमाम एवं ग्राम पंचायत सचिव एवं टीए अभिनाश श्रीवास्तव ग्राम प्रधान इकराम अली आफताब वमेसर्स फैल्कान, लखनऊ के जिला परियोजना समन्वयक मो. शाहिद अली सहायक जिला परियोजना समन्वयक मूलचन्द गिरी एवं अंकित तिवारी,मास्टर ट्रेनर रमेश सिंह ,धनन्जय तिवारी को ऑर्डिनेटर रणधीर पटेल विशाल, शिवम ट्रेनर जया शुक्ला, विनयपाल, गौरव, विशाल मो आलम कडसर व कई गावों के प्रधान गण आदि लोग उपस्थित रहे।


वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ। अमृत विचार

### फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा आयुर्वेदिक अस्पताल

**रूपईडीहा, बहराइच :** सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कई माह से चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण चिकित्सालय फार्मासिस्ट के सहारे संचालित है। इसके चलते मरीजों को फार्मासिस्ट से उपचार कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ राजेश कुमार को कुंडासर के अस्पताल में अटैच कर दिया गया है और वहां पर तैनात फार्मासिस्ट को रूपईडीहा भेज दिया गया है । जिसकी वजह से अस्पताल आने वाले मरीजों का उपचार फार्मासिस्ट के भरोसे हो रहा है। फार्मासिस्ट प्रेमचंद्र मौर्या ने बताया कि गंभीर बीमारी वाले मरीज चिकित्सक न होने के कारण लौट जाते हैं। चिकित्सक के अभाव में सामान्य मरीजों का उपचार करना मजबूरी है। स्थानीय लोगों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द आयुर्वेद चिकित्सक की तैनाती की जाए ।



## एक नजर

### आज आयेंगे पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री

बहराइच। प्रदेश के मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मपाल सिंह का शुक्रवार को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री 09 मार्च को पूर्वान्ह 10 :45 बजे लोनिवि निरीक्षण भवन पहुंचकर पूर्वान्ह 10 :55 बजे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता करेंगे। पूर्वान्ह 11 :15 बजे रामलीला मैदान स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पहुंचकर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र–56 बहराइच के प्रबन्धन समिति के साथ बैठक करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 12 :15 बजे से कोर कमेटी तथा अपरान्ह 01 :30 बजे से विधानसभा संयोजक एवं विधानसभा प्रभारी व विधानसभा विस्तारक के साथ बैठक कर निरीक्षण भवन वापस आ जायेंगे। सिंह सवा दो बजे जनप्रतिनिधियों के साथ तथा अपरान्ह ढाई बजे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर अपरान्ह तीन बजे बलरामपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी।

### शांति कमेटी की बैठक

**रिसिया,बहराइच :** रिसिया थाना परिसर में आने वाले विभिन्न त्योहारों को लेकर शांति कमेटी की बैठक की गई, जिसमे शांति बनाए रखने की अपील की। पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए हीरा लाल कनौजिया सीओ पयागपुर ने बताया कि त्योहार मिल जुल कर मनाए,आपसी सदभाव बनाए रखे,इन त्योहारों में विघ्न डालने वालो पर सख्त कार्यवाही होगी, प्रशासन की रडार पर कुछ चिन्हित भी है।उन पर भी नजर रखी जा रही है। रास्तों एवम सड़को पर साफ सफाई का ध्यान रखा जाय।पीस कमेटी का संचालन प्रदीप कुमार सिंह एस एच ओ ने किया।यह बैठक महा शिव रात्रि,रमजान एवम होली पर्व को लेकर संपन्न की गई है। इस अवसर पर रामू लाल प्रतिनिधियेर मैन , सरोज सिंह,फरमान खान,श्रवण मित्तल,मोहम्मद अहमद प्रधान,रमा शंकर सिंह प्रधान प्रतिनिधि, सोनू,राजन भारतीय,समसुद्दीन, मुजफर अली सहित शामिल रहे।

### बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा के एम ए करियर एकेडमी में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों के बनाये मॉडल ने चार चांद लगा दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इरफान अहमद मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एलडीएम सुभाष चंद्र मित्रा, डीएसओ दीपक वार्शेण ने प्रदर्शनी को देखा और बच्चों से उनके प्रोजेक्ट की जानकारी ली। श्री मित्रा ने प्रदर्शनी में कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जिस भी रूप में आकर दिया जाएगा वे वही रूप में ढल जाएंगे। डीएसओ ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से भाग्य की रेखाओं को भी बदला जा सकता है। बच्चों में प्रतिभाएं कूट कूट कर भरी है सिर्फ इन्हें दिशा देने की जरूरत है। प्रबन्धक अहमद नज़म ने बताया कि प्रदर्शनी में सौर मंडल, पानी शोधन, हाइड्रो पावर एनर्जी, सहित अन्य प्रोजेक्ट बनाये गए थे। इस मौके पर प्रधानाचार्य फरहा दीबा, शिक्षक श्याम दीक्षित, हेमन्त शर्मा, एसडी यादव, सिदरा खातून, नाजिया नाज, कनकलता मिश्रा, गीतांजलि आदि मौजूद रही।

# हर घर की नींव कहलाती है महिला

## विश्व महिला दिवस पर विशेष

- कोई शिक्षा तो कोई समाजसेवा कर बढ़ा रहा कदम
- पुरुषों से कदम ताल कर आगे बढ़ रहीं महिलाएं

राजू जायसवाल,बहराइच

**अमृत विचार:** हर घर की नींव कहलाती है महिला घर को परिवार बनाती है। कवि की यह पंक्तियां महिला दिवस पर सटीक बैठती है।

जिले में कई ऐसी महिलाएं हैं जो बालिका विवाह को रूकवाने, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्र में अपना योगदान देकर महिलाओ को बढ़ावा दे रही हैं। लेकिन आज के समय में भी लोग महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं समझ रहे हैं महिला और पुरुष के बीच उत्पन्न हुए खाई को हम सभी को मिलकर ही दूर करना होगा। इसीलिए प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन सरकार के साथ प्राइवेट संस्थानों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के योगदान को सराहा जाता है। उन्हीं महिलाओं से अमृत विचार अखबार ने वार्ता कर उनके शब्दों को प्रकाशित किया है। पढ़ें महिलाओं से बातचीत के अंश।

### अलग है पहचान



शहर के मोहल्ला कानूनगोपुरा दक्षिणी निवासी डॉ बलमीत कौर ने शादी नहीं की है लेकिन इसके बाद भी वह किसी पुरुष से कम नहीं है। सबसे कठिन माने जाने वाले मूक बधिर बच्चों के लिए विद्यालय का संचालन करती हैं। साथ ही प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक ऐसे बच्चों को शिक्षा देकर उनके जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि सामान्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की जरूरत है।

–डॉक्टर बलमीत कौर

### बालिका विवाह पर लगा रहीं अंकुश



लखनऊ निवासी रचना कटियार बहराइच के वन स्टाफ सेंटर में प्रबंधक है। वह महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ बाल विवाह पर भी रोक लगा रही हैं। इसके लिए वह महिला और पुरुष सिपाहियों का सहयोग लेती हैं। रचना कटिहार ने बताया कि बीते 5 दिन में उन्होंने 11 बाल विवाह रुकवाया है वह इसी तरह आगे भी कार्य करती रहेगी।

–रचना कटियार, प्रबंधक

### बच्चों को छोड़ दे रही शिक्षा



शहर के हुजूरपुर रोड पर श्रमिकों की बेटियों के लिए बालिका विहान विद्यालय का संचालन होता है। समाजशास्त्र विभाग की ओर से संचालित विद्यालय में 100 बालिकाएं पढ़ रही हैं। एक बेटा और बेटी उन्हें भी है। लेकिन वाराणसी में स्थित अपने परिवार को छोड़ बेटियों को शिक्षा दे रही हूं। स्कूल समय के अलावा पार्ट टाइम भी शिक्षा देती हूं। आज के समय में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं।

–प्रिया प्रसाद ,वार्डेन

### चकबंदी का ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**विशेश्वरगंज, बहराइच :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरौना में वर्ष 2009 से प्रचलित चकबंदी प्रक्रिया अब स्थगित होने के कगार पर पहुंच गई है। शुरू से ही ग्रामीण चकबंदी का विरोध करते आ रहे थे। इसके विरोध में रवि मिश्रा की अगुवाई में सभी ने धरना दिया। सेमरौना गांव में चल रहे चकबंदी प्रक्रिया का विरोध ग्रामीणों ने तेज कर दिया है। गांव निवासी रवि मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना दिया। उपजिलाधिकारी पयागपुर दिनेश चंद्र ने चकबंदी अधिकारियों के साथ गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। उपजिलाधिकारी के सामने उपस्थित लगभग तीन सौ ग्रामीणों ने एक राय होकर चकबंदी प्रक्रिया स्थगित करने के पक्ष में अपनी संस्तुति दी। मात्र एक व्यक्ति ऐसा था, जो चकबंदी प्रक्रिया के पक्ष अपनी इच्छा जाहिर की। ऐसी स्थिति में उपजिलाधिकारी ने बताया कि चकबंदी प्रक्रिया संभव नहीं। इस मौके पर कृष्ण मोहन शुक्ल, पेशकर दूबे, लायक राम मिश्र,राम जियावन तिवारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अभियुक्त के घर दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला

- उप निरीक्षक की तहरीर पर छह नामजद और 12 अज्ञात पर केस

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के रूकनापुर गांव निवासी एक एनबीडब्ल्यू के वारंटी के घर दबिश देने गई पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। जिसमें उप निरीक्षक समेत दो घायल हो गए। उप निरीक्षक की तहरीर पर महिला समेत छह नामजद और 12 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक परिवार के लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। हुजूरपुर थाने में पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूकनापुर निवासी शरद सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह के विरुद्ध केस दर्ज है। जिसके विरुद्ध न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया है। हुजूरपुर पुलिस को अपराधी के गांव में होने की सूचना मिली। जिस पर हुजूरपुर पुलिस ने पयागपुर पुलिस को अपराधी को गिरफ्तार करने की बात कही। जिस पर पयागपुर थाने के उप निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता और हेड कांस्टेबल दयाराम यादव की टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गई। आरोप है कि परिवार की महिलाओं और पुरुषों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। उप निरीक्षक की सूचना पर थाने की अन्य पुलिस पहुंची। उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल को छुड़ाकर लाए। इसके बाद उप निरीक्षक ने थाने में तहरीर दी। उप निरीक्षक की तहरीर पर रूकनापुर गांव निवासी रजत प्रताप सिंह पुत्र लल्ला सिंह, रवि सिंह, हर्षित सिंह, पूनम सिंह, दीपिका सिंह, श्वेता सिंह को नामजद और 10 से 12 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी हीरालाल कनौजिया ने बताया कि शातिर अपराधी की सूचना पर पुलिस टीम गई थी। जिस पर हमला हुआ है। सभी के विरुद्ध बलवा फैलाने, सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

# मां के पास सो रहे बेटे को दबोच कर भागा भेड़िया

## शोर मचाने पर दौड़े लोग, घायल बालक को छोड़ भागा वन्यजीव

बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच वन प्रभाग की सदर रेंज के औराही गांव में बुधवार देर रात मां के पास सो रहे बेटे को दबोच कर भेंड़िया भागा। तत्काल जागी मां ने वन्यजीव को बालक को ले जाते देख शोर मचाती उसके पीछे दौड़ी। तो परिजन व आसपास के लोग अनहोनी की आशंका से शोर मचाते दौड़े। भेंड़िया घायल बालक को छोड़कर भाग गया। घायल बालक को बेड़नापुर सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है । डिप्टी रेंजर अमित कुमार वर्मा ने मेडिकल कालेज पहुंचकर बालक का हालचाल लिया। वन महकमे की टीम औराही गांव पहुंची है।

हरदी थाना क्षेत्र औराही गांव में बुधवार लगभग 11:30 बजे शोभाराम की पत्नी आरती अपने चार बच्चों के साथ चारपाई पर सो रही थी। अचानक किसी परछाई के हमले से उसकी आंख खुली। तो उसके होश उड़ गए। उसके आठ वर्षीय बेटे राहुल को बड़े आकार का कुत्ता जैसा वन्यजीव दबोच बाहर ले जा रहा था। बालक की चीख घुट कर रह गई थी। आरती शोर मचाती हुई वन्यजीव के पीछे भागी। उसके शोर पर परिजन व आसपास के ग्रामीण शोर मचाते हुए दौड़े। तो भेंड़िया घायल बालक को छोड़कर भाग गया। आनन फानन में बालक को रात मे ही बेड़नापुर स्थित सीएचसी लाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज देकर बालक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस घटना की सुबह सूचना सदर रेंज मे दिए जाने पर वन महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेंजर मोहम्मद शाकिब, वन दरोगा प्रशिक्षण वर्मा, वन सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंह, वन रक्षक प्रताप सिंह राना, महर्षि वाजपेयी औराही गांव पहुंचे। वन्यजीव के पदचिन्ह की तलाश की गई।



जिला अस्पताल में भर्ती बालक का हाल जानते वन दरोगा। अमृत विचार

### युवक की हत्या मामले में चार को जेल

**रूपईडीहा, बहराइच:** क्षेत्र के मकनपुर गांव में दो दिन पूर्व आई बारात में खाने को लेकर हुए विवाद में सभी ने लाठियों से पिटाई कर दी थी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और अन्य मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम राम नगर बसंतपुर ऊदल गांव में बेचन आर्य के यहां मंगलवार रात को मकनपुर गांव से बरात आई थी। बारात में खाने को लेकर दूल्हे पक्ष और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था जमकर मारपीट हुई थी। दबंग के मारपीट में राम गांव थाना क्षेत्र के बलदेव सिंह पूर्व गांव निवासी सोनू आर्य पुत्र बांकेलाल की मौत हो गई थी। जबकि जगदीश निवासी शिवपुर बाजार घायल हो गया था। पुलिस ने हत्या समेत अन्य केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा और उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव की टीम ने जितेन्द्र वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र ओंमकार वर्मा निवासी रामनगर, अरविन्द उर्फ मटरू पुत्र रमेश निवासी लक्ष्मणपुर सलारपुर, चन्द्रप्रकाश वर्मा उर्फ डब्लू पुत्र राम बहोरे वर्मा निवासी रामनगर और ओमकार पुत्र राम बहोरे वर्मा निवासी रामनगर थाना रूपईडीहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आज नहीं होगी मुलाकात

**बहराइच :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार को जिला कारागार में बंदी रहेगी जिला कारागार की अधीक्षक राजेश यादव ने बताया की बंदी के चलते जेल में निरोध बंदियों से मुलाकात नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को पूर्व की भांति पुनः मुलाकात होगी। ऐसे में शुक्रवार को जेल में बंद बंदियों के परिवार के लोग मुलाकात के लिए न आएं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। एडमिन यूनिट/जोन : लखनऊ–पू.उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे., नीलामी सूची सं./लॉट सं. : LJN-MISC-08-24, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि : 04.03.2024 समय 17:28 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) : 20.03.2024 समय 13:00 बजे, नीलामी बंद करने की तिथि व समय : 20.03.2024 समय 13:40 बजे, नीलामी का प्रकार : Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-290 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

## कार्यालय – अधीक्षक, जिला कारागार, सुलतानपुर

पत्रांक: 401 / वाहन / 2024 दिनांक:– 2.03.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला कारागार सुलतानपुर के शासकीय वाहनों टाटा सूमो, माडल वर्ष 2006 संख्या– यू0पी0–32, बी जी–1510 तथा एम्बुलेन्स (ओमनी वैन) माडल वर्ष 2007 संख्या– यू0पी0–44 जी 0097 की नीलामी दिनांक– 12.03 2024 को प्रात: 10 बजे निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म किसी भी दिवस में कारागार में सम्पर्क कर वाहन की स्थिति जैसी भी है का निरीक्षण कर सकते है तथा नीलामी से सम्बन्धित शर्तो की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षक
जिला कारागार सुलतानपुर

## कार्यालय ग्राम रतनपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा

मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम रतनपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में निम्न कार्य होना है
1–संती के स्थान से मकोइया तालाब तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य,2–प्रा0 विद्यालय खडंजा से सिकंदर के बाग तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य हेतु ईट,सीमेंट,मोरंग,बालू,मिट्टी आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है.इच्छुक फर्म निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर संपर्क करें.सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है

संजय कुमार
प्रधान

उमेश भारती
ग्राम विकास अधिकारी

## कार्यालय ग्राम पंचायत बझना, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–07.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बझना, विकासखंड कूरेभार , जनपद सुलतानपुर में 15वा वित्त आयोग योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.03. 2024 से 11.03.2024 सायं 2 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत बझना, विकास खण्ड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–11.03.2024 को सायं 4 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | खडंजा से परमानन्द तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 2,50000 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– बझना, वि0ख0–वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– बझना , वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत परसा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–07.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसा , विकासखंड कूरेभार , जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.03.2024 से 14.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत परसा, विकास खण्ड कुरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–14.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जगन्नाथ के घर से सूबेदार के तालाब तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7,12,101 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– परसा, वि0ख0–वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– परसा , वि0ख0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

# सीएचसी आए टीवी मरीज को लिखी बाहर की दवा

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल मुस्तफाबाद में टीवी के मरीजों को बाहर की दवा लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बाहर की दवा न लेने पर दवा वितरण कर रहे एल ए मरीजों का कार्ड रख लेते हैं जिससे टीवी के मरीज परेशान है जो मरीज रुपए देते है उसको दवा दे देते है जो रुपए नहीं देता उसका कार्ड भी रख लेते है और दवा बाहर से लिख देते है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल मुस्तफाबाद में टीवी के मरीजों को मुफ्त में मिलने वाली दवाओं के साथ बाहर की दवा लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है।टीबी की दवा लेने आए मरीजों को बाहर की दवा लेने के लिए प्राइवेट पर्चे पर सीरप और कैपसूल लिखकर पर्चा थमा दिया जाता है। बाहर से प्राइवेट दवा न खरीदने पर कुछ मरीजों का कार्ड भी रख लिया जाता है।नाम न छापने की शर्त पर मरीजों ने बताया कि एसके सिंह नामक एलए हम लोगों को दवा देते है और रुपए मांगते हैं यदि रुपए न दिया जाए तो दवा बाहर से लिख देते है। जब हम लोग बाहर की दवा नही लाते हैं,तो हमारा कार्ड जमा कर लेते है। इस सम्बंध में प्रभारी सीएमओ डा.राजेश गौतम ने बताया कि बाहर की दवा लिखना गलत है।जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।



डॉक्टर द्वारा लिखी गई बाहर की दवा।

### आज दिल्ली में सम्मानित होंगी प्रेम लता

**बहराइच,अमृत विचार :** केंद्र सरकार एवं जल शक्ति मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित जल जीवन मिशन के अंतर्गत महिला दिवस पर पूरे प्रदेश में 5 जनपद को लिया गया है। जिसमें सहारनपुर, मुरादाबाद, मेरठ, अलीगढ़, बहराइच का चयन किया गया है। जनपद में जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को बुलाया गया है। विकास खंड हुजूरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सरखना निवासी को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाग करने वाली महिला ने जल जीवन मिशन में गाँव में जाकर महिलाओं को जागरूक किया एवं इस मिशन से लोंगो को कैसे जोड़ा और भी ग्राम पंचायत में जाकर पानी की गुणवत्ता के बारें में लोंगो को बताया दूषित जल से छोटे बच्चों को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। प्रेमलता ने जनपद के कई गाँवों में घर घर जाकर लोंगो को जागरूक किया। जिसके चलते उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

# मतदाता जरूर करें अपने मताधिकार का प्रयोग : डीएम

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय पटना में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान कराने की अपील की। उन्होंने लोगों को मतदाता शपथ भी दिलायी। शपथ दोहराते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखगें तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा जिले के कोने-कोने में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज से मतदाता जागरूकता का प्रतिदिन का कार्यक्रम तय करते हुए जिले के चिन्हित स्थलों पर चौपाल का आयोजन किया जायेगा।



मतदाता जागरूकता चौपाल को संबोधित करतीं जिलाधिकारी।

# प्रत्याशी बन पहली बार आगमन पर साकेत मिश्रा का हुआ स्वागत



साकेत मिश्रा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी से 58 लोकसभा सीट पर दावेदारी पक्की कर पहली बार क्षेत्र में आगमन पर साकेत मिश्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह स्वागत किया। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले को देखकर विरोधियों के हौसले पस्त हो गए। जो लोग कल तक विरोध की पिपिहरी बजा रहे थे वे भी समर्थन का राग अलापने लगे। मिश्रा का काफिला बहराच जिले के मरी माता मंदिर से शुरू हुआ। मरी माता मंदिर पर विधायक राम फेरन पान्डेय ने सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ स्वागत किया। इसके बाद मैरिया चौराहा होते हुए गिलौला पहुंचे जहां पर रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। मोहनीपुर मोड़, जगतजीत इंटर कलेज, कटरा, बलरामपुर, देवीपाटन मंदिर होते हुए विभूति नाथ मंदिर, सिरसिया में स्वागत के बात भिनगा के ईदगाह तिराहे पर रालोद जिला महामंत्री मोहसिन रज़ा खान ने कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नारेबाजी करते हुए स्वागत किया इसके बात भाजपा कार्यालय पहुचकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए साकेत मिश्रा ने कहा कि मैं श्रावस्ती, बलरामपुर को प्रदेश के टाप टेन जनपदों में शामिल करने के संकल्प के साथ आया हूं। उन्होंने कहा की ऐ प्रदेश के सबसे पिछड़े जनपद है इस जनपद के साथ मेरा खून का रिश्ता है 58 लोकसभा के विकास के लिए मैं संकल्पित हूं। मोदी जी के सबका साथ सबका विकास के विचारों को लेकर मैं 24 घंटे जनता की सेवा में पूर्ण मनोयोग से तैयार रहूंगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी,जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, रालोद नेता राजेश शुक्ला, रणबीर सिंह,गणेश मिश्रा, सरयू मिश्रा, सतीश मिश्र, राजेश वर्मा, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, गोण्डा

पत्रांक: 1577/क्षे0प0/निविदा/2023–24 दिनांक: 07/03/2024

**अल्पकालीन निविदा**

क्षेत्र पंचायत नवाबगंज में पंचम राजवित्त एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित आयोग द्वारा कार्य की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से नीचे दर्शाये गये निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निविदा दिनांक 08.03.2024 से 12.03.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर कैशियर को नगद मूल्य देकर 03 बजे अपरान्ह तक प्राप्त कर सकते है। निविदाये दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं व गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | परियोजनाओं का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि रू0 में | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 गोकुला में साकीपुर सरहद से रामसूरत यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 9.97 | 19940 | 500 |
| 2 | ग्रा0प0 इन्दरपुर के पूरे अंबर में मुर्गी फार्म से कमलेश पांडेय के घर तक इण्टरलाकिंग | 9.97 | 19940 | 500 |

शर्ते:–
1– सशर्त एवं कटिंग या ओवर राइटिंग वाली निविदा स्वीकार नही की जाएगी। प्रत्येक कार्य के लिए आपूर्तिकर्ता को अलग–अलग निविदा देनी होगी।
2–निविदा में दी गई आपूर्ति दरों की वैधता निविदा खुलने की तिथि से कार्य समाप्ति तक होगी।
3–शपथ निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है। जो निविदा/समिति/खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के समक्ष होगी। टी0ए0सी0 अथवा अधिकारी द्वारा जांच में ईंट/निर्माण सामग्री में किसी भी कमी के पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता उत्तरदायी होगा और उसे वसूली की निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी।
4–निविदादाता को निविदा में अपना स्थायी एवं वर्तमान पता दूरभाष नं0 सहित पठनीय अक्षरों में अंकित करना होगा।
5– आपूर्ति पी0डब्लू0डी0 के मानको एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए अन्यथा भुगतान में आवश्यक कटौती अथवा भुगतान रोकने की कार्यवाही की जाएगी।
6–दर समस्त कर सहित (ब्रिकी कर आदि) निविदा में दी जाए। निविदादाता फर्म को व्यापार कर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए।
7– समस्त करों की कटौतियां निविदादाता से श्रोत पर भुगतान के समय कर ली जाएगी।
8–निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत/धरोहर की राशि का बैंक एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अरुन्धती सिंह
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा

विजय कांत मिश्रा
खण्ड विकास अधिकारी
नवाबगंज, गोण्डा

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### महा शिवरात्रि पर बंद हों मांस मदिरा की दुकानें, ज्ञापन

सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार को एसडीएम के माध्यम से सीएम को ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार जायसवाल ने ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को प्रदेश में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। उनकी मांग है कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि प्रदेश के किसी भी जिले में सार्वजनिक स्थल पर मांस मदिरा की दुकान न खुली हो। अगर कोई दुकान खुली मिले तो उसे बंद कराया जाये।

### पंत को ओलंपिक संघ ने पुण्यतिथि पर किया याद

सुलतानपुर, अमृत विचार : भारत रत्न महान स्वतंत्रता सेनानी उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि गुरुवार को पंत स्टेडियम में जिला ओलंपिक संघ के तत्वावधान में मनाई गई। यहां जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान, ओलंपिक संघ के महासचिव वेद प्रकाश उपाध्याय चैंपियन, एसएस बेग, मोहम्मद असद, हैंडबाल संघ के सचिव प्रवीण मिश्र, जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा आदि ने उन्हें याद किया।

### पुलिस अधीक्षक से निर्माण रोकने की मांग

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर पूरे शीतलदास निवासी राम कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक से निर्माण रोकने की गुहार लगाई है। वृद्ध ने आरोप लगाया है कि गांव निवासी विपक्षी उदयराज व सुरेश और उनके परिवार वाले मिलीभगत करके उसकी भूमिधरी आबादी को हड़पने की नीयत से अवैध निर्माण कर रहे हैं। पक्षों के मध्य दीवानी न्यायालय में मुकदमा राम कुमार बनाम राम वचन विचाराधीन है। पीड़ित राम कुमार का कहना है कि निर्माण कार्य न रुका तो अप्रिय घटना घट सकती है।

# 24 साल पूर्व जानलेवा हमले में चार दोषियों को 10 साल की कैद

## कोर्ट ने कुल एक लाख 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



जिला एवं सत्र न्यायालय का मुख्य गेट। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुरानी रंजिश में 24 साल पूर्व दलित को अपमानित कर गोली मार देने के चार दोषसिद्ध अभियुक्तों को एससी-एसटी कोर्ट के जज त्रिभुवन नाथ पासवान की अदालत ने गुरुवार को 10 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 30 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

सरकारी वकील गोरखनाथ शुक्ल ने बताया बल्दीराय थाना क्षेत्र के बिही निदुरा निवासी श्रीपाल पासी और मंसाराम अग्रहरि के बीच मुकदमेबाजी चल रही थी। तीस सितंबर वर्ष 2000 को मोटर साइकिल से मुकदमे की पैरवी करने निकले श्रीपाल पासी पर मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के गुलाम हैदर का पुरवा के पास हमला किया गया था। जिसमें मंसाराम अग्रहरि, अनिरुद्ध अग्रहरि, कन्हैयालाल और रमाकांत मिश्र पर पुलिस ने चार्ज शीट दाखिल की थी।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में हुई गवाही

सुलतानपुर : थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले मे एफआईआर लेखक रामकिशोर मिश्र का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए 14 मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भाईं लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 में धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज में बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप

सुलतानपुर। अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में गुरुवार को जेल से आरोपियों के न आने के कारण आरोप तय नहीं हो सके। वादी पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद व रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने बताया सेशन कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते साल छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था। लखनऊ की जेल में बंद आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस को न्यायिक अभिरक्षा में सेशन कोर्ट लाया गया। घटना में सोहराब, अख्तरुन, शहजाद, शमीम, मेराज, सलमान, इकराम समेत अन्य आरोपी हैं। जिन पर आरोप तय होने हैं। वहीं, मुख्य आरोपी सिराज अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

### फिरौती के लिए अपहरण के आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

सुलतानपुर : कूरेभार थाना क्षेत्र के पुरखीपुर के भोला का पुरवा से 12 साल पूर्व दो लाख रुपए की फिरौती के लिए बच्चे के अपहरण व हत्या की धमकी देने के आरोपी राहुल पांडेय व कौशल गौतम को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील विष्णु कांत पांडेय ने बताया 11 फरवरी 2012 को छह साल के भतीजे अभिषेक की गुमशुदगी की रिपोर्ट अभिजीत तिवारी ने दर्ज कराया था। दौरान विवेचना आरोपियों के खिलाफ दो लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण व हत्या की धमकी के आरोप में चार्जशीट कोर्ट में पुलिस ने भेजा। कोर्ट में दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश साक्ष्यों व जिरह के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य साबित न होने के चलते कोर्ट ने दोनो आरोपियों को बरी कर दिया।

# बाइक सवार दंपति को स्कार्पियो ने रौंदा

## पत्नी की मौत और पति की हालत गंभीर, बाल-बाल बचा बच्चा, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बजरंग नगर बाजार का मामला

कादीपुर, सुलतानपुर


हादसे में बचा बच्चा संस्कार।


के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर बजरंग नगर बाजार के पास गुरुवार को स्कार्पियो ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया। छह माह का मासूम बाल-बाल बच गया।

करौंदीकला थाने के बहाउद्दीनपुर के निवासी संजय (25) अपनी पत्नी प्रियंका (23) एवं छह माह के बेटे संस्कार के साथ कादीपुर की तरफ से अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही बजरंग नगर चौराहे के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े। मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया एवं मासूम बच्चा बाल बाल बच गया। पुलिस ने पत्नी का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल संजय को स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई शुरू की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कादीपुर, सुलतानपुर। कोतवाली कादीपुर के पुलिस चौकी मुडिलाडीह के अंतर्गत मुड़िला बाजार और जंगी रोड के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान श्याम नारायण वर्मा (गुड्डू) 35 वर्ष पुत्र राम पियारे वर्मा निवासी टैनी हसनपुर, मलिकपुर, कादीपुर, सुलतानपुर के रूप में हुई है। जिससे मौके पर 112 नंबर पहुंच कर जेब से पर्स निकाल कर आधार कार्ड से उनकी पहचान कर घर वालों को सूचित किया।

# कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, अमित शाह मामले में सुनवाई टली

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई अब 11 को

**अमृत विचारः** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में सुनवाई 11 मार्च को होगी। गुरुवार को गवाह के न आने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र व मोहित तिवारी का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

# आज शिवधाम में उमड़ेंगे शिवभक्त और लगेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

- बेलवाई धाम पर तीन दिनों तक चलेगा आस्था का पर्व

अखंडनगर, सुलतानपुर


ऐतिहासिक बेलवाई शिव धाम पर हुई जोरदार तैयारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले के अंतिम छोर पर अखंडनगर के बेलवाई में स्थित शिव धाम जो कि जौनपुर, आजमगढ़ व अम्बेडकर नगर की जिले की सीमा पर है, जिले ही नहीं देश व प्रदेश में इस शिव मंदिर का विशेष स्थान है। सावन मास में जहां कांवड़िए भोले बाबा का जलाभिषेक करना नहीं भूलते हैं, तो वहीं शिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है। महा शिवरात्रि के मद्देनजर गुरुवार से ही भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया है। शुक्रवार को हजारों श्रद्धालु भगवान भोले का जलाभिषेक करेंगे। अन्य शिवालयों पर भी शिव भक्त उमड़ेंगे।

बेलवाई स्थित भुवनेश्वर नाथ महादेव शिव मंदिर का अलग ही माहात्म्य है। जनश्रुति के अनुसार 5 से 6 सौ वर्ष पहले दामा नाम की सती ने किसी को स्वप्न में बताया था कि इस स्थल पर शिव जी हैं। तब से पूजा अर्चना होने लगी व वहां मन्दिर का निर्माण हो गया। महाशिवरात्रि पर्व के दिन से आगामी तीन दिनों तक उक्त स्थान पर विशाल मेला लगेगा। जहां मेले के अन्तिम दिन महिलाओं की भीड़ रहेगी महिलाएं कड़ाही चढाएंगी।

### लगातार बढ़ रही भीड़, जुटने लगे शिवभक्त

शुक्रवार को शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर बुधवार की रात से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हो गया है। अनुमान है कि कम से कम 50 हजार श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिसके लिए सभी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली है। बीते दिनों एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने बेलवाई धाम का दर्शन पूजन कर जायजा लिया था। साथ ही मन्दिर परिसर व आस पास साफ सफाई के भी निर्देश दिए थे।

### बोले पुजारी

शिव धाम बेलवाई के माहात्म्य के सम्बन्ध में 21वीं पीढ़ी के पुजारी श्यामशंकर गिरी का कहना है कि सावन महीने में कावरिएं पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक करते हैं। महा शिव रात्रि पर भी लोग बाबा को जलाभिषेक धन धान्य व सौभाग्य के प्राप्ति के लिए करते हैं। बाबा के धाम से किसी को निराशा नही हुई, इसके चलते हर भीड़ बढ़ती जाती है। मन्दिर के बगल स्थित तालाब व दर्जनों मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। जिससे उक्त पवित्र स्थल की छवि देखते ही बनती है।

### महाकालेश्वर धाम में जलाभिषेक पर पूर्ण होती है कामना



लंभुआ, सुलतानपुर : तहसील के तेरये ग्रामसभा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शिवरात्रि पर हजारों संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। मंदिर पुजारी राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व यह शिवलिंग जमीन से स्वत: स्फूर्त हुआ। तबसे लेकर आज भी जो शिवरात्रि पर्व पर यहां जलाभिषेक करता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। ग्रामसभा के धीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष यहां पर शिवरात्री के अवसर पर अखंड रामायण का पाठ एवं भंडारा गांव वालों के सहयोग से किया जाता है। मंदिर समिति से श्याम सिंह ने बताया कि मंदिर का निर्माण प्रगति पर है एवं समस्त ग्रामीण वासिओं के सहयोग से इस वर्ष भी शिवरात्रि पर भीड़ को देखते हुए पूर्ण व्यवस्थाये कर ली गयी है। कार्य में अभिषेक सिंह, सियाराम प्रधान, बाबूलाल, सुदंरम सिंह,अजय सिंह, गौरव सिंह आदि लोगो का सहयोग मिल रहा रहा है।

## सार-संक्षेप


निरीक्षण करते मंडलायुक्त , डीएम समेत अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### मंडलायुक्त के निरीक्षण में सब कुछ मिला 'आल इज वेल'

सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न अनुभाग, अपर आयुक्त अजय कान्त सैनी व जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के साथ न्यायालय एवं परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया। मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के राजस्व सहायक पटल, अभिलेखों/पत्रावलियों, जेए पटल सहायक से कानून व्यवस्था एवं गैंगस्टर अभियोजन पत्रावलियों, संग्रह अनुभाग में आर सी रजिस्टर,आपदा से सम्बन्धित पत्रावली, सीलिंग अनुभाग कार्यालय में शिकायत पटल से सम्बन्धित पत्रावली, जन सुविधा केन्द्र, नजारत अनुभाग में न्यायिक अभिलेखागार एवं राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट में रखे पुराने अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद मंडलायुक्त ने नवीन मंडी अमहट का स्थलीय निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम काउंटिंग सेंटर कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न विषयों से सम्बन्धित सौंपे गये उत्तरदायित्वों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस महानिरीक्षक ने चुनाव के दौरान लॉ एण्ड आर्डर बनाए रखने के लिए सभी एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया।

### जेल में बंद आरोपी की रिहाई का आदेश

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया पूरे बिसेन से बीती 12 फरवरी को जनरेटर चोरी करने के आरोपी महफूज अली पुत्र साबिर अली को न्यायाधीश अंकुर शर्मा ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील संतोष पांडेय ने कहा कि पुलिस ने सह आरोपी के बयान के आधार पर महफूज का नाम गलत ढंग से विवेचना में शामिल कर लिया है। कोर्ट ने साक्ष्य और तर्कों के आधार पर आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर की है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को राहत मिल गई है।

### तीन दिन पूर्व गायब किशोर का नदी में उतराता मिला शव

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार शाम घर से साइकिल से निकले किशोर का शव गुरुवार को गोमती नदी में उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव निकलवाकर कर विधिक कार्यवाही में जुटी है। कुड़वार थाना क्षेत्र के बभनगवा गांव निवासी पीयूष विश्वकर्मा (17) पुत्र शिव नंदन विश्वकर्मा सोमवार शाम को घर से साइकिल से निकला था। देररात तक किशोर के परिजन तलाश करने लगे, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। मंगलवार को किशोर की साइकिल हालियापुर सुलतानपुर मार्ग के गोमती पुल पर खड़ी मिली। बुधवार को किशोर के मामा थाना क्षेत्र मिठनेपुर गांव निवासी भगवानदास ने पुलिस को लिखित सूचना देकर मामले से अवगत कराया। सूचना दर्ज करते हुए पुलिस ने नदी में खोजबीन करने के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया। सूचना पर पहुंची टीम ने नदी में सर्च अभियान चलाया। तब तक कटावा घाट के आगे कोतवाली नगर क्षेत्र में शव बहती जा रही सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### दो मैरिज लॉन से लाखों रुपये ले उड़े बदमाश, केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बैजापुर निवासी संजय यादव बड़े अरमानों के साथ अपनी बेटी शादी जिला मुख्यालय स्थित ओम नगर में एक मैरिज लान में करने आए थे। शादी के लिए जोड़ी गई रकम के साथ कुछ पैसा सहयोगियों से भी लिए थे। गुरुवार की शाम जब बारात आई तो लोग बारातियों के स्वागत में लगे थे। इसी बीच संजय भी रात करीब 10 बजे बारातियों की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच तीन बाइक सवार आए उनके हाथ से बैग जिसमे डेढ़ लाख नगदी थी छीनकर भाग निकले। वहीं दूसरी घटना कूरेभार निवासी सतीश अग्रहरि के साथ हुई। गुरुवार की शाम भांजे की शादी में वह अमहट स्थित एक मैरिज लान आए थे। सतीश अग्रहरि के मुताबिक रात करीब 11 बजे मैरिज लान के मालिक को 75 हजार रुपए देने के बाद पैसों से भरा बैग लेकर बारातियों के साथ बाहर निकले। जिसमें कुछ अपरिचित व्यक्ति भी थे, इसी बीच बाहर अंधेरे का फायदा उठाकर किसी ने उनके हाथ से बैग छीन लिया। अचानक शादी समारोह में हल्ला मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ देर तक लकीर पीटती रही। अंत में शिकायती पत्र लेकर देर रात अज्ञात कि खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ऐसा लगता है कि जिले से खाकी की हनक समाप्त होती जा रहीं हैं। तभी तो बेधड़क बदमाशों ने सैकड़ों की भीड़ में रुपए से भरा बैग छीन कर भाग निकले। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। अज्ञात लोगों के खिलाफ दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बिना सिम नहीं चलाएंगे मोबाइलः दिनेश

- प्राशिसं ने डीएम के माध्यम से सीएम व विभागीय मंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सुलतानपुर ने परिषदीय शिक्षकों की समस्याओं पर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को तिकोनिया पार्क में धरना दिया। मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उनके प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उत्तम कुमार को सौंपा।

जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने विद्यालयों में ऑनलाइन डिजिटलाइजेशन अनिवार्य रूप किए जाने से आ रही समस्याओं के बारे में बताते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में नेटवर्क की समस्या है। शिक्षकों को अपनी आईडी पर सिम लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष मालती सिंह ने कहा कि यदि ऐसे आदेश वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश की राजधानी में व्यापक धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा। मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद ने कहा आज विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जा रहा है। यदि कोई हल न निकला तो प्रदेश संगठन की आगामी बैठक में कठोर निर्णय लिया जाएगा। धरने को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष डा प्रतिभा सिंह, केके सिंह, राधेश्याम मौर्य, रामाशीष मौर्य, संयुक्त मंत्री डा विनय प्रजापति आदि ने संबोधित किया।

# एसबीआई की शाखाओं पर प्रदर्शन

- कांग्रेस ने एसबीआई पर लगाया आरोप, भाजपा को बचाने के लिए कोर्ट से मांगा है समय

संवाददाता, सुलतानपुर


एसबीआई के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** चुनावी बांड दिखाने को लेकर एसबीआई ने कोर्ट से समय मांग लिया है। कांग्रेसियों का आरोप है कि एसबीआई द्वारा चुनावी बांड दिखाने से कई लोगों के मामले उजागर हो सकते हैं। इसलिए भाजपा ने एसबीआई को मोहरा बनाया है।

गुरुवार को कांग्रेसियों ने जिले के जयसिंहपुर, कादीपुर और जिला मुख्यालय पर जुलूस निकालकर और अलग-अलग भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सामने बैठकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जयसिंहपुर व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने जिला मुख्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्रीपति मिश्र के पुत्र प्रमोद मिश्र मुन्ना समेत कादीपुर स्थित एसबीआई बैंक शाखा के सामने दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने प्रदर्शन किया। गौरतलब हो कि चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है और एसबीआई को 6 मार्च 2024 तक चुनावी बांड की जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने और फिर उससे जुड़ी सारी जानकारी सार्वजनिक करने का आदेश दिया, लेकिन एसबीआई में जानकारी साझा करने हेतु 6 जून तक सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। जिसे लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है।

**आयोजन** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई संगोष्ठी

# नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं महिलाएं : प्राचार्य

संवाददाता, सुलतानपुर



राणा प्रताप महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करती छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शैक्षिक क्षेत्र में महिलाएं नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों से काफी आगे हैं। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। वह महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी को बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे।

पूर्व प्राचार्य प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं का सम्मान रहा है। आज भी वैश्विक दृष्टि से महिला सशक्तिकरण में हम बहुत आगे हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजना सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की उपयोगिता और महत्व पर चर्चा की। संगोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए एम ए द्वितीय वर्ष की छात्रा आभा शुक्ल ने कहा कि महिलाओं को प्रोत्साहित कर देश की प्रगति को दोगुना किया जा सकता है। बीए छठवें सेमेस्टर की नंदिनी ने कहा आज सेना , चिकित्सा, ड्राइविंग जैसे हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी भूमिका में हैं। अन्य छात्राओं ने भी विचार रखे। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मंजू ठाकुर व आभार ज्ञापन डॉ. आलोक पांडेय ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो निशा सिंह, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र कुमार, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अभय सिंह समेत पार्थ सारथी द्विवेदी,सत्यम चौरसिया, हर्षवर्धन सिंह,शिवानी सिंह , बबिता, सोमल कनौजिया व नैना आदि मौजूद रहे।

### अर्थी को कंधा दे श्मशान तक जाने लगी बेटियां ...


नरमू के कार्यक्रम में सम्मानित की गईं महिलाएं।

सुलतानपुर : गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन सुलतानपुर के तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रेलवे की एडीएमओ डा इला पांडेय, विशिष्ट अतिथि के रुप शिक्षिक कांति सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा मंत्री एससी द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन कर रही गीतांजली ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डा इला पांडेय ने बताया कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाएं पुरषों से कंधा मिलाकर न चल रही हों। वही राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका कांति सिंह ने सरस्वती वंदना से शुभारम्भ करते हुए कहा कि हर शक्ति क्षेत्र में बेटियां आगे है। वही अब अर्थी को कंधा देकर श्मशान तक महिलाएं जा रही है। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान नीलम वर्मा, दूसरे स्थान पर आश्मीन बानो, तीसरे स्थान पर अंजली तो चौथे स्थान पर अंशिका रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। नारी शक्ति को भी सम्मानित किया गया।

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

## संपादकीय

# विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

# किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य



डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

## प्रसंगवश

# कुछ अनुसुने किस्से कहानी



मिलेवा मिरका



सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

# स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

## सोशल फोरम

# हुआ क्या मुझे रे तौबा

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

**-फेसबुक वॉल से**

# सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

# पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

## एक नजर

### पुलिस व सीआईएसएफ की टीम ने किया रूट मार्च

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कस्बा लोटन में लोटन पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में विजय सिंह थानाध्यक्ष लोटन जनपद के नेतृत्व में लोटन पुलिस व सीआईएस0एफ की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना लोटन क्षेत्रान्तर्गत कस्बा लोटन में मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ एरिया डेमिनेशनरुट मार्च फ्लैग मार्च किया गया।

### कल एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। सीएम, शनिवार (9 मार्च) को गोरखपुर में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) की ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास करेंगे। इससे पूर्वांचल के युवाओं के लिए फौज में जाने के अवसर बढ़ेंगे। एनसीसी एकेडमी का निर्माण सिक्टौर (तालकंदला) में 10 एकड़ भूमि पर किया जाएगा और इसके निर्माण पर 47 .88 करोड़ रुपये की लागत आएगी। एनसीसी के ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, जल निगम, यूनिट-42, गोरखपुर द्वारा कराया जाएगा। एकेडमी में प्रशासनिक भवन, 150 छात्रों की क्षमता के बालक छात्रावास, 100 छात्राओं की क्षमता के बालिका छात्रावास, डायनिंग हाल, टायलेट ब्लाक, विद्युत स्टेशन, आउटडोर मल्टीएक्टिविटिज एरिया, 50 मीटर के आउटडोर शूटिंग रेंज, ड्रिल प्रैक्टिस पथ, फुटबाल फील्ड, आप्टिकल कोर्स एवं पुशप बीम आदि की सुविधा होगी। इसके अलावा 7 .17 करोड़ रुपये की लागत से चहारदीवारी के निर्माण, सभी किनारों पर संतरी पोस्ट, गार्ड रूम, हाईमास्ट फ्लड लाइट के कार्य कराए जाएंगे।

# दुर्लभ त्रिकोणीय संयोग से युक्त है महाशिवरात्रि : आचार्य योगेश पांडे

सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** आज महाशिवरात्रि है जो विशेष फलदायी है। महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष अद्भुत दुर्लभ त्रिकोणीय संयोग से युक्त है। जयोतिष तंत्र के विद्वान इस बार के महाशिवरात्रि को काफी महत्वपूर्ण बता रहे हैं। जो पूरे जनमानस के लिए कल्याणकारी साबित होगा। दुनिया के सर्व लोगों के कल्याण के लिए सिद्धकारी साबित होगा। इस व्रत को रखने से सर्व कामना सिद्ध होकर सर्व ग्रह बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। ऐसा विद्वानों का कहना है।

जनपद मुख्यालय पर स्थित जय मां वैष्णो देवी ज्योतिष तंत्र अनुसंधान के ज्योतिषाचार्य आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि महाशिवरात्रि व्रत पूरे देश में श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ जलाभिषेक वह पूजन के साथ मनाया जाएगा। फाल्गुन शुक्ल पंक्ष त्रयोदशी तिथि शुक्रवार श्रावण नक्षत्र शिव योग के साथ कई दुर्लभ योग बन रहे हैं जो अद्भुत अद्वितीय संयोग से युक्त है। महाशिवरात्रि पर थोड़ी आराधना मात्र से भगवान शिव अति प्रसन्न होकर मनोवाछित फल प्रदान करेंगे। आचार्य ने कहा कि व्रत एवं शिव पूजन पूरे देश में व्रत पूजन के साथ मनाया जाएगा। भगवान शिव के यह परम ब्रह्म निराकार शिव का लिंग रूप में साकार होकर प्रकटीकरण का महापर्व है।

इस व्रत को करने से मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे विकारों से मुक्त होकर परम सुख शांति ईश्वर आदि की प्राप्ति करता है। भगवान बैद्यनाथ की जयंती भी इसी दिन मनाई जाएगी, तब समाज इस दिन को अत्यंत श्रद्धा शिव भक्ति के साथ व्रत रखकर और बहु विधि शिवारजन कर करने का विधान है।

अपने आराध्य की भक्ति में लीन हो जाता है काशी

काशी नगरी वासियों के लिए महाशिवरात्रि व्रत कई विशेष महत्व रखता है। भगवान शिव कण-कण में कंकड़-कंकड़ एवं कोने-कोने में वास करते हैं, इसलिए काशीवासी अपने आराध्य और काशी नगरी के स्वामी की भक्ति में लीन हो गया है। जगह-जगह शिवालयों से निकली शिव बारात काशी वासियों की श्रद्धा को समेटती भक्ति भाव लुटाती एक अतुलनीय वातावरण का सृजन कर देती है। शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि आज के दिन बाबा भोलेनाथ माता पार्वती के साथ विवाह हुआ था। काशी ऐसी अकेली नगरी है जहां चतुर्थ शिवलिंग का दर्शन पूजन किया जाता है। इन 14 लिंगो का समुदाय ही मुक्ति क्षेत्र काशी है। आचार्य ने बताया कि सभी लोग इस महाव्रत को रख सकते हैं। व्रत को न करने से दोष होता है।

### ऐसे करें व्रत व पूजन

आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व व्रत के लिए प्रातकाल नित्य क्रिया के बाद स्नान करके सूर्य भगवान को एक लोटा जल अर्पित करें। शिव मंदिर में जाकर विधि-विधान के अनुसार उत्तर मुख होकर बैठें, तिलक तथा रुद्राक्ष धारण करें। शिवलिंग पर गंध, सफेद पुष्प, बिल्व पत्र, धतूरा, फूल, फल, नैवेद्य, गाय दूध, शुद्ध जल, समी पत्र, गन्ना एवं सभी अन्य पूजन सामग्री के साथ चावल अक्षत सहित रखकर शिवलिंग पर श्रद्धा पूर्वक ओम नम: शिवाय नाम जप करते हुए अर्पित करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ में कुछ राजकीय मुद्रा दक्षिणा भी चढ़ाएं।

### पुत्र प्राप्ति के लिए शिव जी का ध्यान व मूक व्रत

आचार्य ने बताया कि जिन लोगों को पुत्र रत्न की प्राप्ति न हो रही हो वह दंपति महाशिवरात्रि पर पूरा दिन निराजल रहकर व्रत करें। सिद्ध ज्योतिर्लिंग का पूजन कर पूरा दिन वहीं बैठकर पंचाक्षरी मंत्र नम: शिवाय का जाप करें और भगवान के शिवलिंग का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर शाम को दीपक जलाकर दिखाएं। एक सेब का फल शिवलिंग पर चढ़ाकर मात्र 14 मिनट तक वहीं छोड़ दें। पुन: बाद वहां पुजारी को कुछ दक्षिणा देकर सेब को प्रसाद रूप में मांग लें। उस सेब को पत्नी के आंचल में विशेष श्रद्धा भावपूर्वक रख दें। पुन: बाद रात्रि में उस सेब को पत्नी ग्रहण कर ले और अपने पति का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त करें तो पुत्र के गर्भ का शुभारंभ भगवान शिव अवश्य कर देंगे और पुत्र रत्न की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी।

### शादी में विलंब हो तो ऐसे करें शिव पूजन

आचार्य योगेश पांडे कहते हैं कि यदि किसी कन्या एवं पुरुष की शादी में विलंब हो रहा है तो महाशिवरात्रि का दिन उनके लिए विशेष अद्भुत संयोग वाला समय होता है महाशिवरात्रि के दिन प्राण प्रतिष्ठित शिवलिंग मंदिर में जाकर तीन मुख बेलपत्र लेकर उस पर चंदन से राम राम लिखकर विधी विधान पूर्वक जलाभिषेक करते हुए पुष्प माला गध फुल वस्त्र इत्यादि शिवलिंग पर समर्पित करते हुए अपने मनोकामना की प्राप्ति हेतु मन ही मन में भगवान शिव मां पार्वती बाबा नंदेश्वर से कहते हुए पूजन अर्जन कर 5 घंटा शिव मंदिर में बैठकर ओम नम: शिवाय राम नाम करने से सभी मनोकामना की पूर्ति हो जाएगी ऐसा शास्त्र विधान है।

### रात्रि में पूजन से होती है विशेष कृपा

ज्योतिषाचार्य आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि अर्ध रात्रि के पूजा के लिए स्कंध पुराण में लिखा है कि निशि भ्रमित भूतानि ससक्त: शूलभृदयत: । अतसतसया चतुदरशया सतयां ततपूजनम् भवेत। रात्रि के समय भूत, प्रेत, पिसाच शक्तियां और स्वयं शिव जी भ्रमण करते हैं। उस समय इनका पूजन करने से समस्त पाप दूर हो जाते हैं। आचार्य जी ने कहा कि स्कंद पुराण के अनुसार एक बार एक धनवान मनुष्य कुसंग के लिए पूजन करती हुई स्त्री का आभूषण चुरा लेता है, जिसके कारण शिवरात्रि के दिन उसे मार दिया जाता है। लेकिन चोरी की रात्रि में वह आठ पहर भूख-प्यास सहते हुए जागता रहा। वह शिवरात्रि का महापर्व था, इस कारण स्वत: व्रत पूर्ण हो जाने से प्रसन्न होकर शिवजी ने उसको सद्गति दी। इस तरह से यह व्रत अत्यंत फलकारी है।

### कुंडली में काल सर्प दोष शान्ति के लिए पूजा

आचार्य योगेश पांडे ने बताया कि यदि किसी जातक अथवा जातकी की जन्म कुंडली में काल सर्प दोष है तो महाशिवरात्रि का दिन उनके लिए विशेष महत्वपूर्ण है। आज के दिन शिव मंदिर में जाकर दीप जाकर दीपदान करें और एक लोहे का सर्प बनवाकर अपने सिर से उतारकर शिव मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ा दें, इससे काल सर्प दोष की शांति हो जाती है। साथ में बेलपत्र पर राम नाम भी लिखकर चढ़ाएं। फूल, माला, दूध से जलाभिषेक कर धूप दीप दिखाकर पूजन अर्चन कर राम नाम शिव नाम का जाप करने से समस्त प्रकार के कालसर्प दोष नष्ट हो जाते हैं। कहा कि किसी भी प्रकार से ग्रह बाधा दोष भी आज के दिन शिव आराधना करने से दूर हो जाती है।

# दो महीने के अंदर लगेंगे 500 हैंडपंप

## बंद हो चुकी हैंडपंप लगाने की योजना को सीएसआर प्रोजेक्ट से मिली संजीवन

सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** गर्मी में होने वाली पानी की किल्लत से काफी हद तक निजात मिलेगी। क्योंकि लोगों को पेयजल मुहैया कराने के लिए जिले में 500 हैंडपंप लगाए जाएंगे। लगभग पांच साल से बंद हो चुकी हैंडपंप लगाने की योजना को सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत संजीवन मिली है। इससे गर्मी में होने वाली पेयजल की समस्या दूर होगी। दो माह के भीतर ही सभी हैंडपंप लगा दिए जाएंगे। करीब सवा तीन करोड़ की लागत से हैंडपंप लगाने का काम होना है।

नेपाल बॉर्डर से लगने वाले बढ़नी, शोहरतगढ़ और अंशिक रूप से बर्डपुर ब्लॉक का इलाका गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से जूझता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी में होने वाली पेयजल की किल्लत को देखते हुए सीएसआर प्रोजेक्ट से सांसद जगदंबिका पाल के प्रयास से 500 इंडिया मार्का-टू हैंडपंप लगाने की स्वीकृत हुई है। इससे गर्मी में होने वाली पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिलेगा।

जल निगम में लगभग पांच साल पहले सरकारी हैंडपंपों के सर्वे में जिले में 32 हजार हैंडपंप लगा होना पाया गया था। इसमें लगभग 22 हजार चलते हाल में मिले थे। मौजूदा समय में 10 हजार से अधिक हैंडपंप रिबोर और अन्य वजह से खराब पड़े हैं। मौजूदा समय में जिले की आबादी तकरीबन 29 लाख के आसपास होगी। इसमें 40 प्रतिशत आबादी ऐसी है जिसके पास खुद का हैंडपंप, समरसेबल आदि की व्यवस्था है। या फिर आरओ का पानी खरीदकर सेवन करते हैं। 30 प्रतिशत आबादी के पास अभी भी देसी नल होगा। वहीं, 30 प्रतिशत आबादी ऐसी है जो आज भी सरकार हैंडपंप या फिर दूसरे घर पर लगे हैंडपंप से प्यास बुझाती है।

> 500 हैंडपंप लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत यह हैंडपंप लग रहे हैं। जल्द ही हैंडपंप लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इससे पेयजल समस्या मेंनश्चित रूप से कमी आयेगी।
>
> **-मदनराम पाल,** अधीशासी अभियंता जलनिगम



### बच्चों ने लुंबिनी के ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को परिषदीय जूनियर हाईस्कूल के 100 बच्चों को लुंबिनी (नेपाल) स्थित ऐतिहासिक स्थलों का बीईओ महेंद्र कुमार की अगुवाई में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले अधिकांश बच्चे विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुके हैं। बीईओ ने बच्चों को बिस्किट, पानी, लंच पैकेट, जेब खर्च, टी शर्ट, कैप, पेन व डायरी देते हुए कहा कि रास्ते में या ऐतिहासिक स्थलों के बारे में डायरी में लिख लें। लुंबिनी में बच्चों ने भगवान बुद्ध की जन्मस्थली को देखा, विभिन्न देशों के मंदिर, शिलालेख, वन प्रदेश के उपरांत वहां के वाटर पार्क का लुत्फ उठाया। इस दौरान एआरपी रामसेवक गुप्ता, सुभाष चंद्र, गुलाम जिलानी, मनोज कुमार, बालमुकुंद, मनीषा द्विवेदी, किरन यादव, अंशिता सिंह, बबलू आदि मौजूद रहे।

# जीडीए से मांगा मकानों का मालिकाना हक

गोरखपुर



जीडीए उपाध्यक्ष से मिलकर मकानों का मालिकाना हक मांगते ग्रामीण।

**अमृत विचार।** जंगल सिंकरी एवं खोराबार मकान बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय नारायण मिश्र की अगुवाई में गुरुवार को जंगल सिंकरी एवं खोराबार के दर्जनों पीड़त मकानों पर मालिकाना हक के लिए गोरखपुर विकास प्राणिकरण (जीडीए) कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष आनंदवर्द्धन एवं सचिव उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में मुलाकात की।

मकान पीड़तों ने उपाध्यक्ष से कहा कि हम लोगों को अपने मकानों का मालिकाना हक कब तक मिलेगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि आप लोग परेशान न हों, मालिकाना हक के लिए कागजी कार्यवाही चल रही है। चुनाव बाद जल्द ही आप के मकानों का मालिकाना हक की कागजी कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी, उसके बाद आप लोगों का मालिकाना हक मिल जायेगा। इस दौरान उपाध्यक्ष आनंद बर्द्धन ने कहा कि चुनाव तक खोराबार टाऊनशिप एवं मेडिसिटी परियोजना में अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर नहीं चलेगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजमंगल राय, कमलेश राय, विमलेश त्रिपाठी, पूनम सिंह, सुधीर मिश्र, विकास पांडेय, जयप्रकाश मिश्र, फूलबदन दूबे, कृष्णा शर्मा, जन्मेजय जायसवाल, वीपी सिंह, दयाराम, मनोज सिंह, राकेश शर्मा, राजेश्वर शर्मा, संतोष त्रिपाठी, मृत्युंजय मालवीय,राम प्रकाश तिवारी, वेदप्रकाश राय, संतोष मिश्र, आलोक शर्मा, दीनानाथ, धर्मेंद्र शर्मा, रामदुलारे , दिग्विजय सिंह, वेद प्रकाश राय, संतोष सहित दर्जनों मकान पीड़ित मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के अंदर विभिन्न विभागों का मुआयना करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। इसके लगभग लगभग एक घंटे पूर्व जिला आबकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने भी निरीक्षण किया। इस दौरान फाइलों का रखरखाव सही नहीं पाया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित बाबू को चेतावनी देते हुए कहा कि फाइलों का रखरखाव सही ढंग से रखें। निरीक्षणके दौरान आबकारी स्पेक्टर तथा संबंधित बाबू उपस्थित रहे। बताते चलें कि आगामी 11 मार्च को मंडला आयुक्त बस्ती का जनपद मुआयना किया जाएगा।

# होली पर विभिन्न स्टेशनों से चलेंगी विशेष गाड़ियां

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05115/05116 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 20 एवं 27 मार्च,2024 दिन बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 21 एवं 28 मार्च,2024 दिन बृहस्पतिवार को दो फेरों हेतु किया जायेगा। इसके अलावा 05023/05024 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 24 एवं 31 मार्च को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च एवं 1 अप्रैल को दो फेरों के लिए किया जायेगा। 05097/05098 टनकपुर-मदार जं0-टनकपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार को तथा मदार जं. से 23 से 30 मार्च दिन शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार को चार फेरों के लिये किया जायेगा। 05097 टनकपुर-मदार जं. होली विशेष गाड़ी 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार को चलाई जाएगी। वापसी यात्रा में 05098 मदार जं.-टनकपुर होली विशेष गाड़ी 23 से 30 मार्च तक प्रत्येक शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार को चलाई जाएगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव रहेगा



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए पूर्व से चलाई जा रही गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जा रहा है। 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस का जैतवार उंचेहरा तथा मझगवां स्टेशनों पर, 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन पर, 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस का शाजापुर स्टेशन पर, 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर, 20941 बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस एवं 22976 रामनगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का शामगढ़ स्टेशन पर, 20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का श्री महावीर जी स्टेशन पर, 11072 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मझगवां, बांदकपुर एवं पथरिया स्टेशनों पर, 12168 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर, 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का सारंगपुर, पिपरई गांव एवं शाजापुर स्टेशनों पर तथा 15205 लखनऊ जं0-जबलपुर एक्सप्रेस का मझगवां, झुकेही, उंचेहरा एवं जैतवार स्टेशनों पर अगली सूचना तक प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### यात्रियों का सामान बरामद कर सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। अपराध आसूचना शाखा एवं रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा महावीर बाजार, स्टेशन रोड मढ़ौरा, छपरा स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालक को 49 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। अपराध आसूचना शाखा एवं रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा रेलवे स्टेशन डोमिनगढ़ के टिकट काउण्टर से टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 04 आरक्षित टिकटों की छायाप्रति एवं आरक्षण फार्म के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल, कासगंज द्वारा रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय से महिला यात्री का छूटा एक पर्स जिसमें सोने एवं चांदी के आभूषण तथा एक मोबाइल था, बरामद कर कासगंज पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर पर्स को उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, सीवान द्वारा गाड़ी संख्या-15280 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद कर सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन के संचालन में किया गया बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 22536/22535 बनारस रामेश्वरम्-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस का मण्डपम्-रामेश्वरम् के मध्य आंशिक निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। इस गाड़ी का मण्डपम् से आगमन एवं प्रस्थान होगा। बनारस से 10 मार्च से चलने वाली 22536 बनारस-रामेश्वरम एक्सप्रेस रामेश्वरम के स्थान पर मण्डपम् में 22 .10 बजे यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मण्डपम् से रामेश्वरम् के मध्य निरस्त रहेगी। रामेश्वरम् से 14 मार्च से चलने वाली 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस रामेश्वरम के स्थान पर मण्डपम् से 00 .30 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी रामेश्वरम् से मण्डपम् के मध्य निरस्त रहेगी। इसके अलावा उत्तर मध्य रेलवे के टुण्डला-गाजियाबाद रेल खण्ड पर स्थित डांवर स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते ब्लाक दिये जाने के कारण लखनऊ जं0 से 10 मार्च को चलने वाली 82501 लखनऊ जं0-नई दिल्ली एक्सप्रेस 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के रंगापानी मण्डल के बाइहाटा एवं चांगसारी स्टेशनों पर दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में नान इण्टरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण 8 एवं 15 मार्च को चलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं. स्टेशन पर नहीं होगा। 11 एवं 18 मार्च को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा। 13 एवं 20 मार्च को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी । फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं0 स्टेशन पर नहीं होगा। डिब्रूगढ़ से 19 मार्च को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी।



संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर मौजूद सांसद व अन्य।

### संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से वर्चुअल उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद स्तर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में दिखाया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न योजनाएं किसानों के हित में चलायी जा रही है, जिसका सीधा लाभ किसानों को प्राप्त हो रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम शुरू किय गया है। काला नमक चावल के क्षेत्र में शासन स्तर से बजट के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, किसान उपस्थित थे।

### एसपी ने पुलिस लाइन में की पीस कमेटी की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने आगामी त्यौहारों एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक की। एसपी ने जनपद में अपराध नियन्त्रण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। मीटिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष मौजूद रहे। गोष्ठी में सभी से उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। महोदय ने बताया कि अगर कोई अराजक तत्व अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी । बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए । इससे समाज में सद्भाव और शांति कायम रहती है। अगर कोई भी अवांछनीय तत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी।

# नौगढ़ ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ लामबंद हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नौगढ़ ब्लाक प्रमुख रेनू मिश्रा के खिलाफ एकजुट हुए 53 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बुधवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। नौगढ़ ब्लाक के 69 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से 53 ने ब्लाक प्रमुख रेनू मिश्रा के विरुद्ध कई आरोप लगाते हुए डीएम पवन अग्रवाल को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। अविश्वास प्रस्ताव में उन्होंने ब्लॉक प्रमुख को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। नौगढ़ ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रियंका सिंह, राम कुमार, मो. याकूब, राजेश श्रीवास्तव आदि ने डीएम को संबोधित अविश्वास प्रस्ताव नोटिस दिया है।

पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख रेनू मिश्रा पर अपने कार्यकाल के दौरान पद का उल्लंघन कर नाजायज लाभ लेने व देने का आरोप लगाया है। ब्लाक प्रमुख पर पद का संचालन स्वयं न करके अपने पति राजेश मिश्रा द्वारा ब्लाक प्रमुख के पद का संचालन करने का भी आरोप लगाया है, जो कि पंचायत राज एक्ट के नियमों के विपरीत है। साथ ही ब्लाक में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार, निर्माण आदि समितियों का विधि विरुद्ध ढंग से गठन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से कहा है कि हमने ब्लाक प्रमुख को कई बार आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन उनके कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस दौरान विजय कुमार गुप्ता, विपिन कुमार पांडे, राजेश आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते समय 53 लोग एफीडेविट के साथ मौजूद थे। वहीं नाम की सूची में 57 लोगों के हस्ताक्षर के साथ नाम शामिल थे। प्रस्ताव पेश करते समय चार लोग जो नहीं पहुंचे थे उनके बारे में बताया कि वह पहुंचने वाले हैं। लेकिन वह लोग नहीं पहुंचे। नहीं पहुंचने वाले लोगों में सहीबुन्निशा, संजय वर्मा, विजय कुमार और चंद्रकिशोर शामिल थे।

### लगाए कई आरोप

**69 में से 53 ने अविश्वास प्रस्ताव लाने को जिलाधिकारी को दिया नोटिस**

### छह दिन के अंदर भाजपा के दो ब्लॉक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही जिले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इससे सिद्धार्थनगर जिला भी अछूता नहीं है। कुछ ही दिन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लग जाएगी। इसको लेकर राजनीतिक माहौल दिन प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है। राजनैतिक गतिविधि बढ़ने का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि छह दिन के भीतर भाजपा के दो ब्लॉक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। वहीं तीन माह के भीतर तीन ब्लॉक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ चुका है। बताते चलें कि जिले में 14 ब्लाक हैं। इसमें से 10 ब्लाक प्रमुख पद पर भाजपा का कब्जा है। पिछले शुक्रवार छह दिन पहले जोगिया ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाते हुए 66 में से 49 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। वहीं जनवरी में उसका ब्लॉक ब्लाक प्रमुख ललावती चौहान के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## एक नजर

### डॉ. उदय प्रताप ने किया मेले का उद्घाटन

**संतकबीरनगर।** आज महाशिवरात्रि पर्व पर तामेश्वरनाथ मंदिर परिसर में लगने वाले मेले का उद्घाटन लोकप्रिय समाजसेवी डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने किया। बृहस्पतिवार की शाम मंदिर पहुंचे डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने विद्वानों के वैदिक मंत्रों के बीच भगवान शिव का पूजन किया। बाद में पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र नाथ भारती के नेतृत्व में मौजूद गोस्वामी वंशजों के साथ यहां लगभग एक माह तक चलने वाले विशाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, नरेंद्र नाथ भारती, पिंटू भारती समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### 80 करोड़ की विकास योजनाओं का प्रस्ताव पास

**धनघटा, संतकबीरनगर।** हैसर ब्लॉक सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख कालिंदी चौहान ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक 2023-24 के वितीय वर्ष में 179 प्रधानमंत्री आवास गरीबों में बांटा गया है। इसी तरह आजीविका मिशन के तहत 12 महिला समूहों का गठन किया गया है। बैठक में पेयजल योजना निशुल्क बोरिंग, मनरेगा योजना के अलावा राज्य वित्त, स्वच्छता कार्यक्रम, शौचालय, वृक्षारोपण के अलावा अन्य योजनाओं पर विचार किया गया। जिसमें 80 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी गई। बीडीओ आर पी पांडेय, सर्वेश, हीरा बाबु, एडीओ पंचायत गजानन पाल, हरिराम यादव, महेंद्र चौहान, राम ललित समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### दु:ख हरण नाथ मंदिर का कराया जा रहा जीर्णोद्धार

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** उतरौला नगर के दु:ख हरण नाथ मंदिर उतरौला के सामने बने पोखरें के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से एक करोड़ बत्तीस लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। दु:ख हरण नाथ मंदिर व पोखरे को पर्यटन क्षेत्र के लिए चयनित किया गया है। इसकी जानकारी विधायक राम प्रताप वर्मा ने देते हुए बताया कि सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर व पोखरे की महत्ता को देखते हुए इसके लिए विधायक निधि से धन आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला को आवंटित किया गया है। नपाप उतरौला ने इसका निविदा कराकर जीर्णोद्धार शुरू करा दिया है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला सविता गुप्ता ने बताया कि जीर्णोद्धार विधायक निधि से कराया जा रहा है।

### साइबर ठगी के प्रति सचेत रहें ग्राहक : राजेश

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को मुख्य शाखा खलीलाबाद, कलेक्ट्रेट शाखा, मेंहदावल, धनघटा और सेमरियावां में ग्राहकों को जागरूक करते हुए सचिव/सामान्य प्रबंधक राजेश प्रकाश मिश्र ने ग्राहकों को साइबर ठगी के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक लिमिटेड अपने सभी ग्राहकों को नेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड समेत अन्य बैंकों में मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। बैंक कभी अपने ग्राहकों को फोन करके ओटीपी नहीं मांगता।

### बच्चों में गुड टच व बैड टच का ज्ञान होना जरूरी

**बलरामपुर।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम नर्सरी अध्यापिका पूनम चौहान, एलकेजी अध्यापिका नीलम श्रीवास्तव व यूकेजी अध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव की देख रेख में किया गया। गुड टच व बैड टच पर नर्सरी अध्यापिका पूनम चौहान ने बच्चों को जागरूक किया।

# परंपरागत तरीके से त्योहार मनाएं लोग : जिलाधिकारी

## संवेदनशील गांव मुशहरा में अधिकारियों ने किया बैठक

**सक्रियता**

▸▸ त्योहारों की गरिमा कलंकित करने वालों के खिलाफ होगी कठोरतम कार्रवाई : एसपी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि और होली महापर्व को परम्परागत, शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को संकल्पित जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को अति संवेदनशील गांव मुसहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय पर क्षेत्रवासियों और ग्रामीणों के साथ शान्ति-व्यवस्था को लेकर बैठक किया।

बैठक में डीएम ने ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों से आगामी महाशिवरात्रि और होली के त्यौहार को परंपरागत, शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न की जाय। त्योहारों को आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाय।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा और शांति व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उप जिलाधिकारी मेहदावल अरुंण वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेहदावल राघवेंद्र सिंह राठौर, तहसीलदार मेहदावल आनंद कुमार ओझा, प्रभारी निरीक्षक धर्मसिंहवा, ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा, पीआरओ जितेंद्र कुमार सहित तमाम ग्रामीण और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

**होली और बकरीद पर रहती है अतिरिक्त सतर्कता**

धर्मसिंहवा थानाक्षेत्र का मुसहरा गांव हर वर्ष होली और बकरीद के मौके पर पुलिस की छावनी में तब्दील हो जाता है। बताते चलें कि इस गांव में लगभग डेढ़ दशक पूर्व बकरीद पर्व पर कुर्बानी को लेकर दोनों समुदायों में विवाद हो गया था। हिंदू पक्ष ने यह कहकर कुर्बानी का विरोध किया कि इस गांव में कभी कुर्बानी नहीं हुई है तो नई परम्परा कायम नहीं होने देंगे। वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम पक्ष कुर्बानी करने पर अड़ा था। विवाद को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने वहां पहुंच कर विवाद को हवा देने का प्रयास किया था। लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संगठन हिंदू युवा वाहिनी के तगड़े विरोध के चलते प्रशासन बैकफुट पर आ गया था और गांव के सभी भेंड़ बकरों को अपने कब्जे में लेकर कुर्बानी नहीं होने दिया था। इसके बाद जब होली का त्योहार आया तो मुस्लिम समाज के लोगों ने होलिका स्थापित करने का विरोध कर दिया। तभी से इस गांव में बकरीद और होली के त्योहार पर भारी तनाव पैदा हो जाता है और पूरा गांव पुलिस के पहरे में त्यौहार मनाता है।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



▸▸ यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा का लिया जायजा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा को शान्ति पूर्ण, शुचिता पूर्ण, नकलविहीनऔरपारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए बृहस्पतिवार को कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद का परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्र व्यवस्थापक और प्रधानाचार्या सहित परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों, कक्षों तथा प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं के डबल लॉक के बारे में प्रधानाचार्या को निर्देश दिया कि परीक्षा को हर हाल में शुचिता पूर्णतरीके से संपन्न कराना है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में संवेदनशीलता के साथ भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने का निर्देश दिया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद की प्रधानाचार्या सबीहा मुमताज ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान सामाजिक विज्ञान की परीक्षा चल रही थी।

## सार-संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी के बलरामपुर आगमन पर हुआ स्वागत



भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत करते पालिका अध्यक्ष, विधायक व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** 58 लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती चुनाव 2024 हेतु भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने पर साकेत मिश्रा का जनपद बलरामपुर में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांड, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, सदर विधायक पल्टू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, ब्लाक प्रमुख गैण्डास बुजुर्ग राकेश तिवारी, ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी व पार्टी पदाधिकारी व लाखों कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी प्रमोद चौधरी व रवीन्द्र गुप्ता के अगुवाई में बड़ी संख्या में प्रत्याशी साकेत मिश्रा का स्वागत किया।

### लोग पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में चुनावों में प्रतिभागिता और राजनीतिक भ्रष्टाचार व सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठा कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही लोग पार्टी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन निर्वाचन 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें उत्तर प्रदेश की सात, दिल्ली और गुजरात की दो-दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी ने उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट से हरीराज सिंह, बस्ती से पंकज दूबे, बांदा से बाबू लाल यादव, अंबेडकर नगर से फतेह बहादुर सिंह, धौरहरा-खीरी से नरसिंह, फैजाबाद (अयोध्या) से राधिका प्रसाद पांडेय, संभल से पवन कठेरिया को प्रत्याशी बनाया है। नई दिल्ली लोकसभा सीट से लुकमान खान, दक्षिण दिल्ली से रजा कादिर को टिकट दिया है। जबकि गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर अब्दुल हमीद और जूनागढ़ से अल्पेश त्रमवाडिया को प्रत्याशी बनाया है। यह जानकारी लोग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यसमिति एसएन सिंह ने दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शंकर पांडेय के अनुमोदन पर तीन राज्यों के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की गई। जल्द ही अन्य प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी।

### फैसल महाविद्यालय के 27 छात्रों को मिला टैबलेट

**बलरामपुर।** तुलसीपुर के फैसल डिग्री कॉलेज में संस्थापक दिवस पर मेधावी सम्मान समारोह व टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएड व स्नातक के मेधावी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी व विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक नाजमीन खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कमलेश चंद श्रीवास्तव ने किया।

### टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर छात्रों के खिले चेहरे

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के तहत वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण स्नातक व परास्नातक छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण किया गया। वितरण समारोह की शरुआत सदर विधायक पल्टू राम, प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय व मुख्य नियंता प्रो पीके सिंह ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

# किसानों के नलकूपों को मिलेगी नि:शुल्क बिजली

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को किसानों को बड़ी सौगात देते हुए निजी नलकूप उपभोक्ता कृषकों को मुफ्त बिजली दिए जाने के संबंध में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से किया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक गणेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव सहित उपस्थित किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। इस योजना के तहत प्रदेश के किसानों को 1 अप्रैल 2023 से सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शत् प्रतिशत छूट देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने कर दिया है।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 150 जोड़े

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बृहस्पतिवार को खलीलाबाद व मेहदावल तहसील के 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज से संपन्न हुआ।

खलीलाबाद स्थित जूनियर हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खंड सेमरियावां, बघौली, खलीलाबाद के साथ ही नगरपालिक खलीलाबाद और नगर पंचायत मगहर क्षेत्र के कुल 96 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। जिसमें 3 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। इसी प्रकार मेंहदावल स्थित जनता वैदिक महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मेहदावल, सांथा, बेलहर, नगर बेलहर और नगर पंचायत मेंहदावल क्षेत्र के कुल 54 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाज से सकुशल संपन्न हुआ जिसमें 6 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। इस अवसर पर मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता सहित तमाम अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को अशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना किया। विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जरुरतमंदों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा किमुख्यमंत्रीसामूहिकविवाहयोजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे गरीब परिवारों के लड़के-लड़कियों की शादी करवाना है।

### जागरूकता रैली में मतदान के लिए किया प्रेरित

**बलरामपुर।** शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र की पहचान, भय मुक्त हो मतदान, चाहे कितनी भी हो मजबूरी, वोट डालना जरूरी है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, के नारे के साथ लोगों को लोकसभा चुनाव मे मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यालय पर समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के अगुवाई में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह व अभ्युदयाई कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की।

# प्रतिभा को निखारता है नेहरु युवा केंद्र : सांसद

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सांसद प्रवीण कुमार निषाद ने बृहस्पतिवार को नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण र किया।

मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण कुमार निषाद ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केन्द्र द्वारा लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के युवाओं के कौशल को निखारने के लिए युवाओं को ऐसे विषयों पर युवा संसद के माध्यम से निखारने का प्रयास नेहरू युवा केन्द्र द्वारा किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी सीमा पाण्डेय ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विकास खण्डों से 700 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया है।



पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद प्रवीण निषाद अमृत विचार

# रक्षामंत्री से मिले विधायक



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते भाजपा विधायक गणेश चौहान। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा क्षेत्र से भाजपा विधायक गणेश चौहान ने दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान उन्होंने रक्षामंत्री के एक बार फिर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रत्याशी घोषित होने को लेकर बधाई देते हुए प्रचण्ड विजय की कामना किया। विधायक ने रक्षामंत्री से जनपद संतकबीरनगर में विकास की अपार सम्भावनाओं को लेकर गहन मंत्रणा किया।

# भूमिहार ब्राह्मण एकता सम्मेलन में जुटेंगे हजारों लोग

▸▸ कृष्णा पैलेस खलीलाबाद में कल होगा महासम्मेलन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के बैनर तले आगामी 9 मार्च को खलीलाबाद स्थित कृष्णा पैलेस में विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शत्रुजीत राय ने बताया कि 9 मार्च को दिन में 11 बजे से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में किसी भी राजनैतिक व्यक्ति को आमंत्रण नहीं दिया गया है। आयोजन विशुद्ध रूप से गैर राजनैतिक है। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से अबतक किसी भी सरकार ने भूमिहारों और ब्राह्मणों के उत्थान का कोई प्रयास नहीं किया। समाज के तमाम लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी, पं. धनुषधारी पाण्डेय ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के सैकड़ों बेरोजगार नौजवानों को सरकारी नौकरी दिलाई।

## वर्ग पहेली-3

**बाएं से दाएं**

2.1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8.1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10.1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

**ऊपर से नीचे**

1.1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7.1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



**वर्ग पहेली - 2 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | लि | क | | 2 उ | जा | ड़ |
| ठि | | | | ता | | |
| या | | 3 नि | | 4 व | रू | थ |
| | 5 दी | पा | व | ली | | |
| 6 आ | न | न | | | | 7 स |
| | दा | | | | 8 बै | ट |
| 9 सु | र | ब | हा | र | | ना |

## सुडोकू-82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

**सुडोकू - 81 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

**वृष:** आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

**मिथुन:** आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

**कर्क:** आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

**कन्या:** आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**धनु:** आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

**मकर:** आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

**कुंभ:** आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन:** आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

## आज की फिल्में

गुलाब गैंग
सुबह : 12.00

एक और एक ग्यारह
शाम : 06.00

मैडम गीता रानी
सुबह : 11.20

हिचकी
शाम : 06.59

वेनम
सुबह : 12.29

डोंट ब्रेथ
रात : 07.37

रश्मी रॉकेट (2021)
सुबह : 10.30

सीक्रेट सुपरस्टार
रात : 07.00

कल हो न हो
सुबह : 09.29

जब बी मेट
शाम : 06.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...

लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?

गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...

टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?

संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

# शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

## संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या • राजेंद्र कुमार पांडेय

**अमृत विचार :** प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।



वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।



### केजी श्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी श्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

## सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर



**अमृत विचार :** तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिालफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की। लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

### 2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

## रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या • विवेक सक्सेना

**अमृत विचार:** गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।



## चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर • अभिषेक वर्मा

**अमृत विचार:** 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।



### पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

## वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं • प्रदीप सक्सेना

**अमृत विचार:** महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं। धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।



### महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

पीर पर्वत सी | नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

## पुष्पा ने दिव्यांगता का दंश झेला, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

बरेली • अंकित चौहान

**अमृत विचार :** घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसा ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की।

श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने से पता लग जाते हैं, पुष्पा के पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10 वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।



### गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8 वीं कक्षा में हैं।

### हमें अपने दिमाग से ही दुनिया को जितना है

पुष्प का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

### उपेक्षा से भी नहीं मानी हार

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10 वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92, 2012 में बीए में 65, एमए में 62 और एमसीए में 97 फीसदी अंक अर्जित कर हमेशा अव्वल रहीं।

## हम रोज महिला दिवस मनाते हैं: सुमन

लखनऊ • शबाहत हुसैन विजेता

पॉवर विंग फाउंडेशन चलाने वाली सुमन रावत चौबीसों घंटे पीड़ितों की मदद के लिए तैयार रहती हैं। समाज एक दिन महिला दिवस मनाता है वह हर वक्त इसे सेलीब्रेट करती रहती हैं। जो पीड़ित है उसे इंसाफ दिलाने को जूझती हैं और जो महिला विपरीत परिस्थितियों से जूझती नजर आती है उसकी पीठ ठोंकती हैं। उसका सहारा बनने की कोशिश करती हैं।

सुमन कहती हैं कि पीड़ित लड़कियों के लिए शीरोज हैंगआउट कैफे जैसी कोशिशों की जरूरत है। इस कैफे में तेजाब पीड़िताओं ने यह साबित किया कि शरीर का कोई अंग खराब हो जाने से जिन्दगी खत्म नहीं हो जाती है। कोई आंख फोड़ दे या चेहरा बिगाड़ दे लेकिन हौंसला बरकरार रहे तो कुछ भी खत्म नहीं होता है। इस कैफे में काम करने वाली लड़कियों ने इस बात को साबित भी किया है।

वह बताती हैं जिन दिनों कोविड का दौर था और सारे काम बंद हो गए थे तब मदद करने वालों के पास एक पल की भी फुर्सत नहीं थी। उन दिनों अस्पतालों से लेकर श्मशान तक काम किया। जिनके रिश्तेदार शव लेने नहीं आये वह जिस धर्म के थे उस रीति से उनका अंतिम संस्कार करवाया।



### महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

सुमन रावत ऐसी महिलाओं और लड़कियों के लिए संघर्ष करती हैं जो काम के अभाव में पेट भरने की सम्मानजनक व्यवस्था नहीं कर सकतीं। वह बताती हैं कि लखनऊ के मुंशी पुलिया इलाके में उन्होंने 50-60 लड़कियों को जूट के बैग सिलना सिखाए। जिन लोगों को जूट के बैग बनाना नहीं पसंद आया उन्हें अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया। अब बड़ी संख्या में महिलायें अचार, मुरब्बा और पापड़ बनाना सिखाया। इस व्यवसाय ने महिलाओं के घरों को चलाना आसान कर दिया।

वह बताती हैं कि यमुना एक्सप्रेस वे पर पैदल आ रहे लोगों को भोजन बांटने का काम अधिकारियों के साथ कर रही थीं। हरियाणा से साइकिल पर अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर श्रावस्ती जा रहा युवक पहुंचा तो उसके बच्चों को दूध दिया। पति-पत्नी को खाने को दिया। उनसे रास्ते के लिए कुछ रख लेने का अनुरोध किया लेकिन वह महिला साइकिल से नहीं उतरी। जब बहुत प्रेशर दिया तो वह अनमने भाव से साइकिल से उतरी तो पता चला कि उसके पास कोई दूसरा कपड़ा नहीं था और माहवारी से उसके कपड़े खराब हो गए थे। उसकी हालत देखकर आंखें छलछला आईं। अपनी गाड़ी से निकालकर उसे तौलिया दिया। सर को जिस स्टोल से ढंका था वह उसे दे दिया। वह महिला तो चली गई लेकिन वह आंखों में ही घूमती रही। इसके बाद फूड पैकेट के साथ-साथ सैनेटरी नैपकिन बांटने का काम शुरू किया। 25 हजार से ज्यादा सैनेटरी नैपकिन बांटे। वह बताती हैं कि उनके साथ 35 वकीलों का पैनल है जो पीड़ित महिलाओं का मुफ्त में केस लड़ता है। इस तरह से हम रोजाना महिला दिवस मनाते हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

## अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

### नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

### आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

## सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000–50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,200 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

## अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता 'डाटाबेस' जारी करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 'सहकार से समृद्धि' को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है।

## मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर




2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।



### एक नजर

#### बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

**नई दिल्ली।** लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

#### सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

# पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

### संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

### भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।




**पुरी :** रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। • एजेंसी

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच पूरी करने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

## हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसानों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।



वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

## अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

## अभिजीत गंगोपाध्याय इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

### अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

### 82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

## कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और वह टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

## आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

### मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## खेल डायरी

### स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर हुए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में मैच खेलेगा। अफगानिस्तान के घरेलू मैच देश से बाहर कराए जा रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अली पिछले साल टखने की चोट से खेल से बाहर रहे, जिससे वह इस साल जनवरी में एशियाई कप में नहीं खेल सके। पिछले महीने भी उन्हें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान चोट लग गयी थी जो इतनी गंभीर नहीं थी। जैकसन की पिछले साल नवंबर में बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी आईएसएल टीम के लिए वापसी की हैं। विंगर आशिक कुरूनियन की अभी चोट ठीक नहीं हुई है जो उन्हें सितंबर में लगी थी इसलिये उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया।

### गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

### नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

### युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन



**नई दिल्ली।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

## कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

### यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी





बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 218/10 (57.4 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 79 | 108 | 11/1 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 27 | 58 | 4/0 |
| ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप | 11 | 24 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 26 | 56 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप | 29 | 18 | 2/2 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 24 | 42 | 3/0 |
| टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन | 06 | 09 | 1/0 |
| मार्क वुड का रोहित बो अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 11 | 22 | 2/0 |
| एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, विकेट पतन: 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, गेंदबाजी: बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

| भारत (पहली पारी) | 135/1 (30 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 52 | 83 | 6/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 26 | 39 | 2/2 |

अतिरिक्त: 0, विकेट पतन: 1-104, गेंदबाजी: एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

### तोक्यो के कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में तब्दील करना है लक्ष्य : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक को पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने का है। रिकॉर्ड 8 बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो में कांस्य पदक के प्लेऑफ में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को समाप्त किया था। भारत ने पिछला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1980 में मास्को में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि तोक्यो में कांस्य जीतना यादगार पल रहा और हम उसी लय को पेरिस तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरू में हमारा ध्यान एक समय में एक कदम उठाने का होगा, ग्रुप चरण से अगले दौर में पहुंचने और क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा।

## राजेश्वरी को दिल्ली में यूपी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



यूपी वारियर्स की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है जो डब्ल्यूपीएल में 5 में 3 मैच हार चुकी है। राजेश्वरी को उम्मीद है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ अरुण जेटली स्टेडियम का विकेट बेहतर होगा जिससे उनकी टीम को मदद मिल सकती है। राजेश्वरी ने कहा कि दिल्ली का विकेट धीमा था और बेंगलुरू में पहले दो मैचों में भी ऐसा ही लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा यहां का विकेट बेहतर होगा। हम वहां सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरेंगे और मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही हम दो मैच हार गए हैं लेकिन हमने अच्छी वापसी की है। यूपी की टीम इस समय चार अंक के साथ चौथे स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की इकाई संयुक्त राष्ट्र वुमेन ने हाल ही में यूपी वारियर्स को 'पीढ़ी समानता सहयोगी' के रूप में स्वीकार किया है। इस बीच राजेश्वरी की टीम के साथी और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेस हैरिस ने कहा कि डब्ल्यूपीएल में कोई प्रबल दावेदार टीम नहीं है। हैरिस ने दीवारों पर मनमोहक चित्रों से लैंगिक समानता का संदेश फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र वुमेन और यूपी वारियर्स के साथ जुड़ गईं। हैरिस ने देर रात तक खेलने के आदी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने प्रतिस्पर्धी प्रकृति के प्रति प्यार व्यक्त किया।

### दीप्ति के साथ खेलना बहुत अच्छा: एकलेस्टोन



नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज होने के बावजूद इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन साझेदारी में गेंदबाजी करने में विश्वास रखती हैं और मौजूदा महिला लीग में भारत की दीप्ति शर्मा के साथ अपनी जोड़ी का आनंद ले रही हैं। इस जोड़ी ने यूपी वारियर्स के लिए अच्छा काम किया है। एकलेस्टोन ने कहा कि दीप्ति के साथ खेलना वाकई बहुत अच्छा है... उसके साथ खेलने, विचारों को एक साथ रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद है कि हम अपनी टीम के लिए मैच जीतेंगे। यूपी की टीम ने लय हासिल करने के बाद दो मैच जीते हैं। उन्होंने शुक्रवार को होने वाले मैच के बारे में कहा कि हां, हमें ये आखिरी 3 मैच जीतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हमारे लिए जीतना काफी महत्वपूर्ण है, मैं दिल्ली से खेलने और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हूं।



# बॉलीवुड हलचल

## जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

### राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूवेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

## रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं।लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं।छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

## इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

### प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता । नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

### जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही



जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

## प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

# कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस




अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

### फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

### बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

### शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना



अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

## एक नजर

### मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।



### नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

**काठमांडू।** देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

### मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

### पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

**वारसों।** पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। यूक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

# सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी

## जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

### मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

## महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

# भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

### दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

## अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा



- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### रोमांच में जाम बना बाधा...



**मनाली :** बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। पर्यटक वाहनों की बढ़ी संख्या के आगे पर्यटन स्थल छोटा पड़ गया। ● एजेंसी

## मेक्सिको: विरोध कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का गेट तोड़ा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 2014 में 43 छात्रों के लापता होने का विरोध करने वाले एक समूह ने देश के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा खटखटाया। न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी लगभग एक दशक पहले लापता हुए 43 छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को प्रदर्शन के दौरान मेक्सिको के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय ये घटना हुई। उस समय राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल भवन अंदर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भवन के अंदर घुसने की कोशिश की।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

# ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय




ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरें कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।

### 5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

# कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

### कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।